वर्ष-07 - अंक 297
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
सोमवार, 03 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

गन्ने के खेत के पास बेहोश मिला युवक, हत्या के प्रयास ............ 3
कौशल विकास मिशन से मजबूत हो रहा उत्तर प्रदेश.............................. 4
शिवकुटी पुलिस और एसओजी ने सात वांछित अभियुक्त .................... 11

## इंडोनेशिया में यात्री नौका में लगी आग, 5 की मौत,41 लोग लापता

### 271 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों से भरी फेरी में हुआ हादसा, 225 लोगों को बचाया गया



**जकार्ता(एजेंसी)।** इंडोनेशिया में रविवार को एक बड़ा समुद्री हादसा सामने आया। मदुरा द्वीप के पास यात्रियों से भरी एक फेरी (नौका) में अचानक भीषण आग लग गई, जिसमें अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 41 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। घटना के बाद राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी (बासर्नास) की टीमें युद्धस्तर पर राहत और बचाव अभियान चला रही हैं। जानकारी के अनुसार, हादसे के समय नौका में कुल 271 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 225 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। वहीं, लापता यात्रियों की तलाश के लिए समुद्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, यह यात्री फेरी पूर्वी जावा प्रांत के सुराबाया शहर से दक्षिण सुलावेसी के मकासर शहर की ओर जा रही थी। यात्रा के दौरान मदुरा द्वीप के समीप समुद्री क्षेत्र में अचानक नौका में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंच गए और समुद्र में फंसे यात्रियों को निकालने का अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और तकनीकी विशेषज्ञ घटना के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि समुद्र में लापता लोगों की तलाश के लिए कई बचाव दलों को लगाया गया है। नौकाओं और अन्य संसाधनों की मदद से समुद्री क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि लापता लोगों का जल्द पता लगाया जा सकेगा। मदुरा द्वीप इंडोनेशिया के जावा द्वीप के उत्तर-पूर्वी तट के पास स्थित है और यह क्षेत्र समुद्री परिवहन के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इंडोनेशिया में समुद्री यात्राओं के दौरान इस तरह के हादसे पहले भी सामने आते रहे हैं, जिनमें सुरक्षा व्यवस्था और नौकाओं के रखरखाव को लेकर सवाल उठते रहे हैं। फिलहाल प्रशासन की प्राथमिकता लापता यात्रियों को सुरक्षित तलाशना और हादसे के कारणों की जांच करना है। मृतकों की पहचान और प्रभावित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# आज से यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र

## राम मंदिर चढ़ावा, छात्र आंदोलन और भर्ती समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष



**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का चार दिवसीय मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच विभिन्न जनहित एवं राजनीतिक मुद्दों पर तीखी बहस होने के आसार हैं। विपक्ष जहां राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी, छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई, शिक्षक भर्ती, पेपर लीक और एक्सप्रेस-वे निर्माण में अनियमितताओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सत्तापक्ष भी विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए रणनीति तैयार कर चुका है। सत्र की पूर्व संध्या पर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण, गरिमापूर्ण और सुचारू रूप से संचालित करने पर सहमति जताई। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से लोकतांत्रिक परंपराओं और सदन की मर्यादा का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि विधानसभा लोकतांत्रिक विमर्श का सर्वोच्च मंच है, जहां प्रत्येक सदस्य को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस सत्र की एक विशेष उपलब्धि यह होगी कि पहली बार विधानसभा में 'वंदे मातरम्' का पूर्ण गायन किया जाएगा। उन्होंने सदस्यों से सदन में संयमित, मर्यादित और शालीन भाषा का प्रयोग करने का भी आग्रह किया। सोमवार को सत्र की शुरुआत समाजवादी पार्टी के आजमगढ़ जिले की निजामाबाद विधानसभा सीट से विधायक आलम बदी के निधन पर शोक प्रस्ताव के साथ होगी। सदन दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी जाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आयोजित होगी, जिसमें राज्य सरकार के अनुपूरक बजट को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद वित्त मंत्री विधानसभा में अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेंगे। बुधवार और बृहस्पतिवार को अनुपूरक बजट पर चर्चा के साथ विभिन्न विधायी कार्य संपन्न कराए जाएंगे, जिसके बाद सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने की संभावना है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन का सुचारू संचालन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी दल लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करेंगे। सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना', अपना दल (सोनेलाल) के राम निवास वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के राजपाल सिंह बालियान, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के रमेश सिंह तथा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' सहित विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी अभूतपूर्व स्तर पर की गई है। विधानभवन से पांच किलोमीटर के दायरे को हाई अलर्ट जोन घोषित किया गया है। सोमवार सुबह से पूरे क्षेत्र में पुलिस, पीएसी और अर्धसैनिक बलों की तैनाती रहेगी। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के तहत विधानभवन क्षेत्र में पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन, जुलूस निकालने तथा सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा राजभवन, मुख्यमंत्री आवास, विधानभवन और अन्य महत्वपूर्ण सरकारी परिसरों के आसपास नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। सुरक्षा एजेंसियां 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखेंगी। सत्र के दौरान विधानभवन के आसपास कई प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया जाएगा। वहीं विधानभवन परिसर में शस्त्र, गैस सिलेंडर, ज्वलनशील पदार्थ तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर पूर्ण रोक रहेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सीमित अवधि के इस मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर तीखी नोकझोंक देखने को मिल सकती है, जबकि सरकार अनुपूरक बजट और विधायी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पारित कराने की कोशिश करेगी।

## पाकिस्तान में शांति रैली के दौरान धमाका, 7 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले में रविवार को एक शांति रैली के दौरान हुए भीषण विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। कबाल कस्बे में आयोजित स्वात अमन जिरगा की शांति रैली में हुए धमाके में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, स्वात जिले के कबाल इलाके में बड़ी संख्या में लोग शांति और सुरक्षा की मांग को लेकर रैली में शामिल हुए थे। यह प्रदर्शन क्षेत्र में बढ़ती हिंसा और खराब होते सुरक्षा हालात के विरोध में आयोजित किया गया था। रैली में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लेकर क्षेत्र में स्थायी शांति बहाली की मांग कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रैली के दौरान अचानक तेज धमाका हुआ, जिसके बाद मौके पर भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस, राहत एवं बचाव दल और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। स्वात पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में विस्फोट में सात लोगों के मारे जाने और 18 लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि धमाके की प्रकृति की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में इसके आत्मघाती हमला होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मशरूम उत्पादन में यूपी देश में नंबर-1

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने बागवानी क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मशरूम उत्पादन में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने वर्ष 2024-25 में 51 हजार मीट्रिक टन मशरूम उत्पादन कर राष्ट्रीय स्तर पर नया रिकॉर्ड बनाया है। देश के कुल 4.27 लाख मीट्रिक टन मशरूम उत्पादन में उत्तर प्रदेश की करीब 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और सरकार की किसान हितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए वैल्यू एडेड फसलों को लगातार बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन कम भूमि, कम लागत और कम समय में तैयार होने वाली लाभकारी खेती है। इसकी फसल मात्र तीन से चार सप्ताह में तैयार हो जाती है, जिससे किसान कम संसाधनों में बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं।

### नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति: योगेंद्र उपाध्याय

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का रविवार को उत्तर प्रदेश के सभी राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण शिक्षण संस्थानों में किया गया, जिसे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने देखा। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और माय भारत के सहयोग से प्रदेशभर में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशामुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करते हुए नशामुक्त भारत की शपथ ली। छात्रों ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ ही अपने परिवार और समाज के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

## ओमान में फंसी झारखंड की बेटी की हुई वतन वापसी

### सीएम के निर्देश पर रेस्यू मिशन सफल



**रांची(एजेंसी)।** ओमान में फंसी झारखंड की प्रवासी श्रमिक प्रीति कुजूर की सुरक्षित घर वापसी का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भारतीय दूतावास, मस्कट के सहयोग से रेस्क्यू अभियान पूरा कराया। प्रीति कुजूर 1 अगस्त 2026 को ओमान से भारत के लिए रवाना हो गई और 2 अगस्त को अपने घर झारखंड पहुंचेंगी। जानकारी के अनुसार, सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड के मरारोमा गंझूटोली निवासी प्रीति कुजूर के ओमान में फंसे होने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष ने प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स (पीओई), रांची और भारतीय दूतावास, मस्कट के साथ समन्वय स्थापित किया। भारतीय दूतावास ने प्रीति कुजूर से संपर्क कर उनकी सहायता प्रक्रिया शुरू की और सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक कदम उठाए। परिजनों के अनुसार, मार्च 2026 में एक एजेंट ने प्रीति को दुबई में 45 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन वाली नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। लेकिन उन्हें धोखे से ओमान भेज दिया गया। वहां पहुंचने के बाद उन्हें तय वेतन से कम राशि पर काम कराया गया। परिवार का आरोप है कि जब प्रीति ने भारत लौटने की इच्छा जताई तो कंपनी की ओर से भारी रकम की मांग की गई। परिजनों ने करीब 1.92 लाख रुपये तक देने के बाद भी उनकी वापसी नहीं हो सकी। इसके बाद प्रीति के भाई रंतु कुजूर ने 19 जून 2026 को राज्य सरकार से बहन की सुरक्षित वापसी के लिए मदद की गुहार लगाई थी। बताया गया कि कंपनी मालिक ने अनुबंध अवधि पूरी होने से पहले प्रीति को वापस भेजने के लिए 950 ओमानी रियाल की मांग की थी। राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष और भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद यह राशि घटाकर 600 ओमानी रियाल कर दी गई। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद कंपनी ने प्रीति कुजूर का पासपोर्ट और अन्य जरूरी दस्तावेज वापस कर दिए, जिसके बाद उनकी सुरक्षित भारत वापसी संभव हो सकी। राज्य सरकार ने कहा कि देश और विदेश में काम करने वाले झारखंड के श्रमिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## तस्लीमा नसरीन का दावा- बांग्लादेश में अब भी हिंदुओं पर अत्याचार जारी



**कोलकाता(एजेंसी)।** निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शिक्षा व्यवस्था को लेकर कई टिप्पणियां कीं। उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर पहले भी अत्याचार होते रहे हैं और वर्तमान समय में भी यह स्थिति बनी हुई है। कार्यक्रम में तस्लीमा नसरीन ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ होने वाला उत्पीड़न कोई नई बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में भी हिंदू समुदाय से जुड़े लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा को समाज के विकास और बदलाव का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बताया। तस्लीमा नसरीन ने कहा, 'बांग्लादेश में हिंदुओं पर पहले भी अत्याचार हुए हैं और आज भी हो रहे हैं। यूनुस के समय में भी हिंदू उत्पीड़न जारी है। सबसे जरूरी चीज शिक्षा है।' कार्यक्रम के दौरान तस्लीमा नसरीन ने अपनी कोलकाता वापसी को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सरकारों के दौरान उनके प्रति अलग-अलग रुख अपनाया गया। उन्होंने कहा कि एक सरकार ने उन्हें भारत से बाहर किया, जबकि दूसरी सरकार ने आने की अनुमति नहीं दी और अब तीसरी सरकार ने उन्हें कोलकाता आने का अवसर दिया है।

## मानसून सत्र का तीसरा सप्ताह आज से शुरू

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र के तीसरे सप्ताह की शुरुआत सोमवार से हो रही है। सरकार इस सप्ताह अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने की तैयारी में है। लोकसभा की कार्यसूची के अनुसार, सरकार दो महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने के साथ ही एक अन्य विधेयक को पारित कराने का प्रयास करेगी। लोकसभा में सोमवार को भारतीय सांख्यिकी संस्थान विधेयक, 2026 और बैंककार बही साक्ष्य विधेयक, 2026 पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध हैं। इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अतिरिक्त अनुदान मांगों से संबंधित बयान भी सदन में देंगी। सूत्रों के अनुसार, सरकार आने वाले दिनों में लोकसभा में विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम संशोधन विधेयक भी पेश कर सकती है। इसके जरिए विदेशी अंशदान से जुड़े नियमों में बदलाव किए जाने की संभावना है। सरकार का प्रयास है कि मानसून सत्र के दौरान लंबित विधायी कार्यों को पूरा किया जाए और महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन की मंजूरी दिलाई जाए। सरकार की सूची में जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 को पारित कराने का प्रयास भी शामिल है। हालांकि, संसद के मानसून सत्र में विपक्ष की ओर से विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामे के आसार बने हुए हैं।

## नीट पीड़ितों से मिले राहुल, बोले- ईमानदार छात्रों के साथ हुआ अन्याय



**ममल्लापुरम (तमिलनाडु)(एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को तमिलनाडु में नीट परीक्षा विवाद से प्रभावित उन परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने पेपर लीक और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े विवादों के बाद अपने बच्चों को खो दिया। इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट अभ्यर्थियों को किसी माफी की जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें न्याय, पारदर्शी व्यवस्था और सरकार से जवाब चाहिए। राहुल गांधी ने ममल्लापुरम में नीट पीड़ित छात्रों के परिजनों से मुलाकात की और उनके दुख को सुना। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु यात्रा के दौरान उन्होंने गोपिका, रोशिनी और वेत्री आनंदन के परिवारों से मुलाकात की। इन छात्रों ने नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुए मानसिक तनाव के बीच अपनी जान गंवा दी थी। राहुल गांधी ने कहा कि इन परिवारों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब उनके बच्चे पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ अपने भविष्य के लिए तैयारी कर रहे थे, तो उन्हें एक कथित रूप से भ्रष्ट और विफल व्यवस्था की कीमत क्यों चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हर छात्र की कहानी के पीछे एक सपना और एक परिवार की उम्मीद जुड़ी होती है, लेकिन परीक्षा व्यवस्था की खामियों ने कई परिवारों को जीवनभर का दर्द दे दिया। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित 'माफ करने' वाले बयान का जिक्र करते हुए कहा कि छात्रों को माफी की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया है, उनके सामने सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सच्चाई रखे, दोषियों पर कार्रवाई करे और पीड़ितों को न्याय दिलाए। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों और उनके परिवारों से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि पेपर लीक जैसी घटनाओं ने लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य और भरोसे को प्रभावित किया है। राहुल गांधी ने कहा कि पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी और दोबारा परीक्षा आयोजित करनी पड़ी। इस पूरी प्रक्रिया ने लाखों छात्रों पर भारी मानसिक दबाव डाला।


## सत्ता परिवर्तन से ही होगा समाधान : अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश के लिए संकट बन चुकी है और सत्ता परिवर्तन के बाद ही प्रदेश की समस्याओं का समाधान संभव होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों, युवाओं और बेटियों के साथ अन्याय किया है तथा आंदोलनों को दबाने के लिए पुलिस के माध्यम से बर्बर कार्रवाई कराई है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके मंत्रियों ने आंदोलनकारी छात्रों के साथ समझौता कर यह आश्वासन दिया था कि उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा और न ही उनका उत्पीड़न होगा। लेकिन अब छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे सरकार की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में यदि सरकार अपने वादों पर कायम नहीं रहती तो जनता का विश्वास कमजोर होता है। फतेहपुर की घटना का उल्लेख करते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि वहां विद्यालय के बच्चों ने केवल पीने के पानी और कक्षाओं में पंखे लगाने जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग की थी। जब उनकी मांग स्वीकार कर ली गई, तब बच्चों और उनके परिवारों को परेशान करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने घोषणा की कि समाजवादी पार्टी के विधायक प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों से मिलकर हर संभव सहायता प्रदान करेंगे तथा किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का दावा करने वाली सरकार को पहले सरकारी विद्यालयों में बिजली, पानी, पंखे और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। उनका कहना था कि विकास के बड़े दावों के बीच शिक्षा व्यवस्था की आधारभूत जरूरतें अब भी पूरी नहीं हो सकी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य में भ्रष्टाचार और भूमाफियाओं के बढ़ते प्रभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले के कई महत्वपूर्ण सरकारी तालाबों और सार्वजनिक भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमाफियाओं को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश में बने विभिन्न एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि इनके निर्माण में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना था कि कई परियोजनाओं में निर्माण गुणवत्ता को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आईं और कुछ स्थानों पर सड़कें उद्घाटन के कुछ समय बाद ही क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने इसे सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता की कमी का उदाहरण बताया। अखिलेश यादव ने अयोध्या से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए भी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े विषयों में भी पारदर्शिता बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है।

## पप्पू यादव की प्रेस वार्ता में हंगामा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक व्यक्ति पर चाकू लेकर हमला करने की कोशिश करने का आरोप लगा। घटना के बाद सांसद के समर्थकों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। घटना के बाद सांसद पप्पू यादव ने दावा किया कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि प्रेस वार्ता के दौरान एक व्यक्ति उनके आवास में घुस आया और चाकू से हमला करने का प्रयास किया। हालांकि, सतर्क समर्थकों ने समय रहते उसे पकड़ लिया, जिससे बड़ी घटना टल गई। पप्पू यादव ने कहा कि उन्हें पिछले कुछ समय से लगातार धमकियां मिल रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही थी और उनके खिलाफ भड़काऊ बयान भी दिए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जानकारी पहले भी पुलिस को दी गई थी और कई प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी हैं। सांसद ने कहा कि वह इस तरह की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहता है तो कानून अपना काम करेगा, लेकिन वह जनता के मुद्दों को उठाना और लोगों की सेवा करना नहीं छोड़ेंगे। घटना के दौरान मौजूद सांसद के समर्थकों ने बताया कि जैसे ही संदिग्ध व्यक्ति ने कथित रूप से चाकू निकालने की कोशिश की, उन्होंने तत्काल उसे पकड़ लिया।

# संक्षिप्त खबरें

## तीन साल से एक ही स्थान पर बीडीओ की तैनाती चर्चा में



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां एक तरफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल कस रही है, वहीं बस्ती जनपद में इसके उलट मामला सामने आया है। जनपद के साऊँघाट ब्लॉक में तैनात खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मनोज कुमार श्रीवास्तव पिछले करीब 3 वर्षों से एक ही जगह पर अंगद की तरह पैर जमाए हुए हैं। सूत्रों और स्थानीय दावों के अनुसार, बीडीओ साऊँघाट जिले में भ्रष्टाचार करने में माहिर माने जाते हैं और उनके कार्यकाल में कई वित्तीय अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं।हाल ही में ब्लॉक में एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा भी हुआ था। आरोप है कि 'विटामिन एम' के बल पर बीडीओ कई गंभीर मामलों में लीपापोती करने में कामयाब हो जाते हैं। शासन की मंशा और जनहित की नीतियों की धज्जियां उड़ा रहे ऐसे अधिकारी के खिलाफ अब तक कोई कड़ी कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है।स्थानीय जनता और सूत्रों का कहना है कि यदि इस भ्रष्ट अधिकारी के पूरे कार्यकाल और संपत्तियों की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच करा दी जाए, तो बीडीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव सीधे सलाखों के पीछे पहुंच सकते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर कब संज्ञान लेता है।

## जनगणना कर्मियों ने मानदेय भुगतान की उठाई मांग

**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया तहसील कर्मियों की कार्यविधि से सभी भलीभांति परिचित हैं। हरैया तहसील सहित लगभग सभी तहसीलों की कमोवेश यही स्थिति है जहाँ प्राइवेट मुंशियों का आतंक समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यक्रम में भी तहसील कर्मियों की लापरवाही खूब चर्चा का विषय बनी रही , मामला चाहे जनगणना कर्मियों के ड्युटी आवंटन से जुड़ा हो या फिर उनके मानदेय भुगतान का हर जगह छीछालेदर मचा हुआ है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनगणना 2027 का प्रथम चरण जून 2026 की जानलेवा गर्मी में आयोजित हुआ जिसमें जनपद के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक सहित तमाम कर्मचारी लगे थे । जनगणना के प्रथम चरण में लगे कर्मचारियों के देयकों का भुगतान अभी तक तहसील प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है जबकि भारत सरकार के गृहमंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा पत्र जारी कर जनगणना कर्मियों के देयकों के भुगतान की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गयी थी द्य जब गृह मंत्रालय का पत्र जनगणना कर्मियों को अंतिम तिथि बीतने के बाद भी देयकों का भुगतान नहीं करा पाया तो आम जनता हरैया तहसील प्रशासन से कैसे अपने काम की उम्मीद करे, जाँच व कार्यवाही का विषय बना हुआ है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पेडारी गांव के समीप रविवार शाम लगभग 4:00 बजे एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों ने एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के माध्यम से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इटवा पहुंचाया गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर त्रिलोकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

# दलित महिला की पिटाई, मुकदमा दर्ज नहीं

» पीड़ित दलित महिला ने कप्तानगंज पुलिस पर लगाया कार्यवाही न करने का लगाया आरोप, पीड़िता कल पुलिस अधीक्षक समेत अन्य उच्च अधिकारियों से करेंगी शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज ग्राम पंचायत करचौलिया की पीड़ित दलित महिला की पीड़ित मामले में पूरा दिन कप्तानगंज पुलिस ने थाने पर बैठाया था और पूरा दिन बीतने के बाद भी कप्तानगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। जिसको लेकर कप्तानगंज पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हो रहा है। आपको बता दें कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत करचौलिया में दलित महिला शकुन्तला देवी को गांव के कुछ मनबढ़ों/दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर दिनांक -01-08-2026 को सुबह लगभग 11 बजे दिन में एक जुट होकर मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारने लगे। पीड़ित दलित महिला को दबंग विपिन कुमार, भानु, प्रिंस व माधुरी ने जानलेवा हमला कर दिया था। पीड़िता के पति सन्तोष कुमार कैंसर पीड़ित है जिनका लखनऊ से इलाज चल रहा है। पीड़िता को अकेला पा कर मनबढ़ों व दबंगों ने बुरी तरह से मारा पीटा। पीड़िता ने किसी तरह से जान बचाकर 112 पुलिस को सूचना दी। पीड़ित दलित महिला की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया और दोनों पक्षों को कप्तानगंज थाने पर 112 पुलिस ने बुलाया था। पीड़ित दलित महिला कप्तानगंज थाने पर पहुंची थी लेकिन विरोधी पक्ष पूरा दिन थाने पर नही पहुंची थी। पूरा दिन बीतने के बाद भी पीड़िता का न तो कप्तानगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और न ही पीड़िता का



मेडिकल कराया गया। पीड़िता गरीब दलित महिला है। कप्तानगंज पुलिस के आगे पीड़ित महिला मुकदमा दर्ज करने के लिए विनती करती रही लेकिन कप्तानगंज पुलिस टस से मस नहीं हुई। शाम 06 बजे कप्तानगंज पुलिस ने पीड़िता से कहा कि घर जाओ कल जांच कर कार्यवाही होगी। पीड़िता ने मीडिया टीम को बताया कि कल मुख्यमंत्री समेत अन्य जिले के उच्च अधिकारियों से शिकायत करूंगी।

# अमानत में हड़पा ट्रैक्टर बरामद, वारंटी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** मुण्डेरवा थाना पुलिस ने अमानत में खयानत और धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हड़पा गया ट्रैक्टर और उसकी मूल आरसी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान थाना मुण्डेरवा में दर्ज मु.अ.सं. 86/2026 (धारा 316(2), 317(2) भारतीय न्याय संहिता) से संबंधित वांछित आरोपी प्रमोद चौधरी पुत्र मोतीलाल, निवासी पड़ियापार, थाना मुण्डेरवा को मुखबिर की सूचना पर ग्राम शिवपुर बढ़ौनी से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, वादी ने आरोप लगाया था कि आरोपी खेत जोतने के बहाने उसका ट्रैक्टर लेकर गया था, लेकिन बाद में उसे वापस नहीं किया और धोखाधड़ी कर अपने कब्जे में रख लिया। मामले में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान न्यायालय से



आरोपी के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्वराज 733 एफई ट्रैक्टर (पंजीकरण संख्या यूपी-51 बीडब्ल्यू-9497) तथा वाहन का मूल पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) बरामद किया। ट्रैक्टर की बरामदगी के आधार पर मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) भी बढ़ाई गई। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक विक्रमादित्य सिंह तथा कांस्टेबल अरुण कुमार शर्मा शामिल रहे।

## भाजपा ने तेज की तिरंगा अभियान की तैयारी

**उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी ने 10 से 15 अगस्त तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभियान की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई और जिला व मंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रबुद्धजन, सेवानिवृत्त सुरक्षा कर्मी, खिलाड़ी, कलाकार, विद्यार्थी और युवाओं को अभियान से जोड़ने पर विशेष जोर रहेगा। युवाओं को प्रेरित करने के लिए सोशल मीडिया का भी व्यापक उपयोग किया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम 50 परिवारों तक पहुंचकर अभियान से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। कार्यक्रम के अनुसार 5 अगस्त को जिला स्तरीय और 6 अगस्त को मंडल स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित होंगी।

# उन्नाव में सड़क हादसे में मासूम की जान गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बांगरमऊ, उन्नाव।** जिस घर में सुबह नवजात के जन्म की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां दोपहर तक मातम का माहौल हो गया। रविवार सुबह बांगरमऊ में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 4 साल के मासूम की मौत हो गई। हादसे में बच्चे के पिता और चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए।

**अस्पताल से 200 मीटर पहले हादसा**

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के तमोरिया बुजुर्ग गांव निवासी निर्मल शुक्ला (30) रविवार सुबह करीब 8:30 बजे बाइक से अपने बेटे शाश्वत (4) और चचेरे भाई राधेश्याम के साथ बांगरमऊ CHC जा रहे थे। निर्मल की पत्नी वंदना (28) ने सुबह 6 बजे CHC में दूसरे बच्चे को जन्म दिया था। तीनों पत्नी से मिलने जा रहे थे। जैसे ही वह गल्ला मंडी गेट के पास पहुंचे, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शाश्वत उछलकर सड़क पर गिर गया और ट्रक उसे रौंदता हुआ निकल गया। इससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं निर्मल और राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए।

**रो-रोकर बेहाल हुई प्रसूता**

हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल में भर्ती वंदना बेसुध हो गई। 3 घंटे पहले जिस मां की गोद दूसरे बेटे से भरी थी, कुछ ही देर में बड़े बेटे की मौत की खबर ने उसे तोड़कर रख दिया। परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

**पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया**

घटना की सूचना मिलते ही बांगरमऊ




पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल का कहना है कि CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# नहर में युवक का शव, हत्या का आरोप

**शनिवार से लापता था युवक, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच शुरू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** असोहा थाना क्षेत्र के दाउज गांव निवासी 35 वर्षीय पंकज सिंह का शव रविवार सुबह घर से करीब दो किलोमीटर दूर नहर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही असोहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, पंकज सिंह शनिवार सुबह करीब सात बजे घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर नहर में उनका शव मिलने की सूचना मिली, जिसके बाद परिवार और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति सुभाष सिंह, जो सेल्समैन बताए जा रहे हैं, पर पंकज सिंह की हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। इंस्पेक्टर फूल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों तथा परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक पंकज सिंह अपने परिवार के सबसे बड़े सदस्य थे। परिवार में उनके दो छोटे भाई और एक बहन हैं। उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। पंकज की मौत की खबर से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## उन्नाव पुलिस ने लौटाए 121 गुम मोबाइल

**उन्नाव।** उन्नाव पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 121 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने रविवार को सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए, जिससे लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों और सर्विलांस सेल की टीम ने CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल की सहायता से गुम मोबाइल फोन का पता लगाकर उन्हें बरामद किया। इसके बाद सभी मोबाइलों का सत्यापन कर उनके असली स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किया गया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने उन्नाव पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और नजदीकी थाने में सूचना दें, ताकि समय रहते मोबाइल की खोज कर उसे बरामद किया जा सके।

# रोक के बावजूद सड़क निर्माण जारी, 300 मीटर आरसीसी सड़क का आरोप

**अधिकारियों के जाते ही फिर शुरू हुआ काम, जांच शुरू; दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** विकासखंड तुलसीपुर की ग्राम पंचायत सुखरामपुर के मजरा शेखड़ीडीह में बिना विभागीय स्वीकृति के लगभग 300 मीटर आरसीसी सड़क निर्माण कराए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य तत्काल रुकवा दिया, लेकिन आरोप है कि अधिकारियों के वापस लौटते ही निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। इससे प्रशासनिक निर्देशों की अनदेखी और सरकारी नियमों के पालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण बिना किसी सक्षम विभागीय स्वीकृति के कराया जा रहा था। शिकायत मिलने पर विकासखंड प्रशासन सक्रिय हुआ और निर्माण खंड के अवर अभियंता (जेई) सत्येंद्र जायसवाल सहित अन्य अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक टीम के जाते ही निर्माण कार्य फिर शुरू करा दिया गया। अवर अभियंता सत्येंद्र जायसवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि उक्त सड़क निर्माण की जानकारी न तो संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को थी और न ही विकासखंड स्तर के अधिकारियों को। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमोदन और विभागीय स्वीकृति के किसी भी निर्माण कार्य का कराया जाना नियमों का उल्लंघन है।



उन्होंने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। जांच में यदि निर्माण कार्य बिना स्वीकृति एवं नियमों के विरुद्ध पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, निर्माण कार्य में हुई अनियमितताओं की जिम्मेदारी तय करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

उनका कहना है कि सरकारी धन से होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है तथा नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## उन्नाव पुलिस को बड़ी सफलता, महिला का पर्स लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** थाना कोतवाली सदर पुलिस ने महिला से पर्स लूट की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, पर्स, चाबी का गुच्छा तथा ?1000 नकद बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीर (21 वर्ष) निवासी उम्मीदों का शहर, थाना कोतवाली सदर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उसे काशीराम सुधापुरम कॉलोनी के पास चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर लूटा गया पर्स और चाबी का गुच्छा भी बरामद कर लिया गया। इस घटना के सफल अनावरण में थाना कोतवाली सदर पुलिस के साथ एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन चक्रव्यूह में दो शातिर चोर गिरफ्तार

**65 हजार नकद व जेवरात बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार,अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना बाजार शुकुल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में छेदी उर्फ अर्जुन पुत्र नत्था, निवासी गांधी नगर मजरा पालपुर थाना जगदीशपुर तथा नरेन्द्र कुमार पुत्र दयाराम, निवासी भाऊपुर मजरा गयासपुर थाना बाजार शुकुल शामिल हैं। दोनों आरोपितों को सर्विस लेन हैदरगढ़ मोड़ से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों के कब्जे से ?65,000 नकद, पीली धातु की 8 अंगूठियां, चांदी की 6 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी बिछिया, 3 तांबे के डेक तथा 3 बोरी गेहूं बरामद किए गए। घटना में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन भी




पुलिस ने कब्जे में लिया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बाजार शुकुल में दर्ज विभिन्न मुकदमों के तहत कार्रवाई की गई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चन्द्रशेखर यादव, उपनिरीक्षक प्रेमनाथ, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल विजय कुमार, कांस्टेबल मयंक द्विवेदी, कांस्टेबल आलोक वर्मा तथा कांस्टेबल उत्कर्ष शर्मा शामिल रहे। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था, कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखना प्रमुख उद्देश्य है।

# आशीष शुक्ला ने किया लाइब्रेरी का भ्रमण

**छात्रों को सफलता का दिया मंत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र के रानीगंज मार्ग स्थित अक्षय स्टडी सर्कल डिजिटल लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों की मांग पर यूपीपीसीएस अधिकारी आशीष शुक्ला पहुंचे और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण से अवकाश पर अपने घर आए आशीष शुक्ला का छात्रों ने स्वागत किया तथा उनसे सफलता के अनुभव साझा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आशीष शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, अनुशासन और निरंतर मेहनत बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पहली बार में सफलता न मिले तो निराश होने के बजाय दोगुने उत्साह के साथ दोबारा प्रयास करना चाहिए।

सच्ची लगन, ईमानदारी और निरंतर अभ्यास से सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, अध्ययन की रणनीति तथा साक्षात्कार से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका आशीष शुक्ला ने विस्तार से उत्तर देते हुए उन्हें उपयोगी सुझाव दिए।लाइब्रेरी संचालक विशाल गुप्ता ने बताया कि अक्षय स्टडी सर्कल डिजिटल लाइब्रेरी में छात्रों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां हाई-स्पीड वाई-फाई, शांत एवं पूर्णतः वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, आरामदायक सीटिंग व्यवस्था, प्रिंटिंग एवं स्कैनिंग सुविधा, हजारों पुस्तकें एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। पूरी



लाइब्रेरी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संचालित होती है तथा विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त पार्किंग की भी व्यवस्था है।उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी का संचालन विशाल गुप्ता एवं राम प्रकाश मौर्य की देखरेख में सुचारु रूप से किया जा रहा है। छात्रों ने इस मार्गदर्शन सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा व पत्रकार दीपक पाठक मौजूद रहे।

# विश्व स्कार्फ दिवस पर हुए विविध आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था जनपद बस्ती के तत्वावधान में समारोह पूर्वक मनाया गया स्काउट गाइड विश्व स्काफ़ दिवस, जिला सचिव डॉ कुलदीप सिंह कहा कि स्काफ़ एकता, मित्रता, सेवा, समर्पण का प्रतीक है, बताया कि प्रादेशिक मुख्यालय के पत्र के क्रम में स्काउट गाइड टीम द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला मुख्यायुक्त भारत स्काउट गाइड बस्ती को स्काफ़ भेंट कर आगामी प्रधानाचार्य कार्यशाला के सम्बंध में चर्चा किया गया।, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/ जिला उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड बस्ती अनूप कुमार तिवारी को स्काउट गाइड टीम द्वारा स्काफ़ भेंट कर आगामी स्काउट गाइड गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई, जिला आयुक्त स्काउट हरी राम बंसल को स्काउट गाइड टीम द्वारा स्काफ़ भेंट कर आगामी बिगिनर्स कोर्स कार्यशाला के सम्बंध में चर्चा किया गया, जिला मुख्यालय



आयुक्त गाइड मुस्लिम खातून को स्काउट गाइड टीम द्वारा स्काफ़ भेंट कर आगामी सोपानों के प्रशिक्षण को गति प्रदान करने पर चर्चा की गई, इस दौरान लीडर ट्रेनर स्काउट डॉ कुलदीप सिंह जिला सचिव स्काउट गाइड बस्ती, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड लीडर ट्रेनर गाइड सत्या पाण्डेय जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट अजय कुमार वर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड संगीता प्रजापति, ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट विजय कश्यप, ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट प्रमोद कुमार, ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट दीपक, ट्रेनिंग काउंसलर गाइड नन्दिनी आदि की सहभागिता रही।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित युवक गिरफ्तार, सफीपुर पुलिस की कार्रवाई

**उन्नाव।** दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को सफीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को परियर रोड स्थित गंदा नाला, मेंहदीखेड़ा के पास से दबोच लिया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार थाना सफीपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 335/2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी तलाश की जा रही थी। थानाध्यक्ष संदीप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए पीयूष कुमार (22) निवासी ग्राम कोड़वा, थाना महाराजपुर, जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक विनोद कुमार सरोज, कांस्टेबल रोहित कुमार यादव एवं कांस्टेबल लक्ष्मीकांत शुक्ला शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है।

# पशुपालन योजनाएं बढ़ा रहीं आय और रोजगार

**मुख्यमंत्री सहभागिता योजना व नन्द बाबा दुग्ध मिशन से पशुपालकों को मिल रही आर्थिक मजबूती**

**बलरामपुर।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पशुपालकों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाएं जनपद में प्रभावी ढंग से संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, नन्द बाबा दुग्ध मिशन, कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, कुक्कुट विकास नीति, बकरी एवं भेड़ पालन योजनाओं तथा मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों को आर्थिक सहायता, रोजगार, पशुधन संरक्षण और पोषण सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

**मुख्यमंत्री सहभागिता योजना से आर्थिक संबल**

मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गो संरक्षण केंद्रों में संरक्षित गोवंश पात्र पशुपालकों को सुपुर्द किए जा रहे हैं। प्रत्येक गोवंश के भरण-पोषण के लिए सरकार की ओर से 1,500 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है। एक लाभार्थी अधिकतम चार गोवंश प्राप्त कर 6,000 रुपये प्रतिमाह तथा 72 हजार रुपये प्रतिवर्ष तक की सहायता प्राप्त कर सकता है। जनपद में अब तक 219 पशुपालकों को 313 गोवंश उपलब्ध कराए जा चुके हैं। वहीं विशेष अभियान के तहत 31 कुपोषित बच्चों के परिवारों को 49 गोवंश दिए गए हैं, जिससे उन्हें पोषण सुरक्षा के साथ नियमित आय का भी स्रोत मिला है। विभाग ने जून 2026 तक की समस्त भरण-पोषण सहायता राशि का भुगतान भी सुनिश्चित कर दिया है।

**नन्द बाबा दुग्ध मिशन से देशी नस्लों को बढ़ावा**

प्रदेश सरकार की नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजना के अंतर्गत देशी नस्ल की गायों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 25 देशी गायों की इकाई स्थापित करने पर 62.50 लाख रुपये की परियोजना लागत पर 50 प्रतिशत (31.25 लाख रुपये) तक अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना में 10 देशी गायों की इकाई पर भी 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के तहत दो देशी गायों की स्थापना पर 40 प्रतिशत अनुदान तथा मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना में प्रतिदिन 10 से 15 लीटर या उससे अधिक दूध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को 10 हजार से 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

**नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान**

पशुधन की गुणवत्ता सुधारने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। मात्र 100 रुपये के रियायती शुल्क पर उपलब्ध इस सुविधा से उच्च गुणवत्ता वाली नस्ल विकसित हो रही है, जिससे पशुपालकों की आय बढ़ने के साथ अनुपयोगी नर पशुओं की समस्या में भी कमी आ रही है।

**कुक्कुट और बकरी पालन से बढ़ रहे स्वरोजगार**

कुक्कुट विकास नीति के तहत 10 हजार से 90 हजार पक्षियों की क्षमता वाले




व्यावसायिक लेयर फार्म स्थापित करने पर 70 प्रतिशत बैंक ऋण के ब्याज पर अनुदान, स्टाम्प शुल्क में छूट और विद्युत शुल्क में रियायत दी जा रही है। वहीं अनुसूचित जाति की ग्रामीण महिलाओं को बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के तहत 50 चूजे, 50 किलोग्राम दाना तथा बाड़ा निर्माण के लिए आर्थिक सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त भूमिहीन, निर्धन और विधवा महिलाओं को 5 मादा एवं 1 नर बकरी की इकाई पर 90 प्रतिशत तक अनुदान देकर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।


**घर-घर पहुंच रही पशु चिकित्सा सेवा**

दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) संचालित की जा रही है। इसके माध्यम से पशुओं का उपचार, टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श घर-घर उपलब्ध कराया जा रहा है। पशुपालन विभाग ने किसानों और पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम राजकीय पशु चिकित्सालय से संपर्क कर विभाग की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं तथा पशुपालन को आय और रोजगार का सशक्त माध्यम बनाएं।

# उत्तर-मौर्य काल की आर्थिक और मौद्रिक व्यवस्था पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य संग्रहालय, लखनऊ में आयोजित डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत उत्तर-मौर्यकालीन भारत की आर्थिक एवं मौद्रिक व्यवस्था पर महत्वपूर्ण अकादमिक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इतिहास, पुरातत्व, मुद्राशास्त्र, अर्थव्यवस्था और भारतीय संस्कृति से जुड़े विद्वानों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने व्याख्यानमाला की सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन इतिहासविदों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास के आर्थिक और सांस्कृतिक पहलुओं को समझने में ऐसे शोधपरक कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'उत्तर-मौर्य भारत में मुद्रा और मौद्रिक समस्याएं' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. सुष्मिता बसु मजूमदार, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, कोलकाता विश्वविद्यालय ने अपने विचार रखे। उन्होंने मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद भारतीय उपमहाद्वीप में हुए राजनीतिक बदलावों और उनके आर्थिक प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया। प्रो. मजूमदार ने कहा कि उत्तर-मौर्य काल को सामान्यतः राजनीतिक विखंडन और क्षेत्रीय शक्तियों के उदय का समय माना जाता है, लेकिन इसी दौर में भारतीय मुद्रा व्यवस्था और व्यापारिक संरचनाओं में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। उन्होंने बताया कि शुंग, कण्व, इंडो-ग्रीक, शक, पार्थियन और कुषाण जैसे राजवंशों के उदय के साथ विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की मुद्राओं का प्रचलन बढ़ा। उन्होंने कहा कि प्राचीन सिक्के केवल लेन-देन का माध्यम नहीं थे, बल्कि वे उस समय की राजनीतिक सत्ता, सांस्कृतिक पहचान, व्यापारिक गतिविधियों और आर्थिक समृद्धि के महत्वपूर्ण प्रमाण भी हैं। सिक्कों पर अंकित प्रतीक, अभिलेख और चित्र उस काल की सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति को समझने में मदद करते हैं। मुख्य वक्ता ने विशेष रूप से इंडो-ग्रीक और कुषाण शासकों की मुद्राओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सिक्कों में भारतीय और विदेशी कला परंपराओं का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि उत्तर-मौर्यकालीन मुद्रा व्यवस्था के अध्ययन से व्यापारिक मार्गों, अंतरराष्ट्रीय संपर्कों, नगरीकरण और आर्थिक विकास की जानकारी प्राप्त होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. मारुति नंदन तिवारी, पूर्व विभागाध्यक्ष, कला एवं इतिहास विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने की। उन्होंने कहा कि मुद्राएं इतिहास लेखन के लिए अत्यंत विश्वसनीय स्रोत हैं। उत्तर-मौर्यकालीन भारत की राजनीतिक और आर्थिक संरचना को समझने के लिए मुद्राशास्त्रीय साक्ष्यों का अध्ययन आवश्यक है। इस अवसर पर राज्य संग्रहालय, लखनऊ के निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने भारतीय इतिहास, कला और संस्कृति के अध्ययन को नई दिशा प्रदान की थी। उनकी स्मृति में आयोजित यह व्याख्यानमाला भारतीय विरासत के विभिन्न आयामों पर गंभीर चर्चा का महत्वपूर्ण मंच बन रही है।




# गन्ने के खेत के पास बेहोश मिला युवक, हत्या के प्रयास का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के थाना संदना क्षेत्र में शनिवार शाम घर से निकले एक युवक पर अज्ञात हमलावरों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है युवक गांव के बाहर गन्ने के खेत के पास कच्चे रास्ते पर बेहोशी की हालत में मिला। परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट करने के साथ रूमाल से गला कसकर उसकी हत्या का प्रयास भी किया। घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना थाना संदना क्षेत्र के ग्राम बदनपुरवा मजरा आमाघाट की है। पीड़ित की मां मूला पत्नी बड़कन्ने के अनुसार, उनका बेटा शनिवार शाम करीब सात बजे शौच के लिए गांव के बाहर गया था काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी खोजबीन के दौरान युवक गांव के बाहर गन्ने के खेत के पास कच्चे रास्ते पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। उनका कहना है कि हमलावरों ने रूमाल से गला कसकर उसकी हत्या करने की भी कोशिश की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे उच्च केंद्र रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित परिवार ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी!!



# भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की मौत दौड़ लगाते समय अज्ञात वाहन ने रौंदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर जनपद सीतापुर के पिसावां थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह करीब 7 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक रोज की तरह फिजिकल दौड़ की प्रैक्टिस के लिए घर से निकला था। इसी दौरान पिसावां-कुतुबनगर मार्ग पर पनहैया पुल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव निवासी तहेंद्र सिंह का पुत्र धीरेन्द्र सिंह रविवार सुबह सेना भर्ती की तैयारी के तहत कुतुबनगर से पिसावां की ओर दौड़ लगा रहा था जब वह पनहैया पुल के पूर्वी छोर के पास पहुंचा, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पिसावां पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कराई जा रही है। परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि धीरेन्द्र दो भाइयों में बड़ा था। उसने हाल ही में होमगार्ड भर्ती परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी और सेना में भर्ती होने के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रहा था वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के साथ पिता के खेती-किसानी के कार्य में भी सहयोग करता था। उसके असमय निधन से पूरे गांव में शोक का माहौल है!!



# 43 लाख की जमीन का फर्जी बैनामा करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## कूटरचित दस्तावेजों के सहारे लोगों को बनाता था शिकार; अन्य आरोपियों की तलाश जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एक ही जमीन का कई बार बैनामा कर लाखों रुपये की ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को निगोहां पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर 43 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस के अनुसार गिरोह के अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। डीसीपी दक्षिणी मो. मुस्ताक के पर्यवेक्षण तथा एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष गिरिजेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी अमर बहादुर सिंह (66) निवासी ग्राम पतौना, थाना नगराम को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक चंदन कुमार यादव और कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे। पुलिस के मुताबिक चिरैया बाग, सेक्टर-7सी, शहीदपथ, रायबरेली रोड निवासी सुनीता यादव ने 10 अक्टूबर 2025 को निगोहां थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि ग्राम उतरांवा स्थित एक जमीन अमर बहादुर सिंह से 43 लाख रुपये में खरीदी थी। बैनामा कराने के बाद पूरी धनराशि का भुगतान भी कर दिया गया था। दाखिल-खारिज की प्रक्रिया के दौरान पता चला कि वर्ष 2008 की वसीयत के आधार पर वही जमीन पहले से अमर बहादुर सिंह की पत्नी विमला देवी तथा पुत्रों गुलबीर सिंह और यशबीर सिंह के नाम दर्ज है। आरोप है कि विक्रेता पक्ष को इसकी पूरी जानकारी होने के बावजूद तथ्य छिपाकर फर्जी तरीके से जमीन बेच दी गई और 43 लाख रुपये हड़प लिए गए। मामले में निगोहां थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान रविवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जमीनों का क्रय-विक्रय कर अवैध रूप से धन अर्जित करता था और उसी से ऐशो-आराम का जीवन बिताता था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।




## संक्षिप्त खबरें

### ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 01 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** ईको पर्यटन बोर्ड के अंतर्गत कार्यों को सफलतापूर्वक कराए जाने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में प्राविधानित धनराशि तीन करोड़ रुपये के सापेक्ष एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी रविवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए, विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। ईको पर्यटन का उद्देश्य प्रकृति से छेड़छाड़ किए बिना पर्यटकों को पर्यटन का बेहतर अनुभव प्रदान करना है। साथ ही स्थानीय जनजीवन को प्रभावित किए बिना उनको स्थानीय स्तर पर आमदनी केस्रोत सृजित करना है। उन्होंने बताया कि ईको टूरिज्म के अंतर्गत पर्यटकों के आवागमन को दृष्टिगत उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधाओं के सृजन तथा पर्यटकों के अनुभव को बेहतर करने के उद्देश्य से पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के सृजन हेतु विभिन्न जनपदों में स्थित पर्यटन स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण कराए जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में ईको टूरिज्म के विकास हेतु 50 करोड़ रुपये के बजट का प्राविधान किया गया है जिससे 23 परियोजनाओं के विकास कार्य कराए जा रहे है।

# फिर बढ़ा बाढ़ का खतरा बैराजों से छोड़ा गया लाखों क्युसेक पानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सीतापुर जनपद सीतापुर में बनबसा, शारदा और गिरिजा बैराजों से लगातार पानी छोड़े जाने के बाद गांजरी क्षेत्र में एक बार फिर बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। पिछले एक सप्ताह से जलस्तर में आई गिरावट के बाद अब शारदा और घाघरा नदियों का पानी तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन की ओर से रविवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार शारदा नदी खतरे के निशान से 0.54 मीटर और घाघरा नदी 1.43 मीटर नीचे बह रही है। सिंचाई विभाग के अनुसार शारदा बैराज से 1.35 लाख क्यूसेक, बनबसा बैराज से 71,844 क्यूसेक और गिरिजा बैराज से 1.34 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है अनुमान है कि यह पानी अगले 24 घंटे के भीतर सीतापुर के गांजरी क्षेत्र में पहुंचेगा, जिससे दोनों नदियों का जलस्तर और बढ़ सकता है। बढ़ते जलस्तर ने रामपुर मथुरा और रेउसा विकासखंड के तटवर्ती गांवों की चिंता बढ़ा दी है रामपुर मथुरा के करीब 15 और रेउसा के लगभग 12 गांव संभावित बाढ़ की जद में आ सकते हैं पिछले दो दिनों में नदियों का जलस्तर करीब 40 सेंटीमीटर बढ़ चुका है इससे लगभग 150 बीघा कृषि भूमि के जलमग्न होने की आशंका है, जिससे किसानों की खड़ी फसल पर भी संकट गहरा गया है संभावित बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। क्लस्टरवार लेखपालों की तैनाती की गई है, जबकि संबंधित उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) को जलस्तर पर लगातार नजर रखने और राहत-बचाव की तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। यदि जलस्तर और बढ़ता है तो प्रभावित गांवों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जाएंगे। साथ ही तटवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचना दें!!

# बाघिन की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय, कांबिंग पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के संदना में 15 जुलाई को बाघिन के हमले में किसान कमल किशोर की मौत के 17 दिन बीत जाने के बावजूद आदमखोर बाघिन अब भी वन विभाग की पकड़ से बाहर है। शनिवार शाम को परिचम इमलीपुरवा, रसूलवा और कोडरीपुरवा गांव के आसपास बाघिन के ताजा पदचिह्न मिलने से ग्रामीणों में एक बार फिर दहशत फैल गई कुछ ग्रामीणों ने खेतों के आसपास बाघिन को देखने का भी दावा किया है, जिसके बाद वन विभाग ने इलाके में कॉम्बिंग अभियान और तेज कर दिया है वन विभाग की टीम लगातार बाघिन की तलाश में जुटी है। प्रभावित गांवों के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है और संभावित ठिकानों पर नजर रखी जा रही है हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग केवल कमांड सेंटर से निगरानी कर रहा है और अभी तक बाघिन को पकड़ने की कोई ठोस सफलता नहीं मिली है उनका कहना है कि विभाग अंधेरे में तीर चला रहा है, जबकि बाघिन की मौजूदगी से गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघिन के डर से लोग शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते हैं। खेतों में कामकाज प्रभावित हो रहा है और किसान अकेले खेतों तक जाने से बच रहे हैं इससे खेती-किसानी के साथ-साथ दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। मिश्रिख वन क्षेत्र के रेंजर सिकंदर सिंह ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों को रात के समय अकेले बाहर न निकलने तथा खेतों में समूह बनाकर जाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि बाघिन को पकड़ने के लिए दो पिंजरे, छह ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं इसके अलावा कतर्नियाघाट से आई विशेषज्ञों की टीम भी अभियान में जुटी हुई है। वन विभाग का कहना है कि बाघिन की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ने का प्रयास किया जाएगा!!



### विधायक निर्मल वर्मा के द्वारा प्रतिमा का किया गया लोकार्पण

**बिसवां (सीतापुर)** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल 'जगन बाबू' की प्रतिमा को चौराहे के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्स्थापना कार्य के तहत उसी गरिमापूर्ण स्थान पर पुनः स्थापित किया गया। बिसवां विधानसभा क्षेत्र के विधायक निर्मल वर्मा ने शुक्रवार की रात प्रतिमा का लोकार्पण किया। विदित हो की पूर्व में चौराहे के सौंदर्यीकरण के चलते प्रतिमा को उसके निर्धारित स्थान से स्थानांतरित किया गया था। पुनर्स्थापना के बाद प्रतिमा को अधिक सुसज्जित, सुंदर एवं भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। लोकार्पण के अवसर पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष पंकज गुप्ता, कौशल मिश्रा शिवांशु पाण्डेय, ऋषभ अवस्थी, ऋतुराज सिंह वेदरत्न मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।



# ई-रिक्शा की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर जनपद सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से एक साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार, गंगानगर गांव निवासी 55 वर्षीय कैलाश पुत्र बिन्द्रा रविवार दोपहर करीब 12 बजे साइकिल से बिसवां से अपने घर लौट रहे थे जब वह गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ई-रिक्शा (ऑटो) ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कैलाश सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान कैलाश ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही इलाज के दौरान तोड़ा दम में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया सूचना मिलने पर बिसवां कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और टक्कर मारने वाले ई-रिक्शा की पहचान कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जा रही है!!



# ग्रामीणों ने मोबाइल चोर पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

## पुलिस ले गई थाने, पीड़ित ने लिखित तहरीर दी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** सदरपुर थाना अन्तर्गत शनिवार जहांगीराबाद स्थित साप्ताहिक बाजार में जेब से मोबाइल चुराते समय एक किशोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस उसे थाने ले गई। पीड़ित ने थाने जाकर अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। गत शनिवार 01 अगस्त 2026 को जहांगीराबाद गांव में साप्ताहिक बाजार लगी थी जहां इसी गांव के मनोज कुमार गुप्ता पुत्र फूलचंद्र गुप्ता कुछ सामान खरीदने गये थे। दुकान पर सामान लेते समय एक अज्ञात युवक ने मनोज की जेब में रखा मोबाइल निकाल लिया परन्तु आभास होने पर मनोज ने मोबाइल फोन निकालते समय ही उसे दबोच लिया और क्षेत्रीय पुलिस आरक्षी पवन कुमार को सौंप दिया। आरक्षी उसे अपने साथ ले गए। इससे पहले भी एक महीने के अंदर लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों के मोबाइल सेट इस बाजार में चोरी हो चुके हैं। इस बात से क्षेत्रीय पुलिस भी भली प्रकार अवगत है। आये दिन बाजार में मोबाइल फोन चोरी हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि सदरपुर पुलिस इस मोबाइल चोर रैकेट का पर्दाफाश कैसे करेगी। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय उपनिरीक्षक एवं देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर दी है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।



# संपादकीय

## नए भारत की खेल क्रांति

ग्लासगो में आयोजित 2026 राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) खेलों में भारत ने ऐसा प्रदर्शन किया जिसने पूरे देश को गर्व से भर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने अनेक स्पर्धाओं में शानदार खेल दिखाते हुए न केवल पदकों की झड़ी लगाई, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि भारत अब केवल पारंपरिक खेलों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर खेल में विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। भारत की सफलता का सबसे बड़ा आधार खिलाड़ियों की वर्षों की मेहनत, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, बेहतर खेल सुविधाएं और देशभर में खेलों के प्रति बढ़ता उत्साह रहा। विशेष रूप से मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, पैरा खेलों और जूडो जैसे खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। कई खिलाड़ियों ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए, जबकि कुछ ने राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर एक नया इतिहास बनाया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों और फिटनेस की चुनौतियों के बावजूद देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर यह दिखाया कि दृढ़ इच्छाशक्ति के सामने कोई बाधा बड़ी नहीं होती। पैरा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी भारत के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा। भारतीय पैरा एथलीटों ने रिकॉर्ड संख्या में पदक जीतकर यह संदेश दिया कि प्रतिभा किसी शारीरिक सीमा की मोहताज नहीं होती। सोमन राणा जैसे खिलाड़ियों ने संघर्ष से सफलता तक की कहानी लिखते हुए देश का मान बढ़ाया। भारत की उपलब्धि केवल पदकों तक सीमित नहीं रही। खिलाड़ियों ने कई स्पर्धाओं में फाइनल तक पहुंचकर यह संकेत दिया कि आने वाले वर्षों में भारत ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी बड़ी ताकत बनकर उभरेगा। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में खेलों के लिए बेहतर ढांचा, आधुनिक प्रशिक्षण और खिलाड़ियों को मिलने वाले सहयोग का सकारात्मक प्रभाव अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की इस सफलता का सामाजिक महत्व भी है। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों ने साबित किया कि यदि अवसर और संसाधन मिलें तो देश का कोई भी युवा विश्व मंच पर तिरंगा लहरा सकता है। यह उपलब्धि लाखों बच्चों और युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करेगी। हालांकि इस सफलता के साथ कुछ चुनौतियां भी सामने हैं। यदि भारत को भविष्य में शीर्ष खेल राष्ट्रों की श्रेणी में स्थायी स्थान बनाना है, तो जमीनी स्तर पर खेल सुविधाओं का विस्तार, प्रशिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार, खेल विज्ञान का अधिक उपयोग और खिलाड़ियों को निरंतर आर्थिक सहायता सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही विद्यालयों और महाविद्यालयों में खेल संस्कृति को और मजबूत बनाना भी आवश्यक है। भारत का यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि देश अब खेलों में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। यह सफलता केवल खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि उन प्रशिक्षकों, परिवारों और करोड़ों भारतीयों की भी है जिन्होंने हर कठिन समय में उनका हौसला बढ़ाया। यदि यही गति और प्रतिबद्धता बनी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत विश्व खेल मंच पर और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। यह उपलब्धि बताती है कि प्रतिभा, परिश्रम और सही दिशा मिलने पर भारत किसी भी वैश्विक मंच पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकता है।

राजीव शुक्ला -(संपादक)

# कौशल विकास मिशन से मजबूत हो रहा उत्तर प्रदेश



(आदर अदीब पावेल बन्धु)
जिला सूचना अधिकारी

युवा केवल किसी राष्ट्र की जनसंख्या का एक वर्ग नहीं, बल्कि उसके उज्ज्वल भविष्य की सबसे अमूल्य पूंजी होते हैं। जब उनके हाथों में कौशल, मन में आत्मविश्वास और सामने अवसरों का विस्तृत आकाश होता है, तब विकास का नया इतिहास रचा जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इसी विचार को आधार बनाकर कौशल विकास को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। आज उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लाखों युवाओं के सपनों को साकार करने वाला ऐसा सशक्त सेतु बन चुका है, जो उन्हें आत्मनिर्भरता, सम्मानजनक आजीविका और राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ रहा है. भारत की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के लिए, कौशल विकास केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता का सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को अधिक प्रभावी, आधुनिक और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है। आज मिशन लाखों युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ते हुए प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रहा है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का गठन उत्तर प्रदेश कौशल विकास नीति-2013 के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन किया गया। मिशन का उद्देश्य 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को उनकी योग्यता और रुचि के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मिशन के अंतर्गत राज्य स्किल डेवलपमेंट फंड (SSDF), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रोजेक्ट प्रवीण जैसी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रवीण के माध्यम से विद्यालयों के विद्यार्थियों को नियमित पाठ्यक्रम के साथ निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक दक्षता भी विकसित हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन ने अभूतपूर्व उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। मिशन की स्थापना से अब तक 18 लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जबकि 7 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि प्रदेश सरकार कौशल विकास को सीधे रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने में सफल रही है। रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। अब तक 1,194 वृहद रोजगार मेलों के माध्यम से 4,52,976 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। इनमें 8 जनपदों में आयोजित 8 वृहद रोजगार मेलों के माध्यम से 75,575 युवाओं को रोजगार मिला। इसके अतिरिक्त विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई) के अवसर पर प्रदेश के 75 जनपदों में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 10,283 युवाओं का सेवायोजन किया गया। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार ने कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म का व्यापक उपयोग किया है। प्रशिक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए 'कौशल दर्पण', 'कौशल दिशा', 'कौशल साथी' तथा 'कौशल दोस्त' जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए गए हैं। इन प्लेटफॉर्मों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन, प्रशिक्षण, निगरानी, मूल्यांकन तथा रोजगार संबंधी सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही प्रशिक्षण केंद्रों और प्रशिक्षणार्थियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग से पूरी व्यवस्था अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनी है। उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निरंतर सुधार किया है। नई तकनीकों, डिजिटल स्किल, ग्रीन एनर्जी, स्वास्थ्य सेवाओं तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 82 नए प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर (PTPs) को मिशन से संबद्ध किया गया है। इससे युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध हो रहा है। राज्य सरकार ने उद्योग और कौशल विकास के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया है। प्रदेश की 53 बड़ी औद्योगिक कंपनियों के साथ मिशन के समझौते किए गए हैं, जिससे प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। यह पहल 'स्किल टू एम्प्लॉयमेंट' मॉडल को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए मिशन ने प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ भी साझेदारी की है। उच्च तकनीकी प्रशिक्षण हेतु IIT कानपुर, MNNIT प्रयागराज, IIT BHU, NIESBUD तथा भारतेन्दु नाट्य अकादमी जैसे संस्थानों के साथ सहयोग स्थापित किया गया है। वहीं सॉफ्ट स्किल, वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता विकास के लिए 7 संस्थानों के साथ एमओयू किए गए हैं। इससे युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास और उद्यमिता का प्रशिक्षण भी प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 के माध्यम से 1,182 दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार निराश्रित महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति, अल्पसंख्यक तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश सरकार आधुनिक तकनीकों के अनुरूप युवाओं को तैयार करने पर विशेष बल दे रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV), ड्रोन टेक्नोलॉजी, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, आतिथ्य, परिधान निर्माण और अन्य आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार किया जा रहा है। इससे प्रदेश के युवा भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बन रहे हैं।

**नवभारत के निर्माण की नई दिशा**

उत्तर प्रदेश ने कौशल विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है। वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता-2026 के लिए प्रदेश से 1,09,249 युवाओं का पंजीकरण हुआ, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। यह उपलब्धि बताती है कि प्रदेश के युवाओं में तकनीकी दक्षता और नवाचार की क्षमता निरंतर बढ़ रही है। आगामी वर्षों के लिए भी प्रदेश सरकार ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। वर्ष 2026-27 में 4 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 1 जुलाई 2026 तक 2 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देने का उद्देश्य निर्धारित किया गया है। साथ ही 1MvB जैसी संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न तकनीकी एवं फ्यूचरिस्टिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। अंत्योदय परिवारों, दिव्यांगजनों तथा वंचित वर्गों के युवाओं को विशेष प्राथमिकता देते हुए कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार किया जा रहा है। निजी आईटीआई एवं अन्य तकनीकी संस्थानों के साथ साझेदारी भी लगातार बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने यह सिद्ध कर दिया है कि कौशल ही आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत आधार है। लाखों युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर मिशन ने प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति प्रदान की है। आधुनिक तकनीक, उद्योगों के साथ साझेदारी, डिजिटल नवाचार और रोजगारपरक प्रशिक्षण की बदौलत उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी कौशल विकास राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। आज उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि युवा शक्ति के उज्ज्वल भविष्य का उद्घोष है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह मिशन लाखों युवाओं के सपनों को नई दिशा, नई गति और नई पहचान प्रदान कर रहा है। कौशल से समृद्ध युवा, आत्मनिर्भर परिवार, सशक्त समाज और विकसित प्रदेश—इन्हीं चार स्तंभों पर विकसित उत्तर प्रदेश का भव्य भविष्य निर्मित हो रहा है। यह यात्रा केवल रोजगार प्राप्त करने की नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि की यात्रा है।

## महौषधि सौंठः पाचन से रोग प्रतिरोधक क्षमता तक, सेहत का प्राकृतिक खजाना

भारतीय आयुर्वेद में सौंठ (सूखी अदरक) को महौषधि का दर्जा दिया गया है। सौंठ में अदरक के लगभग सभी औषधीय गुण मौजूद रहते हैं। यह विशेष रूप से वातनाशक, पाचन सुधारने वाली और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानी जाती है। आयुर्वेदाचार्यों के अनुसार सौंठ शरीर में संतुलन बनाए रखने के साथ पाचन तंत्र को मजबूत करती है तथा कई सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में लाभ पहुंचाती है। विशेषज्ञों के अनुसार सौंठ तैयार करते समय यदि अदरक का छिलका हटा दिया जाए, तो उसके साथ मौजूद आवश्यक प्राकृतिक तेल भी निकल जाते हैं। इसलिए, बिना छीली अदरक को प्राकृतिक धूप में सुखाकर तैयार की गई सौंठ अधिक गुणकारी मानी जाती है। हालांकि गर्म प्रकृति वाले लोगों को इसका सेवन सीमित मात्रा में और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार ही करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार भोजन से पहले थोड़ा अदरक या सौंठ का सेवन करने से भूख बढ़ती है, अपच, गैस और पेट भारी रहने जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। सौंठ का उपयोग कई पाचन संबंधी आयुर्वेदिक औषधियों में भी किया जाता है। सौंठ, काली मिर्च और पीपल का मिश्रण (त्रिकटु) शहद के साथ लेने से सर्दी, जुकाम और खांसी में लाभ बताया गया है। सौंठ का काढ़ा पुराने जुकाम और श्वसन संबंधी समस्याओं में भी उपयोगी माना जाता है। सौंठ का उपयोग गठिया, जोड़ों के दर्द, कमर दर्द और शरीर की सूजन में भी किया जाता है। सौंठ और अजवाइन से तैयार तेल की मालिश तथा सौंठ युक्त आयुर्वेदिक योगों का सेवन दर्द और सूजन कम करने में सहायक माना जाता है। आयुर्वेद में सौंठ का उपयोग मासिक धर्म संबंधी समस्याओं, प्रसवोत्तर देखभाल तथा बुजुर्गों में कमजोर पाचन और जोड़ों के दर्द की स्थिति में भी बताया गया है। सौंठ मिला दूध वात एवं कफ संबंधी परेशानियों में लाभकारी माना जाता है।

# सरकारी योजनाओं और तकनीक से आत्मनिर्भर बन रहे हरदोई के युवा

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में ग्रामीण विकास को मद्देनज़र रखते हुए अनेक योजनाओ और विकास कार्यों को प्राथमिकता से क्रियान्वित किया गया है। ग्रामीण युवा रोजगार की तलाश में घर परिवार छोड़कर पलायन न करें और अपने क्षेत्र में ही बेहतर आय के साधन प्राप्त करें इसके लिए युवाओं को आज आय के कई विकल्प उनके गांव में ही प्राप्त हो रहे हैं, जिनके लिए सरकार उन्हें सहायता भी प्रदान कर रही है। ऐसी ही योजनाओं में मत्स्य पालन की योजना भी शामिल है। गावों की आर्थिक प्रगति और ग्रामीण युवाओं की आत्मनिर्भरता में नीली क्रांति यानी मत्स्य पालन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी श्प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाश् और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से संचालित श्मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजनाश् के सफल क्रियान्वयन ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। इन योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है, बल्कि यह क्षेत्र राज्य के शिक्षित और ऊर्जावान युवाओं को स्वरोजगार तथा उद्यमिता का एक आकर्षक, लाभदायक और सम्मानजनक विकल्प भी प्रदान कर रहा है। जनपद हरदोई के तहसील सण्डीला के मूल निवासी युवा मत्स्य पालक अंकित विशाल की सफलता इस बात का एक उत्कृष्ट और ज्वलंत उदाहरण है। उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं तकनीकी प्रशिक्षण का कुशल लाभ उठाकर उन्होंने आधुनिक मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उनकी यह उपलब्धि साबित करती है कि शासन की योजनाओं का प्रभावी ढंग से लाभ लेकर स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद अंकित विशाल काफी समय तक रोजगार की तलाश में प्रयासरत रहे। समय बीतने के साथ उन्होंने आत्म निर्भर होने के लिए कई सरकारी योजनाओं की जानकारी की जिससे वे गांव में रहकर अपने आर्थिक आधार प्राप्त कर सकें। इसी क्रम में अंकित के मन में मत्स्य पालन व्यवसाय अपनाने की उत्सुकता जगी। हालांकि, शुरुआत में मत्स्य पालन के संबंध में पर्याप्त तकनीकी जानकारी न होने के कारण उन्होंने जनपद के मत्स्य विभाग कार्यालय से संपर्क साधा। वहां उन्हें सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। मार्गदर्शन प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने आईसीएआर-सीआईएफए, केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान, सीआईएफआरआई एवं अन्य प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों से आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। तकनीकी रूप से सक्षम होने के बाद वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत उन्होंने री-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) की स्थापना की। इस आधुनिक परियोजना हेतु उन्हें शासन की ओर से 30 लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। वर्तमान में उनकी इस आधुनिक इकाई में 8 टैंक सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 60,000 मछलियों का पालन किया जा रहा है। उन्नत तकनीक, वैज्ञानिक प्रबंधन एवं गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज के निरंतर उपयोग से इस इकाई द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 40 से 45 टन मत्स्य उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है। इस बेहतर उत्पादन से उन्हें 10 से 15 लाख रुपये तक का वार्षिक शुद्ध लाभ अर्जित हो रहा है। इसके साथ ही, इस उद्यम के माध्यम से स्थानीय स्तर पर कई अन्य युवाओं और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ने पूरे प्रदेश सहित जनपद हरदोई में आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों के समावेश को एक नई दिशा दी है। री-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस), बायोफ्लॉक टेक्नोलॉजी, केज कल्चर और आधुनिक हैचरी जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा रहा है। इन अत्याधुनिक तकनीकों ने पारंपरिक मत्स्य पालन को कम स्थान और कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाले एक हाई-टेक और व्यावसायिक उद्यम में बदल दिया है। प्रदेश के युवा, जो पारंपरिक रूप से नौकरियों की तलाश में शहरों की ओर रुख करते थे, वे अब इन वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर अपने ही गांवों और जनपदों में सफल मत्स्य व्यवसायी बन रहे हैं। सरकार द्वारा योजनाओं के तहत बुनियादी ढांचे के विकास, कोल्ड चेन, प्रोसेसिंग यूनिट्स, ट्रांसपोर्ट वाहनों और विपणन नेटवर्क के लिए दी जा रही भारी सब्सिडी एवं वित्तीय सहायता ने युवाओं के वित्तीय जोखिम को न्यूनतम कर उनके उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। यहां उल्लेखनीय कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना' ने मत्स्य पालकों और विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को सीधे लाभ पहुंचाने में मील का पत्थर गाड़ा है। यह योजना राज्य की स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत ग्राम सभा के तालाबों के पट्टेदारों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है।इस पहल से उन छोटे और भूमिहीन किसानों को भी मुख्यधारा से जोड़ा गया है, जो पहले संसाधनों एवं पूंजी के अभाव में इस व्यवसाय से वंचित रह जाते थे। गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज, उन्नत पोषाहार और तकनीकी प्रशिक्षण की सुलभ उपलब्धता ने ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के स्थाई साधन विकसित किए हैं, जिससे गांव स्तर पर ही रोजगार के प्रचुर अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इन दोनों योजनाओं के सम्मिलित प्रभाव का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज देश में अंतर्देशीय (इनलैंड) मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में मजबूती से स्थापित हो चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर राज्य को अंतर्देशीय मत्स्य विकास के लिए श्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्राप्त होना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि नीली क्रांति की यह लहर प्रदेश में अत्यंत सफल रही है। प्रदेश में मत्स्य उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र का योगदान लगातार बढ़ रहा है। ऋणों की सुगम उपलब्धता, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का मत्स्य पालकों तक विस्तार और प्रशासनिक स्तर पर समय-समय पर दिए जाने वाले मार्गदर्शन ने इस पूरे पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को और अधिक पारदर्शी, सरल और सुलभ बना दिया है। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग द्वारा जनपद स्तर पर संचालित योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और वित्तीय सहायता के माध्यम से युवाओं एवं किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। अंकित विशाल जैसी सफलताएं जनपद हरदोई सहित संपूर्ण उत्तर प्रदेश के युवाओं एवं किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हैं। सरकारी योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन का यह बेहतर समन्वय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अहम योगदान दे रहा है।

**सूचना धिकारी जनपद- हरदोई / डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**




**मेष**-आज का दिन आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरपूर रहेगा। लंबे समय से रुके कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जबकि व्यापारियों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृषभ**-आर्थिक मामलों में दिन शुभ रहेगा। निवेश या बचत से जुड़े निर्णय लाभदायक साबित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मिथुन** -नौकरी और व्यवसाय में प्रगति के संकेत हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात भविष्य के लिए लाभदायक रहेगी। विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं।

**कर्क**-आज भावनाओं पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा। परिवार में किसी शुभ समाचार से प्रसन्नता का माहौल बनेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

**सिंह**-भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति या सम्मान मिलने की संभावना है। व्यापार में नई योजनाएं लाभ देंगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या**-नई योजनाओं पर कार्य प्रारंभ करने के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक लाभ के अच्छे संकेत हैं। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।

**तुला**-संतुलित निर्णय लेने से सफलता मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा और आय के नए स्रोत बन सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृश्चिक**-मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल होंगी। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। परिवार का सहयोग मिलेगा। धन संबंधी मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**धनु** -भाग्य आपके पक्ष में रहेगा। नौकरी और व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर**-धैर्य और समझदारी से लिए गए निर्णय लाभ देंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक मामलों में सतर्कता बरतें।

**कुंभ** -करियर में उन्नति के नए अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि के संकेत हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन** -आज का दिन सकारात्मक रहेगा। करियर और व्यापार में सफलता मिलने के योग हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। पुराने निवेश से लाभ हो सकता है। मानसिक शांति बनी रहेगी और स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

# प्रश्न स्वतंत्र अभिव्यक्ति का ही नहीं सच, भरोसे व उत्तरदायित्व का भी



क्या किसी आंदोलन की पहचान केवल सड़कों पर लगने वाले नारों, हाथों में उठे पोस्टरों, रैलियों और जनसभाओं से होती है? यह सवाल अगर आज से 10 साल पहले पूछा जाता तो उत्तर शायद 'हां' होता। लेकिन आज परिदृश्य बदल चुका है। अब किसी आंदोलन या मुहिम की पहली झलक किसी अख़बार के पहले पन्ने पर नहीं, बल्कि किसी स्मार्टफोन की स्क्रीन पर दिखाई देती है। आज सोशल मीडिया का एक हैशटैग लाखों लोगों को जोड़ देता है, तो कभी कुछ सेकंड की रील सत्ता और समाज के बीच बहस का विषय बन जाती है। कभी एक साधारण-सा सोशल मीडिया ट्रेंड—'आउटफ़िट रिवील' राजनीतिक प्रतिरोध का सांस्कृतिक प्रतीक बन जाता है। यह बदलाव हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में बड़े पैमाने पर दिखाई दिया। वहां साबित हुआ कि सोशल मीडिया के ट्रेंड जन आंदोलनों की नई भाषा गढ़ रहे हैं। खासतौर से चर्चा में आई नौजवान पीढ़ी- जेन-ज़ी के लिए हैशटैग, मीम और रील अब सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी के नए औज़ार बन चुके हैं।बीते कुछ वर्षों में भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में स्पष्ट हुआ कि बरास्ता इंटरनेट हमारे सामने हर वक्त मौजूद रहने वाले सोशल मीडिया डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म अब संवाद का माध्यम भर नहीं हैं। बल्कि वे लोकतांत्रिक ढंग से राय रखने, नागरिक भागीदारी और वैकल्पिक जनसंचार के सबसे प्रभावशाली मंच हैं। जिस पीढ़ी ने इंटरनेट के साथ होश संभाला है, वह आज इन्हीं मंचों के इस्तेमाल से लोकतंत्र की भाषा भी बदल रही है। आंदोलनों के लिए लंबी प्रेस विज्ञप्तियां जारी करने के स्थान पर इंस्टाग्राम या फेसबुक की रील बनाती है, भाषणों की जगह मीम साझा करती है और पोस्टर की जगह प्रोफ़ाइल फ्रेम बदलकर अपना तर्क और पक्ष दर्ज कराती है। यह समूचा बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तन भी है। लोकतंत्र का सार्वजनिक चौक अब केवल सड़कों पर नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब और व्हाट्सऐप जैसे डिजिटल मंचों पर भी आ चुका है। इसमें सबसे दिलचस्प छौंक लगाया है फैशन से जुड़ी चीजों-शब्दावलियों ने।हालांकि, पहनावों के जरिए प्रतिरोध अभिव्यक्त करने का एक अतीत है, लेकिन पहले इनका ज्यादा इस्तेमाल फैशन इन्फ्लुएंसर, फिल्म कलाकार और कंटेंट क्रिएटर मनोरंजन तथा जीवनशैली के हिस्से के रूप में करते थे। यहां तक कि सोशल मीडिया में भी 'आउटफ़िट रिवील' शब्द का अर्थ लंबे समय तक केवल इतना था कि कोई व्यक्ति अपने नए परिधान, फैशन या स्टाइल को वीडियो या तस्वीर के माध्यम से दिखाए। लेकिन डिजिटल संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वह शब्दों के अर्थ बदल देती है। यह बदलाव हाल में तब दिखा, जब कई विरोध प्रदर्शनों में युवाओं ने इस शब्द को व्यंग्य और प्रतिरोध की भाषा में बदल दिया। पुलिस बैरिकेड के सामने खड़े प्रदर्शनकारी, गिरफ्तारी के समय पहने गए कपड़ों, धूल-मिट्टी से सने जूतों या विरोध-स्थल की तस्वीरों को 'आउटफ़िट रिवील' लिखकर साझा करने लगे। इसका संदेश स्पष्ट था—'हमारा फैशन नहीं, हमारा प्रतिरोध देखिए।' यह केवल फैशन का प्रदर्शन नहीं है। बल्कि डिजिटल संस्कृति के माध्यम से सत्ता, मीडिया और समाज को एक साथ संबोधित करने की नई शैली है। इस तरह मनोरंजन और फैशन की भाषा राजनीतिक व्याख्या में बदल गई है। सोशल मीडिया विशेषज्ञ इसे 'कल्चरल री-फ्रेमिंग' के तौर पर दर्ज कर रहे हैं। इसका अर्थ किसी लोकप्रिय सांस्कृतिक प्रतीक को नया सामाजिक अर्थ देना है। यही वह असली वजह है, जो बताती है कि क्यों और कैसे डिजिटल आंदोलनों में कुछ शब्द, इमोजी, रंग, गाने और दृश्य प्रतीक अचानक व्यापक राजनीतिक महत्व ग्रहण कर लेते हैं। हर दौर के आंदोलनों की अपनी भाषा रही है। स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक चरखा और तिरंगा था। जेपी आंदोलन की पहचान नारों और छात्र रैलियों से बनी। मंडल और अन्ना आंदोलन पोस्टरों, भाषणों और जनसभाओं से फैले। लेकिन डिजिटल युग में आंदोलन का व्याकरण बदल चुका है। अब किसी अभियान का पहला सवाल यह नहीं होता कि 'धरना कहां होगा या रैली की जगह कहां?' बल्कि यह कि सोशल मीडिया के मंचों पर हमारा 'हैशटैग क्या होगा?' हालिया अतीत में इसके कई उदाहरण मिले हैं। पिछले दशक में दुनिया ने ऐसे अनेक अभियान देखे, जिनकी पहचान किसी संगठन से अधिक उनके डिजिटल प्रतीकों के कारण हुई। जैसे, बेहद चर्चित हुए ष्मीटू आंदोलन ने तकरीबन पूरी दुनिया में व्यक्तिगत अनुभवों को वैश्विक सामाजिक विमर्श में बदला। अमेरिका में ष्ब्लैकलाइव्जमैटर नस्लीय न्याय की सबसे प्रभावशाली डिजिटल मुहिम बन गया।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बांसी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न




**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** चेहल्लुम, श्रावण मास और बारावफात को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को बांसी कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने की। बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आयोजकों, ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और ग्राम प्रहरियों ने भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक ने शासन की गाइडलाइन से अवगत कराते हुए सभी से आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने उपस्थित लोगों की समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने, अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडवोकेट रामकृपाल मौर्य, गोपाल जी पाण्डेय, प्रमोद हिन्दू, भाजपा नगर महामंत्री धर्मेंद्र कुमार, अंगद वर्मा, विशाल सोनी, जमुना निषाद सहित भारी संख्या लोग मौजूद रहे।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के संसारापुर गांव के पास रविवार को बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार धर्मेंद्र कुमार 32 वर्ष घायल हो गए, जौनपुर जनपद के धनापुर बरसठी निवासी धर्मेंद्र बाइक से घर जा रहे थे रास्ते में सामने खड़ी बोलेरो से टकरा गए जिससे घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी प्रदीप मिश्रा के सहयोग से उन्हें गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

### बांदा में प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के ग्राम लखनपुर में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिंह वाहिनी देवी मंदिर के समीप शनिवार रात प्रेम- प्रसंग के चलते 23 वर्षीय शत्रुघन वर्मा निवासी जगऊटोला लखनपुर व चित्रकूट जनपद के पहाड़ी के अंश गोसाई पुरवा रघुवंशपुरी निवासी 20 वर्षीय राजमनी पुत्री देवी दयाल ने सल्फास खाकर खुदकुशी कर ली। दोनों ग्रामीणों को एक दूसरे से चिपटे मिले। ग्रामीणों ने जब दोनों को मरणासन्न देखा तो 112 पीआरबी पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों को कमासिन सीएचसी ले गई। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। युवती के भाई ओमप्रकाश व मां बिज्मा ने बताया कि पिछले वर्ष इंस्टाग्राम से दोस्ती होने के बाद प्रेम-प्रसंग हुआ था। जिसमें वह एक ही बिरादरी के होने से शादी का रिश्ता लेकर युवक के घर गए थे। लेकिन युवक के स्वजन ने दहेज में 50 हजार रुपये व बाइक की मांग पूरी न कर पाने से शादी करने से मना कर दिया था। आरोप लगाया कि दोनों को पीटने के बाद युवक के भाई ने उन्हें जहर खिलाकर मारा है। कमासिन थाना प्रभारी संतोष कुमार ओझा ने बताया कि आत्महत्या के पीछे प्रेम प्रसंग की कहानी है । मामले की जांच की जा रही है।

### बांदा में बेटियों को पढ़ाई के लिए मिला नया ठिकाना

**बांदा।** बांदा में बालिका शिक्षा को नई मजबूती मिलने जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को अब कक्षा नौ से 12 तक की पढ़ाई के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल के साथ आवासीय सुविधा भी मिलेगी। बबेरू के पल्हरी में स्थित और नरैनी के रगौली भटपुरा करतल में स्थित करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से दो नए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बनकर तैयार हो गए हैं। इन दोनों विद्यालयों में कुल 800 छात्राओं के पढ़ने और रहने की व्यवस्था होगी। दोनों विद्यालयों को निर्माण कार्यदायी संस्था सीएनडीएस ने बेसिक शिक्षा विभाग को हैंडओवर भी कर दिया है। जिले में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करीब दो वर्ष पहले चार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय स्वीकृत किए गए थे। इनमें बबेरू, नरैनी, बिसंडा और बड़ोखर खुर्द शामिल हैं। प्रत्येक विद्यालय के निर्माण पर करीब पांच करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की गई थी। इनमें से बबेरू और नरैनी के विद्यालयों का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं बिसंडा और बड़ोखर खुर्द में निर्माण पूरा होने के बाद हैंडओवर की प्रक्रिया चल रही है। नए बने विद्यालयों में छात्राओं की पढ़ाई के लिए एकेडमिक ब्लाक व रहने के लिए बालिका छात्रावास की व्यवस्था की गई है।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

**» डीसीएम अंडरपास में गिरी, चालक-खलासी की दर्दनाक मौत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी /गोरखपुर।** गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र में रविवार तड़के लिंक एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए हरनहीं अंडरपास के नीचे जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि वाहन के गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण दहशत में घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक डीसीएम में सवार चालक और खलासी की मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार, कानपुर के फतेहपुर क्षेत्र से आ रही डीसीएम (यूपी-78 जेएन 4790) रविवार सुबह करीब 4:30 बजे खजनी तहसील के समीप हरनहीं अंडरपास के पास अचानक अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार वाहन पहले डिवाइडर से टकराया, फिर उसे तोड़ते हुए अंडरपास के नीचे जा गिरा। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डीसीएम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दोनों लोग बुरी तरह फंस गए।

सूचना मिलते ही हरनहीं चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद डीसीएम में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि डीसीएम पर कानपुर जिले का पंजीकरण नंबर अंकित है और उसमें फॉर्च्यून कंपनी का माल लदा हुआ था। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तड़के लंबी दूरी तय करने के दौरान चालक को नींद की झपकी आ गई होगी, जिसके कारण वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया और यह दर्दनाक हादसा हो गया। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

हरनहीं चौकी प्रभारी एसआई राजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों की उम्र लगभग 45 से 46 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। फिलहाल दोनों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। संबंधित थाने को सूचना भेज दी गई है और परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद कुछ समय तक लिंक एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त डीसीएम को हटाने और यातायात को सामान्य कराने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस हादसे ने एक बार फिर लंबी दूरी के वाहन चालकों में थकान और नींद के दौरान सुरक्षित ड्राइविंग की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

## हिस्ट्रीशीटर व भाई पर धमकी का मुकदमा

**सहजनवा/गोरखपुर:** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मझौरा निवासी हिस्ट्रीशीटर और उसका भाई सोशल मीडिया और फोन पर राइस मिल संचालक को बार बार जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के मझौरा निवासी अजीत गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता जो गांव के राइस मिल का संचालक है। और सरकारी धान की कुटाई करते है। 16 जनवरी को इसी राइस मिल से धान की चोरी हुई थी। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हिस्ट्रीशीटर को चोरी के धान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हिस्ट्रीशीटर के जेल जाने के बाद उसका भाई पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिसमें पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के भाई पर मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद हिस्ट्रीशटर और उसका भाई लगातार सोशल मीडिया और फोन पर हत्या करने की धमकी दे रहे है। पिछले कुछ दिनों से हिस्ट्रीशीटर और उसके आदमियों द्वारा लगातार पीछा भी किया जा रहा है। जिससे वह डरा सहमा हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर सुरेन्द्र यादव उर्फ भुक्कू यादव और वीरेंद्र यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## गड्ढों में तब्दील गोपालपुर-हटवा मार्ग

**अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, मार्ग की मरम्मत कर आवागमन सुगम बनाने की उठाई मांग.....**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर:** गोपालपुर से हटवा जाने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन कठिन हो गया है। स्थानीय लोगों को प्रतिदिन जोखिम में सफर करना पड़ रहा है। बरसात के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। जिसको लेकर एसडीएम गोला को पत्रक देकर मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की गयी है। अधिवक्ता रामलखन राय एवं भारतेंदु दुबे ने उपजिलाधिकारी गोला को ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि गोपालपुर-हटवा मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क धंस गई है और गिट्टियां उखड़ जाने से मार्ग पूरी तरह गड्ढों में बदल चुका है।

इससे दोपहिया, चारपहिया तथा अन्य वाहनों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस सड़क की मरम्मत के लिए पहले भी तहसील दिवस सहित कई अवसरों पर संबंधित विभाग को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन न तो लोक निर्माण विभाग और न ही प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई की गई।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मार्ग पर लगभग 200 मीटर आरसीसी सड़क तो बनाई गई, लेकिन उसके दोनों ओर पटरी का निर्माण नहीं होने से सड़क संकरी होकर सिंगल रूट बन गई है। इससे विशेषकर चारपहिया वाहनों के आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी से मांग की कि जनहित को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को तत्काल सड़क को गड्ढामुक्त कराने और अधूरे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## महिला से छेड़छाड़ का आरोप, आरोपी पकड़ा गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवा।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात घरेलू विवाद के बीच एक महिला ने अपने भसुर पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। महिला के अनुसार, उसका पति रोजगार के सिलसिले में अक्सर घर से बाहर रहता है, हालांकि इन दिनों वह घर पर आया हुआ है। शनिवार रात करीब 9:45 बजे वह घर के बाहर लगे नल पर पानी भर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसका भसुर शराब के नशे में वहां पहुंचा और उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की और दांत से काटकर घायल कर दिया।

महिला का यह भी आरोप है कि शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति और बच्चों के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता ने सहजनवा थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों पक्ष एक ही परिवार के सदस्य हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की परिस्थितियों के अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि यह आरोप पीड़िता की शिकायत पर आधारित हैं और मामले में पुलिस द्वारा आवश्यक जांच की गई है।

## सावन के पहले सोमवार पर भारी वाहनों की नो एंट्री

**अलीगढ़** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिव भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर में व्यापक ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है। यह व्यवस्था 31 जुलाई की रात आठ बजे से शुरू होकर तीन अगस्त को पर्व समाप्त होने तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान शहर और खैरेश्वर मंदिर की ओर आने वाले अधिकांश भारी एवं व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वाहनों को विभिन्न वैकल्पिक मार्गों से उनके गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। यातायात पुलिस के अनुसार दिल्ली, खुर्जा, खैर, टप्पल, इगलास, मथुरा, आगरा, एटा, कानपुर, अतरौली और बुलंदशहर की ओर से आने वाले भारी वाहनों के लिए अलग-अलग डायवर्जन रूट निर्धारित किए गए हैं। शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहने के दौरान इन वाहनों को गभाना, दौरऊ मोड़, गौमत, जट्टारी, यमुना एक्सप्रेस-वे, गोंडा, इगलास, सासनी और अन्य वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा।

# चौथी के छात्र की पीट-पीटकर हत्या, तनाव

**● मौसा की दुकान पर जाते समय 9 वर्षीय मासूम पर हमला, 15 वर्षीय किशोर गंभीर; आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए खूनी हमले में चौथी कक्षा के 9 वर्षीय छात्र सरस सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि 15 वर्षीय शिवकुमार गंभीर रूप से घायल है। मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब नौ बजे राजू सिंह का पुत्र शिवकुमार और उनके साढ़ू अरविंद सिंह का 9 वर्षीय बेटा सरस सिंह बेला चौराहे स्थित अपने मौसा की दुकान की ओर जा रहे थे। सरस अपनी मां के निधन के बाद माधोपुर स्थित अपनी मौसी के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे 8 से 9 युवकों ने दोनों को घेर लिया और लाठी-डंडों, लोहे की रॉड तथा ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पिपराइच पुलिस ने परिजनों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान देर रात सरस सिंह ने दम तोड़ दिया, जबकि शिवकुमार का मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मासूम की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था और समय रहते प्रभावी पुलिस कार्रवाई होती तो इस घटना को रोका जा सकता था। उन्होंने सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके




विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पिपराइच थाना प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर मुकदमे में आवश्यक धाराएं बढ़ाई जाएंगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। यदि चाहें, मैं इसे वेब पोर्टल/ई-पेपर शैली में और अधिक प्रभावशाली (SEO फ्रेंडली) बना सकता हूँ।

# नि:शुल्क शिविर में 510 मरीजों की जांच, चार गंभीर मिले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/उनवल।** बांसगांव में मुंशी रतन फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार, 2 अगस्त 2026 को ग्राम सभा डाड़ी रावत में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. सुनील कुमार सिंह के आवास पर हुआ, जहां क्षेत्र के लोगों को विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 510 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान चार मरीजों में गंभीर बीमारी के प्रारंभिक लक्षण पाए गए, जिन्हें बेहतर उपचार एवं आवश्यक जांच के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान में परामर्श लेने की सलाह दी गई।




शिविर में डॉ. विनायक अग्रवाल, डॉ. कृति अग्रवाल एवं डॉ. सैयद फहाद ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ अमरजीत सिंह ने डॉ. विनायक अग्रवाल को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर लोगों को समय पर बीमारी की पहचान और उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज सिंह, अमरेंद्र पाल, विष्णु शंकर मिश्र, गजेंद्र राम तिवारी, नंदकिशोर सिंह एडवोकेट सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन में मुंशी रतन फाउंडेशन के सदस्यों एवं स्थानीय सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आईजीआरएस के मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन पुनः प्रथम

**● खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों को सुधार के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस उद्देश्य की प्रभावी निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु शासन द्वारा जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) पोर्टल संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों का पुलिस विभाग द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा प्रत्येक माह मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विभिन्न मानकों, जांच की गुणवत्ता, निस्तारण की प्रभावशीलता तथा आवेदक की संतुष्टि के आधार पर की जाती है। उक्त मूल्यांकन के आधार पर थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर तक अधिकारियों की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग निर्धारित की जाती है। माह जुलाई-2026 की प्रदेश स्तरीय समीक्षा में कानपुर जोन ने जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के



प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र एवं झाँसी परिक्षेत्र तथा जनपद कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फतेहगढ़, झाँसी, जालौन व ललितपुर सहित जोन के कुल 123 थानों ने भी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस की प्रभावी कार्यप्रणाली को दर्शाता है। जनसुनवाई में जिन अधिकारियों/थाना प्रभारियों द्वारा अपेक्षित स्तर का प्रदर्शन नहीं किया गया है, उन्हें कार्यप्रणाली में त्वरित गुणात्मक सुधार लाते हुए IGRS के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आजमगढ़ में फूलपुर-पवई के पूर्व विधायक अबुल कलाम का निधन

**आजमगढ़।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के निजामपुर गांव निवासी पूर्व विधायक अबुल कलाम का शनिवार की सुबह करीब आठ बजे लखनऊ में निधन हो गया। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इनका इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा था। शनिवार की सुबह करीब आठ बजे चिकित्सकों ने स्वजन को घर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद स्वजन इनको लेकर लखनऊ के हुसैनगंज स्थित आवास पर लेकर आ गए। पूर्व विधायक अबुल कलाम ने 92 वर्ष की उम्र में घर पर ही अंतिम सांस ली। इनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वजन के अनुसार, पूर्व विधायक अबुल कलाम का पार्थिव शरीर शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे तक उनके पैतृक आवास निजामपुर गांव लाया जाएगा। अबुल कलाम वर्ष 1980 में कांग्रेस के टिकट पर फूलपुर-पवई विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे। राजनीतिक जीवन के साथ ही वह शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे। उन्होंने माहुल स्थित अशरफिया इंटर कालेज और अशरफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई और शिक्षा के प्रसार में योगदान दिया।

# बैंकों में अटकी 1911 पटरी दुकानदारों को आत्मनिर्भर बनाने वाली स्वनिधि



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** रेहड़ी-पटरी दुकानदारों के व्यापार को पंख लगाने और बेरोजगारों को रोजगार स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना चला रही है। यह धरातल पर सुस्त पड़ी है। बैंक कर्मियों की शिथिलता से नागरिक योजना के लाभ से वंचित हैं। मार्च से जून तक में सातों नगर निकायों में प्रथम चरण में 12,569 वेंडरों को ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से 9595 स्वीकृत हो गया। 1911 आवेदन बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक एचडीएफसी, इंडियन बैंक में लंबित हैं। योजना का लाभ पाने के लिए आवेदक हर दिन बैंक व नगरपालिका परिषद कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इस बार पहली किस्त की ऋण सीमा 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दी गई है। वहीं, दूसरी किस्त 20 हजार से 25 हजार, तीसरी किस्त 50 हजार रुपये बनी रहेगी। गत दिनों जिलाधिकारी ने योजना की समीक्षा की थी। प्रगति लक्ष्य के अनुसार नहीं होने पर नाराजगी भी जताई थी। शीघ्र ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया था। इसके बावजूद अब तक लक्ष्य पूरा होता नहीं नजर आ रहा।

**लाभार्थी हो रहे परेशान**

शिव बाबा के प्रवीण कुमार ने बताया कि नया रोजगार स्थापित करने के लिए आवेदन किया था।नगर पालिका द्वारा बैंक आफ बड़ौदा भेजा गया।बैंक वाले आनाकानी करते हैं। तीन-चार दिन से दौड़ा रहे हैं। अकबरपुर के विक्की बताते हैं कि चाट-पकौड़े की दुकान खोली है। कारोबार को और बड़ा करके रेस्टोरेंट खोलना है। योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आवेदन तो किया है, लेकिन बैंक वाले परेशान कर रहे हैं।

**ये लोग योजना का पाएंगे लाभ**

डूडा प्रोजेक्ट मैनेजर अमरेंद्र कुमार ने बताया कि नगरीय क्षेत्र के सैलून संचालक, जूता गांठने वाले, पनवाड़ी, कपड़े धोने वाले, सब्जियां फल बेचने वालों आदि को योजना का लाभ मिलेगा। आधार कार्ड, बैंक अकाउंट पासबुक, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता पड़ती है। जिनका दूसरा लोन पूरा हो गया है, वे तीसरे के लिए क्रेडिट कार्ड का आवेदन कर सकते हैं।

## आजमगढ़ में सरकारी योग शिक्षकों को मिल गई फर्जी तैनाती



**आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना की पुलिस ने सरकारी स्कूल और गैर सरकारी संस्थाओं में योग शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 17 फर्जी नियुक्ति पत्र और अन्य कूटरचित दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि पुरानी बस्ती (रोडवेज) निवासी सुजाता जायसवाल ने तहरीर देते हुए पुलिस को बताया था कि रितेश वर्मा, संदीप गुप्ता और उनके साथियों ने सरकारी स्कूल और गैर सरकारी संस्थाओं में योग शिक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रति अभ्यर्थी 1.35 लाख रुपये वसूले। इसके बाद मैक्स आइडिया के नाम से फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कई लोगों से धोखाधड़ी की। रविवार को चौकी प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा ने पुलिस टीम के साथ सूचना के आधार पर रोडवेज तिराहे से आरोपित रितेश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 17 फर्जी नियुक्ति पत्र और अन्य कूटरचित दस्तावेज बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह साथियों के साथ मिलकर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से धन वसूलता था। पुलिस के अनुसार, गिरोह से जुड़े अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है और मामले की विवेचना जारी है। बताया कि अभी गिरोह से जुड़े अन्?य लोगों की भी तलाश जारी है।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर और उसका साथी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजीपुर।** गहमर थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अंतरजनपदीय शातिर लुटेरे और मरदह थाने के हिस्ट्रीशीटर सुधीर पासी उर्फ ध्रुव पासी तथा उसके साथी समीम शाह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में नया मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 29 जुलाई को नवली निवासी मेराज कुरैशी ने तहरीर देकर बताया था कि दो युवक बकरा बेचने के बहाने उसे और उसके भाई को बसुका-करहियां मार्ग पर ले गए। वहां तमंचे की बट से हमला कर 60 हजार रुपये और सोने की चेन लूट ली। हमले में उसका हाथ भी टूट गया था। इस मामले में गहमर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी दौरान गदाईपुर निवासी मैरिज हाल संचालक नवीन पांडेय ने भी शिकायत दर्ज कराई कि उसके मोबाइल पर फोन कर खुद को शंकर पांडेय कटरा गैंग का सदस्य बताने वाले बदमाश ने 20 हजार रुपये की



रंगदारी मांगी और न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही थी।

शनिवार देर रात प्रभारी निरीक्षक नंद कुमार तिवारी और कामाख्या धाम चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव पुलिस टीम के साथ रेवतीपुर बार्डर पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर संदिग्धों की घेराबंदी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हिस्ट्रीशीटर सुधीर पासी के दोनों पैरों तथा समीम शाह के एक पैर में गोली लगी। दोनों को मौके से गिरफ्तार कर जिला अस्पताल भेजा गया।

**कई चोरी की घटनाओं का सामान बरामद**

पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर गहमर, सादात, मरदह, कोतवाली, जंगीपुर के अलावा सुल्तानपुर के अखंडनगर और आजमगढ़ के जहानागंज थाना क्षेत्रों में हुई घटनाओं से संबंधित सामान बरामद हुआ है। सुधीर पासी पर विभिन्न थानों में लूट, चोरी, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के 35 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि उसके साथी समीम शाह पर पांच मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के विरुद्ध गहमर थाने में पुलिस पर फायरिंग और आर्म्स एक्ट के तहत भी नया मुकदमा दर्ज किया गया है।

**यह हुआ बरामद** दो तमंचा, चार खोखा व दो कारतूस, चोरी की एक लाल रंग की हंटर मोटरसाइकिल, पांच मोबाइल फोन, एक पीली धातु का लाकेट, लूट के 90,620 रुपये नकद बरामद किया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## कावड़ यात्रा के लिए एसडीएम ने रास्ता ठीक कराया



**बरेली/** एसडीएम की मेहनत रंग लाई खराब पड़ी सड़क विभाग ने सही कराई कावड़ यात्रा को लेकर एसडीएम नवाबगंज सचिन यादव ने ए ई लोक निर्माण विभाग प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया वेद सिंह के साथ तीन दिन पूर्व निरीक्षण किया था गड्ढे मिले थे उन्होंने रास्ता ठीक करने के लिए निर्देश दिया था जिस पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क पर कच्चा पत्थर डालकर कीचड़ दूर कर दी गई है। ताकि कावड़ यात्रा लेकर निकल रहे श्रद्धालुओं को कीचड़ में होकर निकलने ना पड़े यह सड़क क्यों लड़किया मुख्य चौराहे से लेकर जावेद जाने वाले मार्ग के पुल तक कीचड़ को साफ किया गया है इससे श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा साथ ही अन्य निकालने वालों को भी परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा।

## तेंदुए का आतंक पांच बकरा मारे पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया



**बरेली/** तेंदुए ने किया हमला पांच बकरों की मौत कई दिनों से तेंदुआ विकासखंड भदपुरा में अपनी दस्तक दे रहा है इसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम भी धूल छान रही है परंतु वह टीम को चकमा देकर हाथे नहीं चढ़ रहा है 2 दिन पूर्व तेंदुए को इसी विकासखंड की ग्राम पंचायत कुंवरपुर तुलसी पत्ती में देखा गया दो दिन वन विभाग की टीम पकड़ने के लिए खोजती रही। बीती रात उसने भऊआ बाजार इरशाद के टूटे हुए घर में बांधे बकरों पर हमला कर दिया हमले में पांचों बकरों को बुरी तरह फाड़ कर मौत के घाट उतार दिया इसकी सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची साथ ही प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर गए उन्होंने पीड़ित की तहरीर पर बकरों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है देखना यह है वन विभाग की टीम क्या कार्यवाही करती है इन्हें भी एक चुनौती भरा कार्य है।

## कांवड़ यात्रा के दौरान रामादेवी पर रुट डायवर्सन



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में आज दिनांक 02.08.2026 को एसीपी यातायात मनोज कुमार सिंह द्वारा श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत रामादेवी हाईवे व विश्वकर्मा द्वार पर लागू डायवर्जन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निर्धारित यातायात डायवर्जन के अनुसार वाहनों का सुचारु संचालन कराया जा रहा है एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## देश के ऐतिहासिक गोल्डन टेंपल (स्वर्ण मंदिर)में भाजपा नेता रवि गुप्ता ने माथा टेका

### पलिया विधानसभा की जनता की खुशहाली की मंगल कामना की



**लखीमपुर खीरी** पंजाब के अमृतसर स्थित दुनिया के सबसे पवित्र एवं प्रमुख श्री स्वर्ण मंदिर,गुरुद्वारा साहब में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पलिया जिला बनाओ मंच के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी रवि गुप्ता ने पहुंच कर माथा टेका! पलिया विधानसभा की सम्मानित जनता की तरक्की एवं खुशहाली की कामना करते हुए पलिया पहले की तरह खुशहाल (मिनी पंजाब) बने इसकी शुभ मंगल कामना की!

# पेड़ पर लटका मिला युवक, जांच शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कनासी में शनिवार की शाम एक युवक का शव उसके घर के पास बने पशुबाड़े में नीम के पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम कनासी निवासी दिनेश उर्फ ईलू (32) का शव उसके घर के बगल में बने पशुबाड़े में नीम के पेड़ पर साड़ी के फंदे पर लटकता मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर नदीगांव थानाध्यक्ष राजकुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, फिल्ट यूनिट ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, दिनेश अपने मित्र रमेश निवासी धनौरा के साथ दिल्ली में काम करता था। बताया जा रहा है कि 25 जुलाई को दिल्ली में शराब पार्टी के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद रमेश ने आत्महत्या कर ली थी। रमेश के परिजनों ने दिनेश पर आरोप लगाए थे। बताया जा रहा है कि रमेश के अंतिम संस्कार के बाद ग्राम धनौरा में पंचायत हुई, जिसमें दिनेश से चार लाख रुपये देने की बात कही गई। 1 अगस्त को दोबारा पंचायत हुई, लेकिन कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। इसी विवाद के बीच शनिवार की शाम दिनेश का शव पेड़ से लटका मिला। इधर, दिनेश के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए



मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। थाना प्रभारी राजकुमार का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ मार्ग पर मीट बिक्री की सूचना से बवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर, शाहजहांपुर।** सावन माह में कांवड़ यात्रा मार्ग पर मीट बिक्री की सूचना को लेकर रविवार को रेलवे फाटक के पास जमकर हंगामा हो गया। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात संभालते हुए दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

घटना के दौरान कुछ देर के लिए क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा। रविवार को हिंदू युवा वाहिनी के मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, अमित राठौर, श्याम गुप्ता समेत संगठन के पदाधिकारी कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान रेलवे फाटक के पास चीनी मिल के निकट एक खोखे पर मुर्गे का मीट बिकने की सूचना मिलने पर कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि सावन में इसी मार्ग से बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगाजल लेकर गुजरते हैं, ऐसे में



मार्ग पर मीट की बिक्री धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली है।

विरोध बढ़ने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाकर स्थिति पर काबू पाया। पुलिस ने मौके से मुश्ताक और कामिल को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस कार्रवाई के बाद माहौल शांत हो गया और आवागमन सामान्य हो गया। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर मीट बिक्री की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सीसी रोड पर बह रहा गंदा पानी नालियां बंद



**बरेली/** क्यों लड़िया में सफाई व्यवस्था की उडी धज्जियां ब्लॉक मुख्यालय के ठीक सामने देवस्थान के पास से होकर जाने वाले सीसी रोड नदिया बंद होने के कारण गंदा पानी सीसी रोड के ऊपर बह रहा है यहां पर रहने वाले किसी गंदे पानी से होकर आते जाते हैं। परंतु इन नालियों को साफ करवाने के लिए कोई भी सुचारू व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण इस कॉलोनी के लोग नरक का जीवन व्यतीत कर रहे हैं सफाई से संबंधित सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरीश भारती से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया इसकी जांच करवा के सफाई करवा दी जाएगी ताकि यहां रहने वाले लोगों को इस गंदे पानी से होकर निकलना न पड़े मुन्नी देवी है धर्मपाल है विनोद कुमार सुशील कुमार धर्मपाल आदि लोगों का आरोप है इस गली में कभी भी कोई सफाई करने नहीं आता है।

# पहले सोमवार पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज पहले सोमवार से बाबा भोलेनाथ को समर्पित सावन का महीना शुरू हो चुका है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन नेकावड़ यात्रा मार्ग और मंदिरों के लिए भी सुरक्षा कड़े इंतजाम किये हैं। भगवान शिव की पूजा के लिए बेहद खास माना जाने वाला सावन के इस महीने का पहला सोमवार आज 03 अगस्त को और 10 अगस्त दूसरा सोमवार, 17 अगस्त को तीसरा और 24 अगस्त को चौथा अंतिम सोमवार पड़ेगा। इन सभी दिनों में शिव मंदिरों में विशेष पूजा और जलाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस पूरे महीने में पड़ने वाले सोमवार का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान जनपद के सभी शिवालयों में खासतौर से सावन के सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत रखने और विधि-विधान से शिव पूजा करने से भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है। अविवाहित लोगों को मनचाहा जीवनसाथी मिलने और विवाहित लोगों के दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। इस दौरान की गई पूजा, जप, तप और व्रत का कई गुना फल मिलता है। खासतौर पर सोमवार के दिन शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित कर भगवान शिव की पूजा की जाती है। माना जाता है कि ऐसा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

भोले भंडारी को सावन का महीना प्रिय होने के पीछे एक कथा है, दरअसल सावन के महीने ही मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था जिससे भगवान शिव प्रसन्न होकर मां पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। सावन के महीने में शिवलिंग का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है। पूरे सावन महीने के दौरान हर दिन शिवजी की पूजा-उपासना करने पर सभी तरह की मनोकामना जल्दी पूरी होती हैं। सावन के महीने में सोमवार व्रत, मासिक शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व होता है।

# सपा ने बी.एल.ए. और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पर बनाई रणनीति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर द्वारा छावनी विधानसभा क्षेत्र में बी.एल.ए. की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने की। बैठक में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, बी.एल.ए., छावनी विधानसभा के कार्यकर्ता एवं पीडीए टीम के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ना तथा मतदाता जागरूकता अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि प्रत्येक बी.एल.ए. अपने बूथ क्षेत्र का घर-घर भ्रमण कर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक युवक-युवती का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करे। प्रत्येक गली, मोहल्ले और वार्ड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के महत्व की जानकारी दी जाए तथा जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनका आवेदन भरवाकर सूची में शामिल कराया जाए।

अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि प्रत्येक बी.एल.ए. अपने बूथ की मतदाता सूची का नियमित सत्यापन करे तथा कटे हुए नाम जुड़वाने, स्थानांतरण और नाम, पता सहित अन्य त्रुटियों का समय रहते संशोधन कराया जाए।

पीडीए टीम के सदस्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर अधिक से अधिक नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ें और मतदान के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि प्रत्येक बी.एल.ए. अपने बूथ का नियमित फीडबैक तैयार कर नए मतदाताओं और छूटे हुए नामों की जानकारी संगठन को उपलब्ध कराए। मजबूत बूथ संगठन, शुद्ध मतदाता सूची और जागरूक मतदाता ही चुनावी सफलता की सबसे मजबूत नींव हैं। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,मुमताज मंसूरी,आसिफ शाह,लारेब खान आदि नेता उपस्थित रहे।

## हाईवे पर चला यातायात पुलिस का अभियान

### सड़क के किनारे खड़े 228 वाहनों पर हुई कार्यवाही



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया जिसमें सड़क के किनारे खड़े वाहनों पर कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया । इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 228 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई । यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

## पड़ोसियों ने मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)-** पड़ोसी महिलाओं संग गाली गलौच कर मारपीट करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने आरोपित दो सगे भाइयों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी महिला शशि पत्नी राजेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पड़ोसी कालू उर्फ धीरज और उसका भाई भरत पुत्रगण बैजनाथ बीते कई दिनों से परिजनों को परेशान कर रहे हैं। शनिवार की देर शाम उक्त दोनों भाई तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे, उसने जब विरोध किया तो उक्त दोनों भाइयों ने एकराय होकर गाली गलौच कर लाठी-डंडों और लात-घूसों से मारपीट कर उसे व उसकी जेठानी सुशीला पत्नी अखिलेश को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने घायल महिलाओं का सीएचसी में चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए आरोपित दोनों भाइयों के विरुद्ध दफा 115(2) बीएनएस में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डाक कावड़ लेने श्रद्धालुओं के जत्थे कछला हुए रवाना पुलिस ने विदा किया



**बरेली/भदपुरा** से डाक कर लेने के लिए सात स्थानों से श्रद्धालुओं के जत्थे रवाना हुए श्रवण मास के प्रथम सोमवार को जल अभिषेक करने के लिए विकासखंड भदपुरा से श्रद्धालुओं के रवाना होने पर पुलिस ने उनको विदाई दी इसमें बाहर जागीर से संतोष कुमार के साथ 60 लोग सिठौरा से देवेंद्र कुमार सिलरा से अरविंद कुमार के साथ 50 लोग नदिया। मोतीराम से निखिल कुमार के साथ 40 लोग बिहारीपुर अब्दुल रहमान से कमलेश कुमार के साथ 40 लोग पुरैनिया से राम सिंह नकटी से अश्विनी पाठक एवं बिजासन से कावड़ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के जत्थे रवाना हुए यह सभी श्रद्धालु कछला घाट से गंगाजल लाकर विभिन्न स्थानों पर डाक कावड़ के द्वारा वापस लौटकर शिव मंदिरों में जल अभिषेक कर भोले का आशीष प्राप्त करेंगे इन सभी को विदाई देने के लिए क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक समेत उप निरीक्षक उपस्थित रहे और उनके सफल यात्रा के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की गई।

# पुष्पवर्षा से हुआ साइकिल कांवड़ यात्रा का स्वागत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर, शाहजहांपुर।** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए रवाना हुई महंत सुनील चोटी वाले के नेतृत्व की साइकिल कांवड़ यात्रा का रविवार को तिलहर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं, व्यापारियों और समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का अभिनंदन किया। 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा।

दोपहर करीब दो बजे हाईवे स्थित एसके राइस मिल परिसर में राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश गुप्ता उर्फ पप्पू के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सभासद मोहित गुप्ता समेत अनेक व्यापारियों ने कांवड़ियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा जलपान और मिष्ठान कराकर उनकी सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।कांवड़ यात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर भी जोरदार स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों को फूल-मालाएं पहनाई, पुष्पवर्षा की तथा शीतल पेय और मिष्ठान वितरित किए। पूरे मार्ग पर गूंजते शिवभक्ति के जयघोषों ने माहौल को पूरी तरह भक्तिरस से सराबोर कर दिया। उसके बाद कांवड़ यात्रियों ने नगर के घोड़ी वाले बाबा के मंदिर में पहुंचकर रात्रि विश्राम किया जहां देर शाम आरती के बाद सोमवार को सभी कावड़िया अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। महंत सुनील चोटी वाले ने बताया कि उनकी यह यात्रा 30 अगस्त को हरिद्वार से जल लेकर प्रारंभ हुई थी इस यात्रा में 17 कांवरिया साइकिल से चल रहे हैं यह यात्रा तमाम शहरों में होती हुई 1400 किलोमीटर की दूरी पूर्ण कर आगामी 12 अगस्त को झारखंड के देवघर पहुंचेगी जहां 13 अगस्त को जलाभिषेक किया जाएगा कांवरिया दल में उपमहंत बृजेश गुप्ता, तुषार रस्तोगी उर्फ राजा, सोनू, विशाल गुप्ता टाटम, रामविलास, सुमित, सूरज, विपिन, अभय, आशीष, जतिन, मनी, राहुल गुप्ता, आयुष, लोकेश तथा प्रमोद शामिल है।

# मंदिर में चोरी के अभियुक्तों को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** थाना रेलबाजार पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया सम्पूर्ण माल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। कमिश्नरेट पुलिस के अनुसार दिनांक 28.7.2026 को वादी राकेश सिंह पुत्र श्याम बिहारी निवासी खपरा मोहाल थाना रेलबाजार कानपुर नगर द्वारा थाना रेलबाजार पर लिखित तहरीर दी

गई कि वह पम्पलेश्वर महादेव मंदिर, खपरा मोहाल के पुजारी हैं। दिनांक 24.07.2026 की प्रातः जब वह पूजा-अर्चना हेतु मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था तथा मंदिर से दान पेटी एवं तांबे से निर्मित नाग (सर्प प्रतिमा) चोरी हो गए थे। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रेलबाजार पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना रेलबाजार द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर सघन चेकिंग एवं मुखबिर के सहयोग से 1.08.2026 को उपनिरीक्षक विकास शर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे से संबंधित दो अभियुक्त टण्डन पुल के पास कहीं जाने की फिराक में खड़े हैं।

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर दोनों अभियुक्तों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की तलाशी एवं



उनके कब्जे से मिली बोरी की जांच करने पर चोरी गया सम्पूर्ण माल जिसमें दान पेटी एवं तांबे से निर्मित नाग (सर्प प्रतिमा) शामिल है बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अस्सु पुत्र अकबर अली निवासी- बेगमपुरवा, रजा मस्जिद के पास थाना बाबूपुरवा, अयान कातिल उर्फ अब्बू तलहा पुत्र मो. फारूख निवासी- बेगमपुरवा थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर हैं।

# सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों को सजाने में जुटे भक्त







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** सावन के सोमवार के खास महत्व को देखते हुए नगर व क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों, शिवालयों और मठों में 3 अगस्त को पहले सोमवार को लेकर खास तैयारियां की जा रही हैं। भगवान भूतेश्वर और महाकालेश्वर मंदिरों को खासतौर पर आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है।

चार दिन पूर्व 30 जुलाई से श्रावण मास का शुभारंभ हो चुका है और इसी के साथ भगवान भोलेनाथ शिव की आराधना करने में शिवभक्त संलग्न हो गए हैं। माना जाता है कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को अति प्रिय है और जो भी इस पूरे महीने विधि-विधान के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना करता है उस पर भगवान भूतनाथ की विशेष कृपा बरसती है। सावन के सोमवार में की जाने वाली पूजा से बाबा शंकर अति प्रसन्न होकर भक्तों को इच्छित फल प्रदान करते हैं। 3 अगस्त को पड़ने वाले पहले सोमवार को लेकर यहां नगर के विभिन्न मठ मंदिरों में साफ-सफाई और सज्जा की जा रही है। चंदकुआं स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर, गांधी नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर, नई बस्ती तिराहा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों को सुंदरता के साथ अलंकृत किया जा रहा है। सोमवार तड़के से ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा।

## विधायक सांगा के जन्मदिन पर मंदिर में हवन पूजन



**कानपुर।** सनिगवां में बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जनता विकास सेवा संस्थान व श्री राम यूथ फाउंडेशन के द्वारा जन्मदिवस पर उनकी लंबी उम्र के लिए हनुमान मंदिर में पूजन हवन व मलिन बस्तियों में बच्चो के साथ केक काटकर उनको स्टेशनरी, भोजन वितरण व वृक्षारोपण किया, इस दौरान संस्थान अध्यक्ष जितेन्द्र सविता, अमरेन्द्र राय, अनिमेश कुशवाहा, अनिकेत वर्मा, राघवेंद्र सिंह, निशात आलम, छेदा लाल शास्त्री, आमिर रजा, हिमांशु, हरिओम, दीपक, रमेश, सनी ठाकुर, आकाश भानु, सूरज, अभिजीत राजपूत इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# लापता बालिका को पुलिस ने किया बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** गत शुक्रवार की शाम घर से बाहर सामान लेने निकली 9 वर्षीय बालिका को कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से 24 घंटे में सकुशल बरामद कर लिया। बेटी को सामने पाकर परिजनों में खुशी देखने को मिली।

मामले के मुताबिक कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर में सिंहवाहिनी मंदिर के समीप रहने वाले ख्यालीराम ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी बेटी सोनाक्षी (9) शुक्रवार की शाम घर से बाहर कुछ सामान लेने निकली थी लेकिन इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी हैऔर खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने मामले में बालिका की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुट गई थी। शनिवार की देर शाम पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से बालिका को उस समय सकुशल बरामद कर लिया जब वह कोंच रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह घर से निकलकर स्टेशन रोड पर चाऊमीन खरीदने गई हुई थी और फिर वहां से स्टेशन पर जाकर बैठ गई थी। वहीं रविवार की सुबह पुलिस ने आवश्यक लिखापढ़ी कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय रहते उनकी बेटी को सुरक्षित वापस लाकर पुलिस



ने परिवार को बड़ी राहत दी है। गौरतलब हो कि अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने भी कोतवाली पुलिस को टीमें गठित कर बालिका को जल्द से जल्द बरामद किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके बाद पुलिस की टीमें बालिका की खोज में जुटी थी।

## हिन्दू रक्षा दल का प्रदर्शन, पप्पू यादव का पुतला दहन

**कानपुर।** सनातन धर्म के कथित अपमान के विरोध में रविवार को हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष नीरज निश्चल श्रीवास्तव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए सांसद पप्पू यादव का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीना मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष आलोक भदौरिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राशि कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ता संगठन के कार्यालय से जुलूस के रूप में मामा चौराहा पहुंचे, जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सांसद पप्पू यादव का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। मीडिया से बातचीत में जिला अध्यक्ष नीरज निश्चल श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि सांसद पप्पू यादव ने अपने कथित बयान में सनातन धर्म, भगवान श्रीराम तथा संत समाज का अपमान किया है, जिससे करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू रक्षा दल ऐसे किसी भी बयान को स्वीकार नहीं करेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## 06 वांछित आरोपी गिरफ्तार



**चुनार, मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन पर रविवार को चुनार पुलिस 06 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव के मार्ग दर्शन में यह गिरफ्तारी हुई है कोतवाल विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह पुलिस को सफलता मिली है। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि भिन्न मुकदमों से सम्बंधित वारंटी 1.चन्द्रकेतु पुत्र रामजग निवासी रैपरिया 2.धीरज पुत्र भगवानदास निवासी पिरल्लीपुर 3.विनोद सिंह पुत्र शिवकरण सिंह निवासी नुआंव 4. लक्ष्मण पुत्र किशोरी लाल निवासी साहबराम गोला 5.पारस पुत्र किशोरी निवासी साहबराम गोला 6.अमर पुत्र सोनई निवासी साहबराम गोला थाना चुनार को गिरफ्तार किया गया है सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

## लड़के को तंत्र मंत्र विद्या से मारने का आरोप

**सीखड़, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के आराजी लाइन सुल्तानपुर शीतला धाम निवासी उमेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे इकलौते पुत्र को तंत्र मंत्र विद्या से मारा गया है। कहा कि मैं बच्चों के परवरिश हेतु मुंबई में ट्रक चलाता हूं। मेरा पुत्र बीएचयू से बी फार्मा कर रहा था। मेरे न रहने पर मेरे पटीदार मेरे पत्नी बच्चे को सता रहे थे और बीच बीच में मारते पीटते गाली गुप्ता देते थे।इसके कुछ दिन बाद तंत्र मंत्र विद्या से मेरे इकलौते पुत्र विशाल उम्र 23 वर्ष को मरवा दिया गया। पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने कि मांग किया है।

## बाइक साइकिल टक्कर साइकिल दो घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अमवा के पास रविवार को बाइक व साइकिल की टक्कर मे साइकिल सवार सहित दो लोग घायल हो गए, अमवा गांव निवासी सुनील कुमार 18 वर्ष पुत्र दीपचंद साइकिल से घर जा रहे थे रास्ते में बाइक से टक्कर हो गई, घटना मे बाइक सवार रंजन गौतम 35 वर्ष निवासी रैपुरी व सुनील कुमार दोनों घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी रूपेश कुमार के सहयोग से गोपीगज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## हिंडालको कर्मचारी रवि सिंह ने लहराया तिरंगा



**रेणुकूट/सोनभद्र-** जनपद सोनभद्र के रेणुकूट निवासी रवि सिंह, पुत्र स्वर्गीय महामाया प्रसाद सिंह, रवि सिंह जो हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट के विभाग ब्वायलर को-जेनरेशन में कार्यरत हैं, ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन किया है। रवि सिंह ने पुरुष वर्ग के अंडर 58 किलो भार में थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित 9वीं हीरोज़ ताईक्वानडो इंटरनेशनल चैम्पियनशिप 2026 (31 जुलाई और 2 अगस्त 2026) में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर भारत, उत्तर प्रदेश, सोनभद्र और रेणुकूट का मान बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुनियाभर के 32 देशों के खिलाड़ी शामिल हुए थे रवि सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता टीम कोच हरप्रीत सिंह और राकेश कुमार एवं रंजीत सूरज वहीं हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के यूनिट प्रमुख समीर नायक, क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह, एचआर हेड अजय सिन्हा तथा बॉयलर को-जनरेशन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों को देते हुए कहा आपके सहयोग, मार्गदर्शन और विश्वास की वजह से मैं थाईलैंड में इंटरनेशनल प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज़ मेडल जीत सका। रवि की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से उनके परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और रेणुकूट हिण्डालको इंड्रस्ट्रीज के पूरे स्टाफ में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सुरियावां तहसील बनाने को ग्रामीणों ने भरी हुंकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुरियावां (भदोही)।** नगर स्थित जोधराज सिंह तालाब परिसर में रविवार दोपहर 'तहसील निर्माण संघर्ष समिति' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में सुरियावां को तहसील का दर्जा दिए जाने की मांग दोहराते हुए आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अभोली और सुरियावां विकास खंडों की संयुक्त आबादी लगभग तीन लाख है, लेकिन इतने बड़े क्षेत्र के लोगों को आज भी राजस्व संबंधी कार्यों के लिए करीब 30 किलोमीटर दूर भदोही तहसील जाना पड़ता है। तहसील तक आने-जाने में पूरा दिन व्यतीत हो जाता है, जिससे आम लोगों को समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सुरियावां को तहसील बनाए जाने की मांग वर्ष 2001 से लगातार उठाई जा रही है। इस दौरान कई सरकारें आई और चली गई। विभिन्न जनप्रतिनिधियों और नेताओं ने समय-समय पर आश्वासन भी दिए, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि केवल आश्वासनों से क्षेत्र का विकास संभव नहीं है, अब सरकार को इस मांग पर गंभीरता से निर्णय लेना चाहिए।

बैठक में वक्ताओं ने विशेष रूप से बताया कि अभोली ब्लॉक के प्रयागराज सीमा से सटे कुढ़वा, रामनगर, दुर्गागंज तथा सुरियावां ब्लॉक के हरिपुर, अभिया, चौगुना, कुशा समेत अनेक गांव भदोही तहसील मुख्यालय से काफी दूर स्थित हैं। इन गांवों के लोगों को जाति, आय, निवास, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे किसानों, मजदूरों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना था कि यदि सुरियावां को तहसील का दर्जा मिल जाता है तो न केवल लगभग तीन लाख लोगों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था भी मजबूत होगी। क्षेत्र में सरकारी कार्यालय स्थापित होने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों में तेजी आएगी।

बैठक के अंत में संघर्ष समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सुरियावां को तहसील बनाने की मांग को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। बैठक में संगठन के संरक्षक अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव उर्फ दादा, भदोही तहसील उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शेषधर गुप्ता, जटाशंकर मौर्य, संजय श्रीवास्तव, वशिष्ठ नारायण दुबे, लोकेश वर्मा, बऊ उपाध्याय, जतन गुप्ता,रीना श्रीवास्तव , रेशमा बानो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## आशीष गुप्ता बने आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष



**मीरजापुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी ड्रमंडगंज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष गुप्ता चुने गए अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी ड्रमंडगंज मे बहुत पुराने समय से रामलीला का प्रथा चल रहा है हर वर्ष रामलीला का बैठक कराया जाता है जिसमें इस वर्ष हमें रामलीला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है जिसका निर्वहन हम अच्छे ढंग से करेंगे और क्षेत्र के लोगों का बहुत आभार और रामलीला में सहयोग रहता है रामलीला कमेटी के बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष गुप्ता उर्फ गुड्डू कौशल गुप्ता ग्राम प्रधान शत्रुघ्न केसरी लवकुश केशरी पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तारकेश्वर केसरी शिवम केशरी अनूप केसरी अनिल केसरी विजय पाल बाबा केशरी विवेक केसरी आशीष केसरी सोनू केसरी अनूप केसरी सोनू सिंह शशांक केसरी संजू केसरी सतीश केसरी ज्ञान केसरी रोहित केशरी रामचंद्र केसरी ओमकार केसरी दिलीप चौरसिया सुरेश केसरी ग्राम प्रधान महुगढ़ी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# रिहन्द डैम का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**» डैम में जल उपलब्धता एवं मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा**

**» व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाए रखने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने रिहन्द डैम का स्थलीय निरीक्षण कर डैम में उपलब्ध जल की स्थिति एवं विभिन्न मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से डैम में उपलब्ध जल, उसके संचालन, रखरखाव तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डैम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए तथा जल उपलब्धता एवं संचालन व्यवस्था को प्रभावी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित की जाएं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि डैम परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा सुरक्षा एवं संचालन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे आमजन एवं संबंधित विभागों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्री संत पाल वर्मा, उपजिलाधिकारी दुद्धी, रेहन्द डैम के सहायक अभियंता, अवर अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 6 माह में 25 हजार सदस्य बनाएगी लोजपा: कमल तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई। प्रदेश महासचिव (पूर्वी), प्रदेश प्रवक्ता एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी ने कहा कि पार्टी ने अगले छह माह में 25 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाने तथा प्रतिदिन कम से कम 10 नए लोगों से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में सर्वसम्मति से बूथ स्तर तक संगठन विस्तार, विभिन्न प्रकोष्ठों के गठन, प्रत्येक ब्लॉक में दलित चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने तथा सोशल मीडिया टीम बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही प्रत्येक माह समीक्षा बैठक, सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी, अनुशासन समिति का गठन और पदाधिकारियों के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करने का भी निर्णय लिया गया। प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे ने कहा कि पार्टी भदोही में मजबूत संगठन तैयार कर आगामी चुनावों में पूरी ताकत के साथ उतरेगी। जिलाध्यक्ष विकास दुबे ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा पर निकले तीर्थयात्रियों का बाबा बड़े शिव धाम में हुआ भव्य स्वागत

**साइकिल से 28 राज्य की यात्रा पर निकले हैं यात्री**

**गोपीगंज।** नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम में द्वादश ज्योतिर्लिंग धार्मिक यात्रा पर निकले तीर्थयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। करनैलगंज, गोंडा निवासी रविंद्र कुमार निषाद एवं कृष्ण कुमार गौड़, सेखुआनी नौतनवा, महराजगंज साइकिल से 28 राज्य संपर्क भारत यात्रा पर निकले हैं। दोनों यात्री शनिवार सायंकाल काशी धाम से चलकर बाबा बड़े शिव धाम पहुंचे।धाम की सेवा समिति के सदस्यों के साथ सचिव रामकृष्ण खट्टू ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। इसके बाद जलाभिषेक व दर्शन-पूजन कर रात्रि विश्राम कराया गया।सेवा समिति द्वारा पवित्र सावन माह में तीर्थयात्रियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, विश्राम एवं दवा आदि की विशेष व्यवस्था की गई है। रात्रि विश्राम के उपरांत तीर्थयात्री रविवार सुबह प्रयागराज की ओर रवाना हो गए।

# बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन

**» मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी गई जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत दिनांक 2 अगस्त 2026 को थाना व जनपद बलरामपुर क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन एवं साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर दिए गए निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया। अभियान का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक विशाल कुमार पांडे एवं क्षेत्राधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के निर्देशन में थाना महाराजगंज तराई ग्राम पंचायत महादेव गोसाई के मौजा रामस्वरूप पुरवा में आयोजन किया गया। अभियान में साइबर हेल्प डेक्स आरक्षी धीरज तिवारी की भी सक्रिय भूमिका रही।


कार्यक्रम के अंतर्गत थाना क्षेत्र के ग्राम रामस्वरूप पुरवा एवं कस्बा चौराहा भीड़भाड़ जगह पर बजार सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला आरक्षी सोनम अवस्थी द्वारा बहू-बेटी सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को स्वयं के साथ होने वाले अपराधों की पहचान, उनसे बचाव एवं त्वरित सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी देते हुए बताया गया कि महिलाएं किसी भी समस्या के समाधान हेतु यहां अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। साथ ही महिलाओं से संबंधित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 14567 एल्डर हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नए कानूनों एवं नई धाराओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कुल 130 महिलाएं एवं 55 किशोरियां 40 पुरुष 35 उपस्थित रहे, जिन्होंने अभियान को उपयोगी बताते हुए पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की। इस जागरूकता अभियान में मिशन शक्ति टीम से मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव आरक्षी पवनेश कुमार महिला आरक्षी सोनम अवस्थी, श्वेता मद्धेशिया पूजा यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# प्रेमिका से शादी की जिद में टावर पर चढ़ा युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के धनापुर दक्षिणी गांव के पास रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब घनश्यामपुर निवासी विजय गौतम पुत्र होरीलाल गौतम प्रेमिका से शादी कराने की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पीआरबी पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुट गई। बताया जाता है कि युवक का गांव की ही एक युवती से लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। जानकारी के अनुसार करीब एक माह पूर्व युवक युवती को लेकर चला गया था। बाद में ग्रामीणों ने सामाजिक स्तर पर समझौते के जरिए मामले को शांत करा दिया था। हालांकि, युवक अपनी प्रेमिका से शादी करने की मांग पर अड़ा हुआ था।

रविवार सुबह करीब आठ बजे युवक अचानक धानापुर दक्षिणी स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और प्रेमिका को मौके पर बुलाने के साथ उससे शादी कराने की मांग करने लगा। युवक को टावर पर चढ़ा देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस और ग्रामीणों ने काफी देर तक युवक को समझाने तथा नीचे उतरने के लिए मनाने का प्रयास किया। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को आश्वासन देकर सुरक्षित नीचे उतारा जा सका। मामला प्रेम-प्रसंग और अंतरजातीय संबंध से जुड़ा होने की चर्चा के चलते गांव में तरह-तरह



की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस पूरे घटनाक्रम के दौरान मौके पर मौजूद रही और युवक को समझाकर सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास करती रही। टावर से नीचे उतरने के बाद पुलिस युवक को अपने साथ थाने ले गई, जहां पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# निर्णय और कर्म गढ़ते हैं नेतृत्व: दिलीप मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** नेता जन्म से नहीं बनते बल्कि अपने कर्तव्य, कर्म और निर्णयों से गढ़े जाते हैं उक्त विचार द ग्लेन हिल विद्यालय के प्राचार्य दिलिप कुमार मिश्रा ने शनिवार को अलंकरण इन्वेस्टिचर समारोह के दौरान कहा।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक आफताब अहमद एवं प्राचार्य दिलीप कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । विद्यालय के समन्वयक श्वेता मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। विद्यालय में अनुशासन उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व की भावना को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से स्टूडेंट काउंसलिंग तथा चारों सदनों के कप्तानों एवं उप कप्तानों का चयन उनकी योग्यता एवं नेतृत्व क्षमता के आधार पर किया गया सभी पदाधिकारीयों को बैंच एवं सैशे प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के हेड बॉय के रूप में अंश पटेल कक्षा 12 ,हेड गर्ल के रूप में अस्मिया कक्षा 12 ,डिप्टी हेड बॉय सूर्यवंश कक्षा 11, डिप्टी हेड गर्ल्स तृषा कक्षा 11 के प्रीफेक्चर शुभम सिंह कक्षा 9, डिप्टी चीफ नीलम यादव कक्षा 11,स्पोर्ट्स कैप्टन विवेक सिंह ,जिया सिंह ,डिप्टी चीफ कैप्टन शुभम सिंह ,और खुशी यादव कल्चरल एक्टिविटी कैप्टन राज आर्यन एवं तृप्ति सिंह तथा डिप्टी कल्चरल एक्टिविटी कैप्टन शुभम विश्वकर्मा ,अनन्या गुप्ता को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य दिलीप कुमार मिश्रा ने नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारी को पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाते हुए विद्यालय की गरिमा अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का सदैव पालन करने का आदर्श नेतृत्व प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन देवांश त्रिपाठी एवं पल्लवी कुमारी ने किया।

## नशामुक्त को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय लालगंज में शनिवार को नशामुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों को नशामुक्त हेतु सामूहिक शपथ दिलायी गयी तथा नशा के दुष्प्रभावों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आनलाइन उद्बोधन को सुनाया गया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व शिविरार्थियों को नशामुक्त जागरूकता रैली निकाली। रैली व नुक्कड़ नाटकों के जरिये युवाओं को नशा के प्रति जागरूक किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर शिविरार्थियों ने मंत्रमुग्ध किया। शिविरार्थी मनु, नेहा, दिव्यांशी आदि की प्रस्तुतियां खूब सराही गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डा. फणीन्द्रनारायण मिश्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. अमित कुमार सिंह ने की। इस मौके पर महाविद्यालय के निदेशक डा. संदीप कुमार मिश्र, डा. सुरभि सिंह, डा. अनीता त्रिपाठी, डा. रोहिणी त्रिपाठी, डा. रजनी सिंह, रूपाली सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में कांवड़ियों का समागम शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण माह के पहले सोमवार को लेकर रविवार से ही कांवड़िया श्रद्धालुओं का बाबा घुइसरनाथ धाम में जमावड़ा शुरू हो गया दिखा। वहीं कांवड़ यात्रा को लेकर जगह जगह स्थानीय प्रशासन को भी मुस्तैद देखा गया। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में जिले के मानिकपुर गंगा घाट से ज्यादातर कांवड़िया जलाभिषेक को पहुंच रहे हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर रविवार की शाम बाबा धाम के मार्ग पर हर हर महादेव व बोल बम का जयघोष गूंज उठा दिखा। बाबा धाम में विभिन्न शेड़ों में श्रद्धालुओं को कांवड़ के साथ विश्राम करते हुए देखा गया। वहीं बाबा धाम में जगह जगह वैरीकेटिंग के जरिये पहले सोमवार को वाहनों के प्रवेश को रोकने को लेकर पुलिस भी मशक्कत में दिखी। मंदिर क्षेत्र में भी वैरीकेटिंग कर पुरूष एवं महिला श्रद्धालुओं के बारी बारी से दर्शनपूजन व जलाभिषेक की व्यवस्था को प्रशासन ने अंतिम रूप दिया है। सई नदी में नाव पर गोताखोर की तैनाती भी हुई है। ज्यादातर कांवड़िया श्रद्धालुओं को बाबा धाम में बने गंगा सागर में स्नान करते देखा गया। मंदिर के महंथ मयंक भालगिरि ने बताया कि श्रावण माह में गर्भगृह में रूद्राभिषेक को प्रतिबंधित किया गया है। मंदिर परिसर में रविवार को हवन पूजन तथा भजन संकीर्तन में भी शिवभक्त मगन दिखे। एसडीएम वाचस्पति सिंह व सीओ राजीव द्विवेदी ने धाम परिसर का भ्रमण कर प्रबंधों का अवलोकन किया।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा पर निकले तीर्थयात्रियों का बाबा बड़े शिव धाम में हुआ भव्य स्वागत

**गोपीगंज।** नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम में द्वादश ज्योतिर्लिंग धार्मिक यात्रा पर निकले तीर्थयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। करनैलगंज, गोंडा निवासी रविंद्र कुमार निषाद एवं कृष्ण कुमार गौड़, सेखुआनी नौतनवा, महराजगंज साइकिल से 28 राज्य संपर्क भारत यात्रा पर निकले हैं। दोनों यात्री शनिवार सायंकाल काशी धाम से चलकर बाबा बड़े शिव धाम पहुंचे।धाम की सेवा समिति के सदस्यों के साथ सचिव रामकृष्ण खट्टू ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। इसके बाद जलाभिषेक व दर्शन-पूजन कर रात्रि विश्राम कराया गया।सेवा समिति द्वारा पवित्र सावन माह में तीर्थयात्रियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, विश्राम एवं दवा आदि की विशेष व्यवस्था की गई है। रात्रि विश्राम के उपरांत तीर्थयात्री रविवार सुबह प्रयागराज की ओर रवाना हो गए।

# स्वस्थ युवा ही समृद्ध राष्ट्र की नींव : अनूप द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर रविवार को भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में साइकिल यात्रा निकाली गई। 'साइकिल मैन भदोही' अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में निकली यात्रा को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.एस. यादव ने बड़ा चौराहा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पड़ाव, चकपरौना और जंगीगंज होते हुए यात्रा मां शारदा धनराजी देवी इंटर कॉलेज दवनपुर पहुंची, जहां प्रधानाचार्य अनूप द्विवेदी, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने साइकिल यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान परिसर में पंचवटी के पांच पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य अनूप द्विवेदी ने कहा कि स्वस्थ और मजबूत युवा ही देश की प्रगति का आधार हैं। उन्होंने युवाओं से योग-प्राणायाम अपनाने, साइकिल चलाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।इसके बाद यात्रा कलनुआ, महुआरी, जंगीगंज, सराय जगदीश, बड़ागांव मोड़, जंगलपुर, बलीपुर और भगेलीपुर होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के



दौरान 'साइकिल चलाइएं, ईंधन बचाएं', 'वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ' और 'करो योग, रहो निरोग' जैसे नारों से वातावरण गूंजता रहा। अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

# शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर योगेश तिवारी की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**लालगंज प्रतापगढ़।** पंचायत भवन रामलीला मैदान, चमरूपुर शुक्लान, प्रतापगढ़ में देश के दर्जनों कीर्तिमान बनाने वाले शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर योगेश तिवारी की स्मृति में गौरी शुक्ला हॉस्पिटल,राजापुर बिंधन, प्रतापगढ़ द्वारा क्षेत्र के बीमार व वृद्धजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।जिसमें चिकित्सक डॉ अमित सिंह फिजिसीयन, एस पी उपध्याय, कोमल सिंह द्वारा क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों के रक्त की जाँच, ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की जाँच करके दवा का वितरण भी किया गया।गौरी शुक्ला के प्रबंधक राजेश शुक्ला, पूनम शुक्ला कार्यक्रम के संयोजक आशुतोष तिवारी, शमशेरगंज चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार के साथ समाज के सभ्रान्त नागरिकों सुशील तिवारी, पवन शुक्ल गोलू, समाजसेवी संजय शुक्ल, आदित्य तिवारी, रुपेश तिवारी, अरुण रत्नाकर, राजेंद्र मौर्य,



जवाहर मौर्य, राजेश तिवारी, महेश पाण्डेय, विकास पाण्डेय, अजय सोनी, रामशिरोमणि पाण्डेय विवेक मिश्र, शिवम् मिश्र, अशोक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## दुकानें व विद्यालय निर्माण की मांग, मंत्री को सौंपा पत्रक

**गोपीगंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल गोपीगंज के पदाधिकारियों ने नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के नेतृत्व में गोपाल अग्रवाल के आवास पर पिछड़ा आयोग के मंत्री श्री सोहनलाल माली से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं को लेकर पत्रक सौंपा। व्यापारियों ने गोपीगंज छोटी चौराहा स्थित जिला पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय एवं वहां पूर्व में संचालित दुकानों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2018 में नई बिल्डिंग के निर्माण के नाम पर पुरानी बिल्डिंग को तोड़ दिया गया था। इस भवन में बड़ी संख्या में व्यापारियों की दुकानें थीं, जबकि ऊपर प्राथमिक विद्यालय संचालित होता था। व्यापारियों का कहना है कि भवन टूटने के बाद कई दुकानदारों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था प्रभावित होने से वहां पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा के लिए काफी दूर जाना पड़ रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## मंदिर चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तों की तलाश एवं अन्य पुलिस कार्यवाही के दौरान प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पर धारा 305(डी)/317(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत किया गया।प्राप्त तहरीर के अनुसार 01अगस्त को मां सीकन भवानी देवी मंदिर परिसर की साफ-सफाई के दौरान एक अभियुक्त द्वारा मंदिर में लगे 10 छोटे-बड़े पीतल के घंटे एवं 01पीतल का लोटा चोरी कर काले रंग के बैग में रखकर ले जाने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान वादी द्वारा अभियुक्त को मौके पर ही पहचान कर पकड़ लिया गया। घटना से संबंधित अभियुक्त विजय शुक्ल पुत्र तुलसीराम, उम्र करीब 42 वर्ष, निवासी ग्राम पूरे सीताराम, थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ को क्षेत्रान्तर्गत मां सीकन भवानी देवी मन्दिर ग्राम गजेहडा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## चार देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी लालगंज आलोक कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 रामनरेश मय हमराह उ0नि0 बनवारीलाल पाल आदि द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत जंगलीवीर बाबा के पास ग्राम कस्बा लालगंज से एक अभियुक्त रिंकज कोरी उर्फ मुहनोचवा पुत्र रामपियारे निवासी ग्राम तिना चितरी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष को 04 देशी जिंदा बम के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर सीज की गई।अंतर्जनपदीय अभियुक्त पर जनपद कानपुर नगर एवं प्रतापगढ़ में चोरी, विस्फोटक पदार्थ के अभियोग पंजीकृत हैं।

## मारपीट व धमकी मामले में महिला गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादिनी निवासी ग्राम कुन्दनपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ द्वारा प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षीगण द्वारा उसकी पुत्री को मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लाठी, डंडा व सरिया से मारपीट की गई तथा घरवालों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। इस मामले में थाना पट्टी पर 08 नामजद अभियुक्त/अभियुक्ताओं के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

थाना पट्टी पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुदकमा से संबंधित नामजद अभियुक्ता रिचा पत्नी धीरेन्द्र सरोज, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम कुन्दनपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## ऑपरेशन मजनू में आठ मनचले पकड़े गए

**डिंडई (सिद्धार्थनगर)।** ऑपरेशन मजनू अभियान में सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूमकर महिलाओं व बालिकाओं को असुविधा पहुंचाने वाले 8 मनचलों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सभी से माफीनामा भरवाया गया तथा धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत चालान किया गया। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन वाहनों का भी चालान कर संबंधित लोगों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी गई।

## राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर



**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष इंजीनियर रमाकांत पांडेय की अध्यक्षता में रामभरोसे पांडेय पी जी कॉलेज खजुरिया बांसी में संपन्न हुई। बैठक में कृपाशंकर त्रिपाठी, ईश्वर पांडेय, संजय पांडेय, शिवप्रताप शुक्ला, अरविंद द्विवेदी, शिवा कांत मिश्र, आदि मौजूद रहे। बैठक में सदस्यता अभियान चलाने एवं समान विचारधारा के लोगों को पार्टी से जोड़ने पर चर्चा किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों का चयन एवं जन- जन तक पार्टी की नीतियों को पहुचाने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया।

# जमुरावां में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के जमुरावा गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब 28 वर्षीय विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता की मौत को लेकर मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पूरे हुलासी, मकरंदपुर मजरे जमुरावा गांव निवासी मनीषा (28) पत्नी राजबहादुर का विवाह फरवरी 2023 में हुआ था। रविवार को करीब 11 बजे मनीषा का शव घर के कमरे में लोहे के छल्ले से फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही *क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार और कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव* पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक साक्ष्यों को सुरक्षित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई।

**मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप**

विवाहिता की मौत की जानकारी मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनीषा की मौत सामान्य परिस्थितियों में नहीं हुई है। मायके पक्ष ने घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। मृतका के परिजन संत प्रसाद यादव की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश**

क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के परिजन की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज**



फिलहाल विवाहिता की मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस की जांच में घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य, परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों के संबंध में स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद से मनीषा के मायके और ससुराल पक्ष के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत- प्रतिभा कुशवाहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनपद के हरि पैलेस में आयोजित सम्राट युवा संवाद एवं कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत सक्षम युवा शक्ति है और जब युवा सकारात्मक सोच, संस्कार एवं सेवा भाव के साथ आगे बढ़ते हैं, तब समाज और राष्ट्र दोनों नई ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं। अपने संबोधन में प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, महिलाओं तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने युवाओं से शिक्षा, सामाजिक समरसता, महिला सम्मान, राष्ट्रभक्ति एवं जनसेवा को अपने जीवन का मूल उद्देश्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल अपने भविष्य का निर्माता नहीं, बल्कि विकसित भारत के सपनों को साकार करने वाला सबसे मजबूत स्तंभ है। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सुपुत्र योगेश मौर्य, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, सुनील मौर्य, आलोक मौर्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कवियों की ओजपूर्ण प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और पूरे आयोजन के दौरान युवाओं में उत्साह एवं ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

# आईजीआरएस में प्रतापगढ़ पुलिस प्रदेश में प्रथम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन, सतत पर्यवेक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग में जनपद प्रतापगढ़ पुलिस ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रणाली एवं हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह जुलाई-2026 की आईजीआरएस रैंकिंग में 135 में से 135 (100 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जनपद पुलिस की जनसमस्याओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है। मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार जनपद स्तर पर सभी निर्धारित मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतापगढ़ पुलिस ने पूर्ण अंक अर्जित किए। शिकायतों के निस्तारण में समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के कारण डिफाल्टर संदर्भों की संख्या शून्य रही, जिसके लिए जनपद को इस श्रेणी में पूर्ण अंक प्राप्त हुए।

जनपद के 25 थानों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया, जिसमें 19 थानों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी का प्रदर्शन किया। इनमें संग्रामगढ़, सांगीपुर, महेशगंज, लीलापुर, लालगंज, उदयपुर, कुंडा, कोतवाली देहात, फतनपुर, बाघराय, पट्टी, अन्तू, नवाबगंज, मांधाता, रानीगंज, मानिकपुर, हथिगवां, महिला थाना एवं आसपुर देवसरा शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने आईजीआरएस सेल एवं जनपद के सभी थाना प्रभारियों, विवेचकों तथा संबंधित



अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया कि भविष्य में भी प्रत्येक जनशिकायत का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## जालसाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसपुर देवसरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना पर पंजीकृत धोखाधड़ी एवं जालसाजी के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विभिन्न व्यक्तियों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप है।वादी सत्यानन्द ओझा पुत्र हरि प्रसाद ओझा निवासी ग्राम फतूपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना आसपुर देवसरा पर धारा 420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया। आरोप है कि अभियुक्त नारायणदास पाण्डेय एवं सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा यशोदानंदन माध्यमिक विद्यालय में लिपिक एवं चपरासी पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र, फर्जी शासनादेश एवं कूटरचित अभिलेख तैयार कर कई अभ्यर्थियों से लगभग 61 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त कर धोखाधड़ी की गई। आसपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर पट्टी-रेडीगारा मार्ग स्थित भोपालपुर मोड़ से अभियुक्त नारायणदास पाण्डेय पुत्र भूपतिदास पाण्डेय निवासी ग्राम गंधियावा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 66 वर्ष को 01 अगस्त को गिरफ्तार कर हवाले हवालात किया गया।

# लखन प्रतापगढ़ी के उपन्यास का लोकार्पण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में साहित्यकार लखन प्रतापगढ़ी के उपन्यास 'तपती धरती जलते पांव' का भव्य लोकार्पण न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल फुलवारी प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ। शारदा संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। समारोह में प्रदेश के अनेक जनपदों के साहित्यकार उपस्थित थे।'तपती धरती चलते पांव' को बहुत सुंदर उपन्यास बताते हुए मुख्य अतिथि विज्ञान भूषण विजय चितौरी ने कहा कि लखन प्रतापगढ़ी ने उपन्यास में ग्रामीण परिवेश को बड़ी बेबाकी से पिरोया है। इसमें प्रवासी मजदूरों की पीड़ा को कुशलता से चिन्हित किया है। घटनाएं और संवाद उत्कृष्ट है।अंत तक पाठक का कौतूहल बना रहता है।

लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता कर रहे लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि 'तपती धरती जलते पांव' एक शाश्वत रचना है। इसके लेखन से युगबोध होता है। पात्रों का चयन ग्रामीण परिवेश से किया गया है। इसमें भाषा शैली रोचक है।

मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रसिद्ध साहित्यकार दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश' ने कहा कि शिल्प तथा भाव की दृष्टि से कथानक बहुत ही सहज है।अतिविशिष्ट अतिथि सुल्तानपुर से आए कथाकार डॉ0 शोभनाथ शुक्ला ने कहा कि अवधी भाषा की मिठास से उपन्यास सराबोर है। इसमें संस्कृति और अवधि की सुगंध है। यह एक सफल उपन्यास है। संचालन शिक्षक अनिल कुमार निलय ने किया। साहित्यिक मनीषी डॉ0 राम प्यारे प्रजापति, डॉ0 शाहिदा, डॉ0 अर्जुन पांडे, एलायंस क्लब इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य व डॉ0 सालिक राम प्रजापति ने उपन्यास की समीक्षा की। साहित्यकार राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, राकेश कनौजिया, बीना श्रीवास्तव, सुप्रिया पांडे, सुनील कुमार सिंह, कुंज बिहारी लाल मौर्य, श्री जगदेव प्रसाद प्रजापति, रमाशंकर प्रजापति, भगवती प्रसाद प्रजापति, तुलसीराम प्रजापति, उदयभान सिंह, आनंद मित्र आनंद, शंकर लाल, राजेंद्र पटेल, अशोक कुमार, प्रधानाचार्य बीके सोनी, अनीश देहाती आदि उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा विद्यालय में सुविधाओं का संकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/पचपेड़वा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, जंगल गांव (पचपेड़वा) में पेयजल, बिजली और शिक्षकों की कमी को लेकर छात्राओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शनिवार को मूल आदिवासी जनजाति कल्याण युवा संस्थान के पदाधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण उनकी पढ़ाई और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में पीने, नहाने और शौचालय के उपयोग के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। परिसर में पानी की टंकी होने के बावजूद अधिकांश समय वह खाली रहती है। उनका कहना है कि जनरेटर उपलब्ध होने के बावजूद उससे पानी की आपूर्ति नहीं कराई जाती। बिजली व्यवस्था को लेकर भी छात्राओं ने असंतोष जताया। उनका आरोप है कि बिजली गुल होने पर जनरेटर नहीं चलाया जाता और सभी कमरों में इनवर्टर की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें अंधेरे में रहना पड़ता है।

शिक्षकों की कमी भी छात्राओं की प्रमुख शिकायत रही। उनके अनुसार कक्षा नौ की पढ़ाई के लिए केवल एक अध्यापिका उपलब्ध है, जबकि कक्षा छह, सात और आठ के लिए



स्वीकृत पांच शिक्षकों के स्थान पर केवल तीन अध्यापिकाएं कार्यरत हैं। इससे नियमित शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। छात्राओं ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर जिला अधिकारी से मिलने जा रही थीं, लेकिन रास्ते में अधिकारियों ने उन्हें समझाकर वापस भेज दिया और शीघ्र ही शिक्षकों की व्यवस्था तथा अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। छात्राओं का कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे दोबारा जिला अधिकारी से मिलेंगी और समस्या का समाधान न होने पर सामूहिक रूप से विद्यालय छोड़ने पर विचार करेंगी। निरीक्षण के दौरान संस्थान के प्रतिनिधियों ने विद्यालय की वार्डन, अध्यापिकाओं और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर छात्राओं की समस्याओं से अवगत कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि विद्यालय में शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति के साथ पेयजल और बिजली व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा। संस्थान के जिला अध्यक्ष आलोक चौधरी ने बताया कि 10 से 12 दिनों के भीतर दोबारा विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। यदि तब तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संस्थान छात्राओं के हित में आगे की कार्रवाई करेगा।

## मिशन शक्ति के तहत बहू-बेटी सम्मेलन



**डिंडई (सिद्धार्थनगर)।** थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिंडई पुलिस ने रविवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत ग्राम कोटिया गडोरी में बहू-बेटी सम्मेलन एवं महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। शक्ति टीम के एसआई अयोध्या यादव, महिला कांस्टेबल प्रतिमा दूबे तथा कांस्टेबल गुड्डू यादव ने उपस्थित महिलाओं, छात्राओं एवं ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1930, 108, 102, 1076 एवं 101 के बारे में भी अवगत कराया गया।

# उमराई यादव ने 12 वर्ष की उम्र में थामा था तिरंगा- सुरेश यादव

**» शहीद स्मारक में संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी 55वीं पुण्य तिथि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली,** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी श्रीमती उमराई यादव की 55वीं पुण्य तिथि शहीद स्मारक मुंशीगंज, रायबरेली में संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चन्द्र यादव ने कहा कि उमराई यादव ने 12 वर्ष की आयु में तिरंगा थामा था। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत कर वानर सेना में शामिल होकर सत्याग्रह कर जेल यात्रा प्रारम्भ की थी। महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि उमराई यादव की सास श्रीमती इंदिरा यादव, ससुर सद्धू प्रसाद यादव, 9 वर्षीय पति बद्री प्रसाद यादव 6 जनवरी 1921 को किसान आन्दोलन में शामिल होने से रोकने के लिए फर्जी मुकदमें लिखकर जगतपुर पुलिस द्वारा गिरिफ्तार कर जेल भेजे गये थे। उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि उमराई यादव के पिता महावीर यादव 7 जनवरी 1921 को किसान आन्दोलन के मुंशीगंज गोलीकांड में घायल हुए थे। उनसे मिलने पंडित जवाहर लाल नेहरू मिलने जेल गये थे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि उमराई यादव की स्मृतियों को अक्षुण बनाये रखने के लिए आर.डी.ए. से अमर शहीद राना बेनी माधव सिंह चौक तक के मार्ग को तत्कालीन नगर पालिका परिषद के चेयरमैन हाजी मो0 इलियास ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी उमराई यादव मार्ग घोषित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि उमराई यादव व सेनानी परिजनों ने देश को स्वतन्त्रता के बाद मिलने वाले किसी भी लाभ व पेंशन लेने से मना कर दिया। पूर्व संयुक्त मन्त्री गोविन्द सिंह चौहान एडवोकेट ने कहा कि उ0प्र0 सरकार के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली से प्रतापगढ़ राज्य मार्ग पर उमराई यादव के गांव उन्डवा जाने वाले मार्ग पर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी उमराई यादव के नाम पर भव्य स्मृति द्वार बनवाया। समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि उमराई यादव के नाम पर उनके पैतृक गांव में इण्टरमीडिएट कालेज चलता है, जहाँ गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उमराई यादव से प्रेरणा पाकर उनके पुत्र ओपी यादव पूर्व अध्यक्ष सेन्ट्रल बार एसोसिएशन ने 10 वर्ष की आयु से आन्दोलन शुरू किए और समाजवादी विचारधारा से जुड़कर अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने में 82 बाल जेल गये। अखिलेश माही एडवोकेट ने कहा कि उमराई यादव के बड़े पुत्र रामनरेश यादव जू0हा0 स्कूल के प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए और वह जू0हा0 स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष रहे। दूसरे पुत्र राम बहादुर यादव आईटीआई में इंजीनियर थे और कर्मचारी संघ के सचिव रहे। क्रिकेटर विवेक सिंह राठौर ने कहा कि उमराई यादव ने अपने जीवन में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए काम किया। सौरभ शुक्ला ने कहा कि उमराई यादव ने 02 अगस्त 1972 को अंतिम सांस ली और वर्ष बाद उन्हें याद किया जाना उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को दर्शाता है। इस अवसर पर आदर्श पटेल, राम किशन पासी, आलोक विक्रम सिंह, अंकित यादव, राजेन्द्र कुमार बाजपेयी, प्रो0 राजेश यादव, अमित सिंह, नीरज श्रीवास्तव, समा खान, उमानाथ पाल एडवोकेट आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और उमराई यादव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में शहीद स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद किसानों को श्रद्धाँजलि अर्पित की।

# पीएम के आह्वान पर नशा मुक्ति का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में रविवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के राष्ट्रीय शुभारंभ के अवसर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक 'ड्रग-फ्री इंडिया' के संकल्प को जन-आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता को राष्ट्र निर्माण में लगाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के उपरांत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह ने उपस्थित शिक्षक, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा भारत की रीढ़ हैं। स्वस्थ, जागरूक और चरित्रवान युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। नशामुक्त युवा अपनी संपूर्ण ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता को राष्ट्र के विकास एवं समाज के उत्थान में समर्पित कर सकता है।

इस अवसर पर कुलपति ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा उन्हें स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त



भारत के निर्माण हेतु प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार, कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. नीता यादव, विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. प्रकृति राय,अधिष्ठाता वाणिज्य प्रो. सौरभ अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जितेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा व चहेलुम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिस्कोहर(सिद्धार्थनगर)।** बिस्कोहर चौकी परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना त्रिलोकपुर प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के अगुवाई किया गया।सावन महीना कावड़ यात्रा व चहेलुम त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन कायम रहे। आपस में गंगा जमुनी तहजीब बना रहे। पारंपरिक ढंग से कांवड़ यात्रा निकाली जाए। चाहेलुम का जुलूस शान्ति पूर्वक निकाल कर कर्बला पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं पर संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देते हैं तो इसकी सूचना थाने या चौकी पर अवश्य दें। इस मौके पर चौकी बिस्कोहर अमित कुमार शाही, उपनिरीक्षक



विजय नारायण राय, हेड कांस्टेबल इंद्रजीत सिंह, नीरज तिवारी, आशीष मौर्य, कांस्टेबल अजय यादव, बलराम सिंह, आयुच नन्द त्रिपाठी इसके अलावा सुधीर तिवारी, राजेश कुमार अवस्थी उर्फ कालिया बाबा,राघवेंद्र प्रताप सिंह, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, शेषराम चौरसिया,पप्पू पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय,मो उमर खां, हर्षित श्रीवास्तव, शाहिद सिद्दीकी, सुमिरन यादव, एजाज अहमद, सुल्तान अवस्थी, राजमणि दुबे, मोहिद खान, मो मुस्लिम, रवि सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या में पति और सास गिरफ्तार

**» मृतका की मां की तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकदमा, अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ना और हत्या का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र में दर्ज दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित पति और सास को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। दोनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, मृतका की मां ने 1 अगस्त 2026 को थाना महाराजगंज में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को पति एवं ससुराल पक्ष के लोग लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि 31 जुलाई 2026 को ससुराल पक्ष ने उसकी पुत्री की फांसी लगाकर हत्या कर दी। 101/2026 के तहत धारा 85/80(2) बीएनएस एवं




3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक रायबरेली रवि कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना महाराजगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कैर नाला के पास से वांछित अभियुक्त अनिल गुप्ता (पति) और कान्ती देवी (सास), निवासी कैर, थाना महराजगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रेम कुमार, आरक्षी अरुण यादव एवं महिला आरक्षी रक्षा देवी शामिल रहीं।

## जन आरोग्य मेले में 150 मरीजों की जांच



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर व न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा कठौतिया रामनाथ में आए मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सा परामर्श एवं सभी को दवाएं उपलब्ध कराई गई। जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में बिस्कोहर, एवं कोहड़ोरा राम नाथ कठौतिया दोनों मिलाकर 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निः शुल्क दवाएं दी गई। मेले के दौरान न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर में 105, न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा कठौतिया रामनाथ में 45 मरीजों की उपस्थिति रही। इस दौरान डॉक्टर राहुल कुमार, फार्मासिस्ट राकेश कुमार चौधरी,धीरज राय, राजू सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नारायणपुर से कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज रवाना

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** रविवार को नारायणपुर से बोल बम का जत्था रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व बोल बम जा रहे श्रद्धालुओं ने नारायणपुर दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की और माता से आशीर्वाद लेकर प्रस्थान किया। बोल बम जा रहे लोगों की माने तो वे लोग सोमवार को जल उठाएंगे और अपनी कावड़ यात्रा आरंभ करेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस क्षेत्र से काफी संख्या में लोग बोल बम जा रहे हैं तथा सुल्तानगंज में उत्तर वाहिनी गंगा जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए देवघर पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ को अर्पित करते हैं। अब पूरे एक महीने तक लोगों का यूं ही बोल बम आने जाने का क्रम जारी रहेगा।

### मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के धनबाद रोड स्थित बाबा मेडिकल स्टोर के समीप रविवार को सड़क हादसे में एक 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान कोनरा निवासी डेगन सिंह 80 वर्ष पिता स्वर्गीय देवधारी सिंह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डेगन सिंह सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वृद्ध गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए उन्हें इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने घायल वृद्ध का प्राथमिक उपचार किया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनके बीच चिंता का माहौल बना हुआ है। इधर, सूचना मिलने पर बरही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 113 पद खाली, मेडिकल कॉलेज में सीट बढ़ाने की चुनौती

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एस एनएम एमसीएच) में शिक्षकों की भारी कमी इस वर्ष एमबीबीएस की 150 सीटों पर नामांकन की राह में सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के लगभग 40 प्रतिशत पद खाली हैं। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन ने नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) से एमबीबीएस की 150 सीटों के लिए अनुमति मांगी है। मेडिकल कॉलेज में जल्द ही नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी है। ऐसे में अब सबकी निगाहें एनएमसी की अनुमति पर टिकी हैं। यदि आयोग से 150 सीटों की स्वीकृति मिल जाती है, तो विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा का अवसर मिलेगा। वहीं अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में इस वर्ष भी कॉलेज को 100 सीटों पर ही नामांकन करना पड़ेगा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. आरके महतो ने बताया कि एनएमसी की जवाब का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद आगे की तैयारी होगी। फिलहाल मेडिकल कॉलेज में ऐडमिशन सेल गठित की गई है।

# भारतीयता पर सीनियर सिटीजन फोरम की संगोष्ठी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंडः-** रविवार को जी एस डबलु सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा नोएडा स्थित गौर स्पोर्टस वुड सोसाइटी सेक्टर 79 के सी टावर भारतीयता पर संगोष्ठी की गई फोरम के अध्यक्ष निर्मल जैन (ब्लड मेन) ने संगोष्ठी की शुभारंभ भावना है मेरी सभी सुखी संसार हो ,सत्य संयम सत्य संयम शील का व्यवहार घर घरवार हो और यह मेरा उजडा हुआ भारत चमन गुलजार हो हमने वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से समस्त विश्व को अपना परिवार में उसका नाजायज फायदा उठाते हुए विदेशी आक्रांताओं ने हमारे देश पर आक्रमण करके हमारी संस्कृति को नुकसान पहुंचाया पर सबसे अधिक अंग्रेजों ने भारतीयों को मानसिक गुलाम बनाकर करके किया। अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा व्यवस्था पर प्रहार किया। 2 फरवरी 1835 में लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा कि मैंने भारत की चतुर्दिक यात्रा की मुझे वहां एक भी याचक, दरिद्र, चोर नहीं दिखा सभी अपने रोजगार में व्यस्त हैं यहां लंबे समय तक शासन करना है तो इनकी शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त करना होगा। इसी उद्देश्य 1855 में अंग्रेज शासको ने एक कानून पास करके भारतीय गुरुकुल प्रणाली को अवैध घोषित कर दिया उसे समय भारत में 7 लाख गुरुकुल थे। एक भी व्यक्ति अशिक्षित नहीं था सभी को शिक्षा गुरुकुलों में निशुल्क दी जाती थी वहां की व्यवस्था श्रीमंतो और राजाओं के अनुदान से चलती थी। नगर के बडे घर की बच्चे हो यह निर्धन के बच्चे सभी को समान शिक्षा दी जाती थी 72 कलाओं की शिक्षा दी जाती थी कोई डिग्री नहीं थी वहां से निकाल कर कोई भी व्यक्ति बेरोजगार नहीं होता था। उनका कौशल इतना विकसित हो जाता था कि उन्हें किसी का मोहताज नहीं होना पड़ता था। मैकाले ने इस व्यवस्था बंद कर डिग्री बांटने की व्यवस्था की जिस शिक्षा से केवल नौकर तैयार किए गए ।आज सब कोई केवल नौकरी के लिए पढ़ाई कर रहा है। आजादी के 79 साल के बाद भी हम अपनी भारतीयता को नहीं पा सके।भारत की प्राण राष्ट्रीय भाषा हिंदी की उपेक्षा करते आ रहे हैं। आज की बच्चों को तिरसठ संख्या बोलने पर वह समझ नहीं पाते उन्हें इंग्लिश में 63बताना पड़ता है ।हमारी देश में हमारी भाषा की उपेक्षा होती है भाषा संस्कृति की



संवाहिका का होती है हर देश अपनी भाषा का विकास कर रहा है हम आज भी अंग्रेजी के पीछे भाग रहे हैं। इसमें सुधार लाना होगा। स्कूल में नैतिकता की शिक्षा नहीं दी रही है जिसके कारण बच्चों में नैतिक पतन हो रहा है। पूर्व अध्यक्ष पीके गोयल ने भारतीयता पर प्रकाश डालते हुए कहा हम पश्चिमी संस्कृति की ओर जा रहे है। भाषा एवं पहनावा बदल चुका है जो नुकसान देह है। सांस्कृतिक सचिव शैलेश सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुआ कहा कि भारतीयता सिर्फ किसी स्थान का नाम बल्कि पूरे विश्व में व्याप्त अमेरिका के एयरपोर्ट पर कोई अपने से बड़े को चरण वंदना करता है तो भारतीयता झलकती है। सचिव नवरत्न गर्ग , सहसचिव रमेश सेठिया विनोद गर्ग समेत अनेक वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रकट किये। फोरम को सुचारू रूप से चलाने के लिए टीम का गठन किया गया। जिसमें संरक्षण डी डी अग्रवाल अध्यक्ष निर्मल जैन (ब्लड मैन ),उपाध्यक्ष साहब सिंह मलिक, महासचिव नवरत्न गर्ग, सहसचिव रमेश सेठिया, कोषाध्यक्ष मदन मोहन सूरी ,शह कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौर, सांस्कृतिक सचिव शैलेश सिन्हा, स्वास्थ्य सचिव सुभाष गुप्ता, प्रचार सचिव रमेश मित्तल,( राधे-राधे ), विधि सचिव प्रभाकर रस्तोगी ,कार्यकारिणी सदस्य आर एस सिंघल, विनोद गोयल, उमेश अग्रवाल को बनाया गया।

# बथानपहाड़ी-विजयपुर कच्ची सड़क के निर्माण नहीं होने से कृषकों में आक्रोश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया से 14 किलोमीटर दूर महुलपहाड़ी पंचायत के अंतर्गत बथानपहाड़ी ग्राम के पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ से विजयपुर गांव तक जाने वाली कच्ची सड़क के निर्माण की स्वीकृति की पहल नहीं किए जाने पर 1 अगस्त को ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने गहरी नाराजगी जताई। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उक्त कच्ची सड़क अत्यधिक जर्जर हो चुकी है। विशेष रूप से वर्षा के दिनों में इस सड़क से ग्रामीणों का आवागमन काफी कठिन हो जाता है।

पीडब्ल्यूडी पक्की सड़क के निकट कीचड़युक्त एवं ध्वस्त मार्ग के संबंध में पूछने पर महिला-पुरुषों ने एक स्वर में रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह कच्चा मार्ग वर्षों से इसी स्थिति में पड़ा है। वर्षा ऋतु में सड़क पर कीचड़ भर जाने से इसकी स्थिति और खराब हो जाती है, जिससे ग्रामीणों एवं किसानों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि ध्वस्त एवं कीचड़युक्त मार्ग के कारण किसानों को खेती के लिए अपने खेतों तक पहुंचने हेतु लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ता है।

एक प्रश्न के उत्तर में महिलाओं ने कहा कि इस सड़क का उपयोग आसपास के अन्य गांवों के लोग भी आवागमन के लिए करते हैं। महिलाओं ने महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी से शीघ्र उक्त ध्वस्त सड़क का निर्माण कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने गांव के कई टोलों में व्याप्त पेयजल समस्या का भी शीघ्र समाधान कराने की मांग विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी से की।

# सड़क हादसे के घायल व्यवसायी का निधन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही के धनबाद रोड पर 22 जून को हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए 42 वर्षीय व्यवसायी कपिल साहू का इलाज के दौरान शनिवार को रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। रविवार सुबह बरही मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां परिजनों, जनप्रतिनिधियों, शुभचिंतकों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

परिजनों ने बताया कि दुर्घटना के बाद से कपिल साहू का लगातार इलाज चल रहा था, लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। उनके निधन से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे पत्नी, तीन बच्चों और मां को छोड़ गए हैं। चार भाइयों में सबसे बड़े होने के कारण परिवार की अधिकांश जिम्मेदारियां उन्हीं के कंधों पर थीं। परिवार के प्रमुख कमाऊ सदस्य के



निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अंतिम संस्कार में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, समाजसेवी नंदकिशोर साव, रतन बाबा, अमित केसरी, नन्नू केसरी, पप्पू साव, बसंत साहू, उदय केसरी, टिंकू गुप्ता, राहुल गुप्ता, बंटी केसरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

### पत्नी की नौकरी की मांग पर टावर पर चढ़ा युवक

**रांची।** रांची में जेपीएससी परीक्षा में कथित धांधली की सीबीआई जांच की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे आंदोलन में शामिल एक छात्र हीरालाल अचानक जयपाल सिंह स्टेडियम के पास स्थित हाई मास्ट लाइट टावर पर चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद छात्र को सुरक्षित नीचे उतारा गया। पत्नी की नौकरी नहीं लगने से परेशान युवक विरोध जताने के लिए टावर पर चढ़ गया था। इस घटना के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। अब जयपाल सिंह स्टेडियम के पास 24 घंटे पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि दोबारा कोई छात्र टावर पर न चढ़े और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस पूरे इलाके की लगातार निगरानी कर रही है। वहीं, आंदोलन स्थल पर छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। राज्य के विभिन्न जिलों से छात्र रांची पहुंच रहे हैं और आंदोलन में शामिल हो रहे हैं।

# रंगडीह पंचायत में राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**धनबाद, झारखंडः-** गोविंदपुर प्रखंड की रंगडीह पंचायत में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का कार्यकर्ता सम्मेलन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को राजद की विचारधारा से जोड़ने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में जोश, उत्साह और एकजुटता देखने को मिली। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजद नेताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने और सामाजिक न्याय, समानता तथा जनहित की लड़ाई को नई दिशा देने का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल, धनबाद के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि संगठन के

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प



विस्तार के लिए धनबाद जिले की प्रत्येक पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नए लोगों को पार्टी से जोड़कर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाया जाएगा, ताकि जनता की आवाज को मजबूती के साथ उठाया जा सके। सम्मेलन में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष गुलशन खातून, युवा जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव, जिला सचिव कलाम अंसारी, साजिद अंसारी, अनवर, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष सल्लाउद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, नए साथियों को जोड़ने तथा राजद की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। नेताओं ने विश्वास जताया कि इसी तरह के कार्यकर्ता सम्मेलनों से धनबाद जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और पार्टी की जनाधार में और विस्तार होगा।

# सीख का उत्सव, सृजन का सम्मान- डॉ. आशुतोष मिश्रा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर, ग्रामीण।** विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार एवं अनुभवात्मक अधिगम को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय समय-समय पर विविध शैक्षणिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में ग्रीष्मकालीन गृहकार्य एवं ग्रीष्मकालीन शिविर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान तैयार किए गए विभिन्न विषयों के गृहकार्य तथा ग्रीष्मकालीन शिविर की रचनात्मक गतिविधियों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर श्री कौशिक भर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एनयूपीपीएल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यालय की गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियाँ




विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता एवं नवाचार की भावना का विकास करती हैं।

प्रदर्शनी में हिन्दी, अंग्रेज़ी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं कला शिक्षा सहित विभिन्न विषयों के गृहकार्य प्रदर्शित किए गए। साथ ही ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई पत्थर कला, टी-शर्ट छपाई एवं कंकड़ कला की कलाकृतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रदर्शनी का एक विशेष आकर्षण साइबर क्लब द्वारा आयोजित साइबर सुरक्षा प्रश्नोत्तरी रही, जिसमें आगंतुकों ने त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) संहिता को स्कैन कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त प्रतिक्रिया कक्ष में अभिभावकों एवं आगंतुकों ने अपने सुझाव एवं प्रशंसात्मक टिप्पणियाँ साझा कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय और अभिभावकों की सहभागिता ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की सबसे बड़ी शक्ति है।

# जेपीएससी मामले में झामुमो का पलटवार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) से जुड़े कथित घोटाले को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को हेमंत सरकार पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले सभी दोषियों के चेहरे जल्द बेनकाब होंगे और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। जैसे ही जेपीएससी में गड़बड़ी की शिकायत मिली, सरकार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जांच एजेंसी को जेपीएससी कार्यालय भेजा गया तथा अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। अब तक कई लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है, जो सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को दर्शाती है।




झामुमो प्रवक्ता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके शासनकाल में भी जेपीएससी परीक्षाएं लगातार विवादों और अनियमितताओं के आरोपों से घिरी रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य गठन के बाद पहली संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा से लेकर भाजपा सरकार के विभिन्न कार्यकालों में मूल्यांकन प्रक्रिया, उत्तर पुस्तिकाओं में कथित हेरफेर, भाई-भतीजावाद और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल उठते रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा युवाओं के विश्वास को राज्य की सबसे बड़ी पूंजी मानता है। सरकार निष्पक्ष जांच के माध्यम से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी छात्र के भविष्य के साथ अन्याय न हो।

### रेल यात्रीगण ध्यान दें! राजेंद्र पुल-सिमरिया रूट पर एनआई कार्य से 338 ट्रेनें प्रभावित

**धनबाद।** रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ने वाली है। बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के रेल यात्रियों को सितंबर के दूसरे पखवाड़े से अक्टूबर के पहले सप्ताह तक यात्रा मुश्किल होगी। रेलवे ने 20 सितंबर से चार अक्टूबर तक 338 ट्रेनों को रद करने की घोषणा की है। रद ट्रेनों में धनबाद होकर चलने वाली राउरकेला-जयनगर, टाटा-जयनगर और रांची-गोरखपुर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें भी शामिल हैं।

पूर्व मध्य रेल से जारी सूचना में बताया गया कि मोकामा के पास गंगा नदी पर मौजूदा राजेंद्र पुल के समानांतर नये रेल पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। रेल परिचालन शुरू करने को लेकर नान इंटरलाकिंग प्रस्तावित है। 21 से चार अक्टूबर तक प्री नान इंटरलाकिंग और इंटरलाकिंग के कारण ट्रेनें अस्थायी रूप से प्रभावित रहेंगी। ऐसे में रेल यात्रियों को सफर का प्लान बनाने से पहले ट्रेनों का अपडेट हासिल कर लेना चाहिए।

# माध्यमिक आचार्य भर्ती पर भी उठे सवाल

**● एक ही विश्वविद्यालय, सत्र से कई अभ्यर्थियों पर संदेह।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के माध्यम से माध्यमिक आचार्य के पदों पर हुई नियुक्ति में भी गड़बड़ी की आशंका है। आयोग से अनुशंसित अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों को लेकर कई शिकायतें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को मिली हैं। इसपर संज्ञान लेते हुए विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद को सभी विषयों के अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच गहराई से कराने को कहा है। जेएसएससी से कई विषयों में माध्यमिक आचार्य के पदों पर नियुक्ति की अनुशंसा मिलने के बाद विभाग ने सभी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। विभाग नियुक्ति पत्र वितरण की तैयारी भी कर रहा था।

इस बीच, कई अभ्यर्थियों के संबंध में शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने अब दोबारा प्रमाणपत्रों की गहराई से जांच कराने का निर्णय लिया है। ऐसे में अब पूरी तरह जांच होकर संतुष्ट होने के बाद ही विभाग नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित

### अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की होगी जांच



कर अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देगा। एक ही विश्वविद्यालय और सत्र से कई अभ्यर्थी सूत्रों के अनुसार, माध्यमिक आचार्य के पदों पर नियुक्ति के लिए जिन अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा हुई है, उनमें कई अभ्यर्थी एक ही निजी विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण हुए हैं। इतना ही नहीं कई अभ्यर्थी एक ही सत्र और एक ही विषय के हैं। प्राप्तांक भी अभ्यर्थियों के समान हैं। इस संबंध में ही लिखित शिकायत विभाग को मिली है।

**778 पदों के लिए मिली है विभाग को अनुशंसा**

माध्यमिक विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य के पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी से 20 विषयों में कुल 778 पदों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों की अनुशंसा मिली है। जिन विषयों में अभ्यर्थियों की नियुक्त होनी है, उनमें समाजशास्त्र विषय में 128, मनोविज्ञान में 39, मानवशास्त्र में 15, दर्शनशास्त्र में 13, गृह विज्ञान में 52, भूगर्भशास्त्र में 24 तथा अप्लायड इंग्लिश में 44 अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। इसी तरह, राजनीति शास्त्र तथा विशेष शिक्षा में भी क्रमशः 190 तथा 70 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा विभाग को मिली है। वहीं, संताली विषय में 55, हो में 15, कुरमाली में आठ, कुडुख में 16, मुंडारी में 11, उड़िया में दो, पंचपरगनिया में 10, बंगला में 12, खोरठा में 17, नागपुरी में 18 तथा उर्दू विषय में 39 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई है। बताते चलें कि इस परीक्षा के माध्यम से कुल 1,373 पदों पर नियुक्ति होनी है।

# सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को हाईकोर्ट से न्याय की आस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के डंडा थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय छात्रा को पिस्तौल की नोक पर अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के सनसनीखेज मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने मुख्य आरोपी को तगड़ा झटका दिया है। याचिकाकर्ता राहुल चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका (एबीए संख्या 4156/2026) पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की पीठ ने सख्त रुख अपनाया और याचिका खारिज कर दी। दरअसल, सुनवाई के दौरान सूचक के अधिवक्ता संजय कुमार सारस्वत ने अदालत को अवगत कराया कि आरोपी के खिलाफ निचली अदालत से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 84 के तहत इश्तहार और कुर्की का आदेश पहले ही जारी हो चुका है। आरोपित को कानून के शिकंजे में पूरी तरह घिरता देख आरोपी के अधिवक्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी, जिससे अब आरोपी की गिरफ्तारी का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। यह दिल दहला देने वाली वारदात पलामू के पनेरीबांध से शुरू हुई थी, जहां पीड़ित छात्रा रहकर पढ़ाई करती थी। उसके पड़ोस में ही पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरांव गांव के लकड़ही टोला का रहने वाला राहुल चौधरी रहता था। आरोप है कि राहुल ने छात्रा को अकेला पाकर पिस्तौल की नोक पर जबरन हवस का शिकार बनाया और किसी से कुछ भी कहने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में शादी का झांसा देकर उसे शांत रहने को मजबूर कर दिया, जिसके बाद सहमी छात्रा अपने गांव लौट आई।

**अपहरण के बाद रचा शादी का ढोंग और तहले नदी पुल के पास सामूहिक दुष्कर्म**

आरोपियों का दुस्साहस 4 अप्रैल को चरम पर पहुंच गया, जब छात्रा के माता-पिता घर पर नहीं थे। आरोपी राहुल अपने बहनोई आलोक चौधरी के साथ छात्रा के घर में घुसा और हथियार के बल पर उसे अगवा कर पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र स्थित सिगसिगी गांव के लोहरदगा टोला ले गया। वहां राहुल की बहन पूजा देवी और बहनोई की मौजूदगी में मांग भरकर शादी का ढोंग रचा गया। इसके बाद जब आरोपी राहुल और आलोक पीड़िता को मोटरसाइकिल पर बैठाकर वापस ले जा रहे थे, तो रास्ते में तहले नदी के पुल के नीचे ले जाकर दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

**पुलिसिया कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल, 3 दिन थाने में रखकर तोड़ा मोबाइल**

दरिंदगी के बाद आरोपी जब पीड़िता को उसके गांव छोड़कर भागने लगे, तो ग्रामीणों ने राहुल को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी, जबकि उसका बहनोई आलोक मौके से फरार हो गया। इसके बाद डंडा थाना पुलिस की ऐसी शर्मनाक कार्यप्रणाली सामने आई, जिसने खाकी को कटघरे में खड़ा कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने उसे तीन दिनों तक थाने में बिठाकर रखा, उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया गया और बयान बदलकर चार साल पुराना प्रेम प्रसंग बताने का दबाव बनाया गया। हद तो तब हो गई जब पुलिस ने आरोपी राहुल को थाने से छोड़ दिया और पीड़िता को गढ़वा आश्रय गृह भेज दिया।

**डीएलएसए के हस्तक्षेप से दर्ज हुई स्त्रद्धक्र, अब भी मिल रही धमकियां**

बताते हैं कि गढ़वा आश्रय गृह में पीएलवी से मुलाकात के बाद पीड़िता ने 10 अप्रैल को जिला विधिक सेवा प्राधिकार



(डीएलएसए) गढ़वा की सचिव को आवेदन देकर आपबीती सुनाई। डीएलएसए की पहल के बाद 14 अप्रैल को डंडा थाना में (कांड संख्या 9/2026) प्राथमिकी दर्ज हुई और 15 अप्रैल को पीड़िता का मेडिकल कराया गया। बावजूद इसके, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाय ढिलाई बरती। अदालत के सख्त रुख के बाद आखिरकार 22 जुलाई को पुलिस ने आरोपी राहुल चौधरी के घर पर इश्तहार चिपकाने की औपचारिकता पूरी की। चार महीने बीत जाने के बाद भी दरिंदे खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़िता एवं उसके परिवार को केस वापस लेने के लिए लगातार धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता ने डीजीपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन अब हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद पीड़ित परिवार को इंसाफ की उम्मीद जगी है।

# संक्षिप्त खबरें

## आधार कार्ड में पता और मोबाइल नंबर अपडेट करना आसान

**आगरा।** आधार एप अब केवल पता अपडेट करने तक सीमित नहीं रहेगा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने एप में मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा भी जोड़ दी है। इससे पात्र आधार धारक घर बैठे ही मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह सुविधा केवल उन्हीं लोगों को मिलेगी, जिनका पुराना मोबाइल नंबर आधार से जुड़ा हुआ है और उस पर ओटीपी प्राप्त हो सकता है।

**पुराने पंजीकृत नंबर पर ओटीपी होना जरूरी**

यूआईडीएआई ने यह सुविधा जोड़कर आधार एप की डिजिटल सेवाओं का दायरा बढ़ाया है। अब तक एप के माध्यम से मुख्य रूप से पता अपडेट करने की सुविधा उपलब्ध थी, जबकि मोबाइल नंबर बदलवाने के लिए आधार सेवा केंद्र जाना पड़ता था। नई व्यवस्था से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी, जिनका पुराना मोबाइल नंबर अभी भी सक्रिय है और आधार से जुड़ा हुआ,है।

## लापता राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी के बारे में लगा बड़ा सुराग

**आगरा।** एकलव्य स्टेडियम के छात्रावास से गायब राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी वंश सिंह के बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। छात्रावास की छत पर मिले खून के निशान के बाद पुलिस अनहोनी की आशंका की गुत्थी सुलझाने के लिए शहर के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक कर रही थी। उसे कैंट रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में वंश सिंह के 31 अगस्त की सुबह 5:40 बजे दिल्ली की ओर जाने वाली उज्जैनी एक्सप्रेस में सवार होते दिखाई दे रहे हैं, जिससे पुलिस के सामने एक बात साफ हो गई है कि खिलाड़ी के साथ कोई अनहोनी नहीं हुई है। पुलिस खिलाड़ी की लोकेशन पता करने का प्रयास कर रही है। शाहगंज के नगला छऊआ निवासी वंश सिंह एकलव्य स्टेडियम के छात्रावास से 31 अगस्त की सुबह गायब हो गए थे। वह तीन वर्ष से छात्रावास में रहकर टेबल टेनिस खिलाड़ी के रूप में प्रशिक्षण ले रहे थे। अंडर-17 वर्ष की कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुके वंश सिंह कई पदक जीत चुके हैं।

## अखिलेश यादव ने बटेश्वर कॉरिडोर निर्माण पर सरकार को घेरा

**आगरा।** ताजमहल पर दक्षिण कोरियाई पर्यटक को बंदर द्वारा काटे जाने की घटना के बाद प्रदेश सरकार पर निशाना साधने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब 'बटेश्वर कॉरिडोर' के निर्माण कार्य पर सरकार को घेरने का प्रयास किया है। उन्होंने मिट्टी के ऊपर प्लेन सीमेंट कांक्रीट (पीसीसी) डालने को भ्रष्टाचार बताते हुए 'अटल प्रोग्रेस वे' की स्थिति पर भी सवाल उठाए हैं। निर्माणदायी संस्था ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं को कीचड़ से बचाने के लिए पीसीसी डालने और सावन के बाद कोबल स्टोन बिछाने का निर्णय लिया गया है। अखिलेश यादव ने शनिवार सुबह इंटरनेट मीडिया पर बटेश्वर कॉरिडोर के कार्य की तस्वीर साझा कीं। उन्होंने लिखा, यह है 'बटेश्वर कॉरिडोर' के काम में हो रहे बेतहाशा भ्रष्टाचार का साक्षात सबूतः जिसमें दिनदहाड़े बिना बेस के सीधे मिट्टी पर ही पीसीसी डालने का वीडियो सरेआम हो गया है। यहां खराब कांक्रीट और पत्थर का इस्तेमाल हो रहा है और डिजाइन फाल्ट्स की भी कई बार लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कभी सुनवाई नहीं हुई।

# पंजाब में सफाई कर्मियों का वेतन दोगुना

### तीन वर्ष पूरे करने वाले आउटसोर्स कर्मी इन-सोर्सिंग नीति में शामिल, 1 अगस्त से मिलेगा 20, 520 मासिक वेतन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़/लुधियाना।** पंजाब सरकार ने सफाई सेवकों और सीवरमैनों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए उनके वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की घोषणा की है। स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक फैसलों को लागू कर दिया है, जिससे हजारों सफाई कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री ने बताया कि तीन वर्ष की सेवा पूरी कर चुके सभी आउटसोर्स सफाई सेवकों और सीवरमैनों को इन-सोर्सिंग नीति के तहत शामिल किया गया है। ऐसे कर्मचारियों को 1 अगस्त से 20,520 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इसमें लगभग 17 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में प्राप्त होंगे, जबकि शेष राशि भविष्य निधि एवं अन्य लाभों के रूप में जमा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे कई कर्मचारियों का वेतन



लगभग दोगुना हो गया है। हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि 2021 में अनुबंध पर नियुक्त सफाई कर्मचारियों को भी नियमित किया जाएगा, जिससे सरकार का एक और प्रमुख वादा पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों के लिए नई शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य किए जाने संबंधी सोशल मीडिया पर वायरल पत्र पूरी तरह फर्जी हैं। सरकार ने ऐसे भ्रामक पत्र फैलाने वालों के विरुद्ध जांच के निर्देश दिए हैं।

मंत्री ने बताया कि लुधियाना में सफाई कर्मचारी यूनियनों के साथ सकारात्मक वार्ता हुई, जिसमें अधिकांश मांगों पर सहमति बन गई है। शेष मुद्दों पर सोमवार को होने वाली बैठक में विचार किया जाएगा। सरकार के निर्णयों का स्वागत करते हुए यूनियनों ने पूरे पंजाब में कूड़ा उठाने और सफाई कार्य दोबारा शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम में सफाई व्यवस्था सुचारु रहना बेहद जरूरी है, ताकि संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका कम हो सके। सरकार सफाई सेवाओं को निर्बाध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बरनाला में सफाई कर्मचारियों से जुड़े हालिया मामले का उल्लेख करते हुए हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित डीएसपी को निलंबित कर दिया तथा संबंधित थाने के पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया है। मामले की जांच के लिए डिविजनल कमिश्नर पटियाला और डीआईजी पटियाला रेंज की अध्यक्षता में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, वीडियो साक्ष्यों की जांच हो रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार सफाई कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा उनके हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# दिल्ली के राजौरी गार्डन में तीन मंजिला मकान में लगी आग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पश्चिमी दिल्ली।** हरि नगर थाना क्षेत्र के राजौरी गार्डन स्थित एक तीन मंजिला मकान में रविवार शाम लगी आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे भवन में अफरातफरी मचा दी। मकान की शाफ्ट में जमा कचरे से उठी आग की लपटें पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल तक फैल गईं। धुएं के कारण ऊपरी मंजिलों पर मौजूद लोग घिर गए। हालांकि सूझबूझ और समय पर किए गए बचाव के कारण बड़ा हादसा टल गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, शाम 4:10 बजे जे-127ए, राजौरी गार्डन स्थित मकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दो वाटर टेंडर, दो वाटर बाउजर, एक क्विक रिस्पांस वाहन, एक मोटरसाइकिल फायर रेस्क्यू यूनिट और एक ब्रीदिंग सपोर्ट वाहन समेत कुल छह दमकल इकाइयों को मौके पर भेजा गया। अभियान का नेतृत्व सहायक मंडल अधिकारी (एडीओ) राजीव सिन्हा और स्टेशन अधिकारी बत्ती लाल ने किया। दमकल विभाग के पहुंचने से पहले दूसरी मंजिल पर फंसी 62 वर्षीय महिला, 32 वर्षीय महिला और तीन वर्षीय



बच्ची ने साहस का परिचय देते हुए साड़ी को रस्सी की तरह इस्तेमाल किया और उसकी मदद से सुरक्षित नीचे उतर आए। इसके बाद दमकलकर्मियों ने पूरे भवन की तलाशी लेकर यह सुनिश्चित किया कि अंदर कोई अन्य व्यक्ति फंसा न हो। साथ ही तेजी से आग पर काबू पाकर उसे अन्य हिस्सों में फैलने से रोक दिया। शाम 4:40 बजे आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। इसके बाद लंबे समय तक कूलिंग आपरेशन चलाया गया ताकि दोबारा आग न भड़क सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि करीब 300 वर्ग गज क्षेत्र में बने ग्राउंड प्लस तीन मंजिला भवन की शाफ्ट में रखे बेकार सामान और कचरे में आग लगी थी। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग से भवन के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा है।

## ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई पूरे समाज की जिम्मेदारीः राज्यपाल कटारिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटियाला।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या केवल पंजाब तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के लिए गंभीर चुनौती है और युवाओं को इसके जाल में फंसाकर देशविरोधी ताकतें राष्ट्र को कमजोर करने की साजिश कर रही हैं। राज्यपाल राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित 'ड्रग्स के खिलाफ जंग-ड्रग-फ्री पंजाब की ओर' विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद, पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। राज्यपाल कटारिया ने कहा कि सरकार, प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा आम नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से ही नशे जैसी सामाजिक बुराई का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को नशे से बचाने के लिए जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी को सुरक्षित रखना ही देश के भविष्य को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने पंजाब सरकार के 'वार ऑन ड्रग्स' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को जागरूक करने, उपचार, पुनर्वास, शिक्षा, खेल और कौशल विकास से जोड़ने का व्यापक सामाजिक अभियान है। उन्होंने विश्वविद्यालयों और विद्यालयों से शोध, जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने की अपील की। राज्यपाल ने सभी कुलपतियों और शिक्षाविदों से कहा कि वे अपने परिसरों में नशे की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाएं तथा नशे की लत से जूझ रहे विद्यार्थियों को दंडित करने के बजाय संवाद और उपचार के माध्यम से मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज इस चुनौती के प्रति गंभीरता से जागे और युवाओं को प्रेम, मार्गदर्शन तथा सहयोग देकर नशे की दलदल से बाहर निकाले। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नशे के विरुद्ध सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी से युवाओं में जागरूकता बढ़ाई जा सकती है।

## आगरा का महाराजा सूरज मल इंटर कॉलेजः 12वीं तक के स्कूल में सिर्फ 11 स्टूडेंट्स

**आगरा।** राजा मंडी जाट हाउस स्थित महाराजा सूरज मल इंटर कॉलेज की स्थिति अधिक चिंताजनक है। 1965 में स्थापित इस निजी सहायता प्राप्त विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक एक भी छात्र का नामांकन नहीं हुआ है। कक्षा छह से दस तक केवल 11 छात्रों का नामांकन है, जबकि 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए भी कोई नामांकन नहीं है। शिक्षकों का कहना है कि विद्यालय में न तो बिजली है और न ही साफ पीने के पानी की व्यवस्था, जिसके कारण बच्चों का नामांकन लगातार गिरता जा रहा है। वर्तमान में 11 छात्रों को पढ़ाने के लिए प्रधानाचार्य सहित सात शिक्षक नियुक्त हैं। प्रधानाचार्य सीमा सिंह ने बताया कि उन्होंने एक अप्रैल से विद्यालय का कार्यभार संभाला है। पिछले 20 वर्षों से विद्यालय में स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं है। पुराने बिजली बिल के भुगतान को लेकर विवाद चल रहा है। चुनाव या बोर्ड परीक्षा के समय अस्थाई बिजली लगाई जाती है, लेकिन उसके बाद इसे काट दिया जाता है। शहर के बीच स्थित इस विद्यालय में पिछले 20 वर्षों से बिजली नहीं पहुंची है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजना बंद कर रहे हैं। कागजों में विद्यालय का संचालन हो रहा है, लेकिन बच्चों के लिए न बिजली है और न पानी।

# पेपर लीक पर शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंडीगढ़ ने आज पंजाब में लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों के खिलाफ पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस के घर के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान, परिषद के कार्यकर्ताओं ने पोस्टर और बैनर के जरिए फार्मेसी परीक्षा के हाल ही में हुए पेपर लीक का विरोध किया, छात्रों के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा उठाया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ABVPके प्रदेश मंत्री जसकरण सिंह भुल्लर ने कहा कि पंजाब में लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों की वजह से लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले ADO, नायब तहसीलदार, कक्षा 12 के अंग्रेजी विषय और अब फार्मेसी परीक्षा के पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए तो छात्रों का परीक्षा सिस्टम से भरोसा पूरी तरह उठ



जाएगा। पंजाब यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन के प्रेसिडेंट गौरववीर सोहल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह आंदोलन यहीं नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अगर पंजाब सरकार पेपर लीक मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं करती है और स्टूडेंट्स को इंसाफ नहीं मिलता है, तो परिषद आने वाले समय में पूरे राज्य में एक बड़ा और तीखा आंदोलन करेगी।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन ने कई ABVP कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस गाड़ियों में डाल दिया। परिषद का आरोप है कि पुलिस ने शांति से प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स के साथ तानाशाही रवैया अपनाया और उनकी लोकतांत्रिक आवाज को दबाने की कोशिश की। ABVP ने मांग की कि सरकार सभी पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष और समय पर जांच करे, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और पारदर्शी परीक्षा सिस्टम सुनिश्चित करे। इसके साथ ही, परिषद ने यह भी मांग की कि पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करें और तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें। परिषद ने साफ किया कि स्टूडेंट्स के भविष्य के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मोबाइल विवाद में पत्नी की गला रेतकर हत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** ताजगंज के नगला पैमा में निकाह के तीन महीने बाद पत्नी उज्जमा की हत्या करके फरार पति फरहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। झांसी के थाना कोतवाली स्थित भैरो खिड़की मोहल्ला निवासी उज्जमा का निकाह इसी वर्ष 20 अप्रैल को ताजगंज निवासी फरहान के साथ हुआ था। विगत मंगलवार की सुबह उज्जमा का शव बंद मकान में मिला था। पति पिछले रविवार से मकान पर ताला लगाकर फरार था। पूछताछ में पति ने बताया कि उसने गुस्से में पत्नी का गला काट दिया था। मकान पर ताला लगाकर वह कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचा। सामने जो भी ट्रेन दिखाई दी, उसमें बैठ गया था। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने उज्जमा की स्कूटी बरामद कर लिया है, जिससे वह हत्या के बाद भागा था।

**निकाह के तीन महीने बाद पत्नी का गला काटने वाला पति गिरफ्तार**

पति ने बताया कि निकाह के दौरान दोनों के बीच एक दूसरे के बच्चों की जिम्मेदारी उठाने की बात हुई थी। पत्नी उज्जमा इससे मुकर गई थी। वह अपने बच्चों को मायके छोड़ आई थी वह अपने बच्चों को घर लेकर आया तो उनके लिए समय खाना नहीं बनाती थी। एक और बात पर आए दिन झगड़ा होता था कि पत्नी उसे अपना मोबाइल कभी हाथ नहीं लगाने देती थी। उसने कई बार पत्नी का मोबाइल चेक करके का प्रयास किया तो पत्नी झगड़ा करने पर आमादा हो जाती थी। घटना वाले दिन पत्नी ने खाना नहीं बनाया था और बच्चे परेशान थे। वह बच्चों को घर छोड़ आया। गुस्से में घर से निकल रहा था। पत्नी ने उसे खींच लिया, वह सीढ़ी से गिर गया। गुस्से में पत्नी का सिर पत्थर से कुचल दिया। गले को लेड से काट दिया था। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि आरोपित फरहान को रविवार को ताजगंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह को घेरा, गर्लफ्रेंड को छोड़कर भागा सरगना

**आगरा।** शहर से लग्जरी गाड़ियां चोरी करने वाले वाहन चोर गिरोह शुक्रवार दोपहर लखनऊ एक्सप्रेसवे पर घिर गया। पुलिस की घेराबंदी देखकर वाहन चोर गिरोह के सदस्य ने पहले 500 मीटर तक गाड़ी बैक गियर में दौड़ाई। इसके बाद कार में अपनी गर्लफ्रेंड को छोड़कर दूसरी ओर रोड पर छलांग लगा दी। वहां से वह भाग गया। कार में मिली वाहन चोर की गर्लफ्रेंड से पूछताछ में पुलिस को बड़े गिरोह की जानकारी मिली है। इसके बाद पुलिस की टीमें गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारी और वाहन बरामदगी के प्रयास कर रही हैं। लोहामंडी क्षेत्र की जयपुर हाउस कॉलोनी से करीब पंद्रह दिन पहले एक कार चोरी हुई थी। इससे पहले कमला नगर से गाड़ी चोरी हुई थी। छानबीन में पुलिस को पता चला कि वारदातों को एक ही गैंग कर रहा है। पुलिस की टीमें गैंग की तलाश में जुट गईं। शुक्रवार को पुलिस को खबर मिली कि गैंग लखनऊ एक्सप्रेस वे से गुजर रहा था।

# 'इक शाम शिव के नाम' आयोजन की तैयारियां तेज

### बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर धार्मिक इवेंट में परफॉर्म करेंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फगवाड़ा,** पंजाब सरकार 12 अगस्त को फगवाड़ा के 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' के प्लेग्राउंड में 'इक शाम शिव के नाम' इवेंट कर रही है, जिसमें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और AAP के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल शामिल होंगे। इवेंट से पहले, MP डॉ. राज कुमार चब्बेवाल, पंजाब हेरिटेज एंड टूरिज्म प्रमोशन बोर्ड के एडवाइजर दीपक बाली, डिप्टी कमिश्नर आकाश बंसल और स्स्कगौरव तुरा ने प्रोग्राम के आसान और सफल आयोजन के लिए तैयारियों का रिव्यू किया और वेन्यू का इंस्पेक्शन किया। उन्होंने स्टेज, बैठने की व्यवस्था, सिक्योरिटी, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग, सफाई, पीने का पानी, बिजली सप्लाई, मेडिकल सुविधाएं, फायर सेफ्टी और दूसरे जरूरी इंतज़ामों का रिव्यू किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय पर सभी तैयारियां पूरी करने और यह पक्का करने का निर्देश दिया कि प्रोग्राम के दौरान भक्तों और आने वालों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।



इस मौके पर रिपोर्टरों से बात करते हुए, MP डॉ. राज कुमार चब्बेवाल और सलाहकार दीपक बाली ने कहा कि भक्तों की सुविधा के लिए सभी ज़रूरी इंतज़ाम किए जाएं। उन्होंने ज़ोर दिया कि सभी डिपार्टमेंट प्रोग्राम को बिना किसी परेशानी के और आसानी से चलाने के लिए आपस में तालमेल बिठाकर काम करें। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक प्रोग्राम में मशहूर बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर परफॉर्म करेंगे।

डिप्टी कमिश्नर आकाश बंसल ने सभी डिपार्टमेंट को समय पर अपनी ज़िम्मेदारियां पूरी करने और सही इंतज़ाम पक्का करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साफ़-सफ़ाई, पब्लिक सुविधाओं, इमरजेंसी सेवाओं, बिना रुकावट बिजली और पानी की सप्लाई और दूसरी ज़रूरी सेवाओं पर खास ध्यान देने की ज़रूरत पर खास ज़ोर दिया। SSP गौरव तुरा ने सिक्योरिटी और ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान का रिव्यू किया और पुलिस अधिकारियों को लॉ एंड ऑर्डर, भीड़ मैनेजमेंट, पार्किंग और गाड़ियों की आसान आवाजाही के लिए पूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भक्तों और आम लोगों की सुरक्षा और सुविधा पक्का करने के लिए ज़रूरी जगहों पर काफ़ी संख्या में पुलिस कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इस इंस्पेक्शन के दौरान नगर निगम के मेयर रामपाल उप्पल, स्ष्ठरू नवजोत शर्मा और दूसरे डिपार्टमेंट के अधिकारी भी मौजूद थे।

# मुठभेड़ में टिल्लू गैंग के दो शूटर गिरफ्तार

**» पुलिस पर की ताबड़तोड़ फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में लगी गोलीः दो अवैध पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले की स्पेशल स्टाफ और थाना कंझावला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए टिल्लू गैंग के दो सक्रिय बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उनके पैरों में गोली लग गई और उन्हें दबोच लिया गया। मुठभेड़ में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस, छह खाली कारतूस के खोखे तथा हत्या में प्रयुक्त हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। जांच में खुलासा हुआ है कि इसी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल 30 जुलाई को कराला क्षेत्र में गोगी गैंग से जुड़े हरीश माथुर की हत्या में किया गया था।पुलिस के अनुसार 30 जुलाई को कराला इलाके में हरीश माथुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना कंझावला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) तथा शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25 और 27 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद स्पेशल स्टाफ ने तकनीकी निगरानी, मुखबिर तंत्र और लगातार फील्ड ऑपरेशन के माध्यम से आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी। विशेष सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने यूईआर-2 रोड, माजरी गांव के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही दोनों बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में नियंत्रित जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी और उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्की उर्फ राहुल रंगा (27 वर्ष), निवासी लाल कुआं, गाजियाबाद तथा विशाल उर्फ साहिल उर्फ लीलू (26 वर्ष), निवासी कराला, दिल्ली के रूप में हुई है। विक्की के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम सहित चार आपराधिक





मामले दर्ज हैं, जबकि विशाल के खिलाफ तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी टिल्लू ताजपुरिया गैंग से जुड़े विदेश में बैठे गैंग संचालक के संपर्क में थे और एन्क्रिप्टेड मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए निर्देश प्राप्त कर रहे थे। उन्हें हथियार और धनराशि भी सुनियोजित तरीके से उपलब्ध कराई जाती थी। पुलिस के अनुसार हरीश माथुर की हत्या गैंगवार की रंजिश के चलते की गई थी।जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी गोगी और दिनेश कराला गैंग से जुड़े 5 से 6 अन्य लोगों की रेकी कर चुके थे और उन पर भी जानलेवा हमला करने की तैयारी में थे। समय रहते पुलिस की कार्रवाई से एक और खूनी गैंगवार टल गई। घायल आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच जारी है और पूरे षड्यंत्र में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ऑपरेशन विस्टा में छह बांग्लादेशी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के मध्य जिला स्पेशल स्टाफ की फॉरेनर सेल ने विदेशी नागरिकों द्वारा वीजा नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन विस्टा 1.0 (वीजा स्थिति सत्यापन अभियान)' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए छह बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। सभी विदेशी नागरिक वैध डबल एंट्री वीजा पर भारत आए थे, लेकिन प्रत्येक यात्रा के दौरान अधिकतम 15 दिन तक भारत में रहने की निर्धारित सीमा समाप्त होने के बाद भी बिना किसी वैध अनुमति के देश में रह रहे थे। इस प्रकार उन्होंने अपने वीजा की अनिवार्य शर्तों का उल्लंघन किया।पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मध्य जिले के होटलों, अतिथि गृहों एवं अन्य स्थानों पर ठहरे विदेशी नागरिकों के दस्तावेजों का व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया। इसी दौरान नबी करीम थाना क्षेत्र स्थित अराकाशन रोड के एक होटल में छह बांग्लादेशी नागरिक ठहरे मिले। पुलिस टीम ने उनके पासपोर्ट, भारतीय डबल एंट्री वीजा, आव्रजन अभिलेख तथा यात्रा संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच में पता चला कि यद्यपि उनके वीजा वैध थे, लेकिन प्रत्येक यात्रा के लिए निर्धारित 15 दिनों की अधिकतम अवधि समाप्त होने के बावजूद उन्होंने सक्षम प्राधिकारी से अनुमति या अवधि विस्तार प्राप्त नहीं किया और भारत में ही ठहरे रहे।पुलिस ने तत्काल सभी छह विदेशी नागरिकों को हिरासत में लेकर विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष प्रस्तुत किया। दस्तावेजों और आव्रजन रिकॉर्ड के सत्यापन के बाद एफआरआरओ ने उनके विरुद्ध वीजा नियमों के उल्लंघन के संबंध में कानूनी कार्रवाई प्रारंभ करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए। इसके बाद सभी को निर्वासन (डिपोर्टेशन) की प्रक्रिया पूरी होने तक सेवा धाम निरुद्ध केंद्र, शाहजादा बाग, सराय रोहिल्ला, दिल्ली भेज दिया गया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे वैध डबल एंट्री वीजा पर भारत आए थे और मध्य दिल्ली के होटल में रह रहे थे। पुलिस द्वारा उनके यात्रा रिकॉर्ड का मिलान करने पर वीजा शर्तों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों की पहचान शफी इमाम नफीस सिद्दीकी (31 वर्ष), एहेया अहतेशाम (31 वर्ष), आसिफ मोल्ला (21 वर्ष), मोहम्मद बुलबुल हुसैन (20 वर्ष), हसन शेख (24 वर्ष) तथा 21 वर्षीय एक महिला के रूप में हुई। इनमें दो सिलहट, दो गोपालगंज तथा दो सिराजगंज (बांग्लादेश) के निवासी हैं।जांच एवं कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस ने छह बांग्लादेशी पासपोर्ट, छह भारतीय डबल एंट्री वीजा, आव्रजन एवं यात्रा संबंधी दस्तावेज



तथा होटल में ठहरने से संबंधित अभिलेख अपने कब्जे में लिए हैं। जांच के दौरान अब तक किसी भी आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। वर्तमान कार्रवाई केवल वीजा की शर्तों का उल्लंघन कर निर्धारित अवधि से अधिक समय तक भारत में रहने के मामले में की गई है।यह कार्रवाई मध्य जिला स्पेशल स्टाफ के प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव के नेतृत्व तथा सहायक पुलिस आयुक्त (ऑपरेशन) पदम सिंह राणा के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक सतीश, मुख्य आरक्षी नरेंद्र, मोहित, विकास, दीपक, योगेश, आरक्षी तरुण तथा महिला आरक्षी गरिमा और अमित कुमारी की टीम ने संयुक्त रूप से अंजाम दी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि 'ऑपरेशन विस्टा 1.0' के तहत विदेशी नागरिकों द्वारा वीजा नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि देश के आव्रजन कानूनों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता रजनीश सिंह 'रिशु' समर्थकों संग कांग्रेस में शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व छात्र नेता एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता रजनीश सिंह 'रिशु' ने रविवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी। सिविल लाइंस स्थित शंकर मेमोरियल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय तथा राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी की मौजूदगी में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। वरिष्ठ नेताओं ने रजनीश सिंह को कांग्रेस का पटका पहनाकर स्वागत किया और उनके पार्टी में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि युवाओं और छात्र नेताओं के पार्टी से जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। वहीं रजनीश सिंह के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थकों ने कांग्रेस के पक्ष में नारेबाजी करते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद रजनीश सिंह 'रिशु' ने कहा कि वह लंबे समय से छात्र हितों की लड़ाई लड़ते रहे हैं और छात्रों के अधिकारों के लिए कई बार जेल भी जा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से देश का सामाजिक सौहार्द प्रभावित हुआ है तथा युवाओं और छात्रों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छात्रों पर विभिन्न प्रकार की कार्रवाई और दमनात्मक कदम उठाए गए हैं। रजनीश सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विचारों को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाना उनका उद्देश्य होगा। उन्होंने कहा कि 'नफरत के माहौल में मोहब्बत की दुकान' के संदेश को आगे बढ़ाते हुए छात्र-युवा वर्ग को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देशभर में छात्रों के साथ हुई कथित ज्यादतियों के खिलाफ कांग्रेस आवाज बुलंद करेगी। इस अवसर पर उन्होंने 8 अगस्त को शाम 6 बजे केपी ग्राउंड कॉलेज में आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का भी उल्लेख किया। उनका दावा है कि इस कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आगमन के अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।



# शिवकुटी पुलिस और एसओजी ने सात वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया, सात अवैध देशी बम बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना शिवकुटी पुलिस, एसओजी नगर टीम तथा सर्विलांस सेल नगर टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और संगठित अपराध से जुड़े मामले में वांछित सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात अवैध देशी बम बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, थाना शिवकुटी में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 117/2026, धारा 191(2), 191(3), 288, 111(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 7 सीएलए एक्ट तथा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में लंबे समय से वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार को राम जानकी मंदिर के पास थाना शिवकुटी क्षेत्र में घेराबंदी कर सभी सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में नितिन निषाद उर्फ अखिल, रवि निषाद, विनीत निषाद, वंश निषाद, राहुल वर्मा, शुभ विश्वकर्मा तथा कुलदीप सिंह शामिल हैं। तलाशी के दौरान प्रत्येक अभियुक्त के कब्जे से एक-एक अवैध देशी बम बरामद हुआ, जिनकी कुल संख्या सात है।




# 12 लोगों ने घर में घुसकर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज ।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के चाका बसन्त में घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस हमले में पीड़ित अमिताभ कुमार का हाथ तोड़ दिया गया, वहीं उसके भाई पर धारदार हथियार से हमला किया गया। पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नैनी थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, चाका बसन्त निवासी अमिताभ कुमार पुत्र झल्लर प्रसाद ने बताया कि 1 अगस्त 2026 की रात करीब 9 बजे रिसब पुत्र दीपक, अंशू, अन्नू पुत्र दीपक, सुभाष पुत्र पन्नाल, अंकुश पुत्र सुभाष, मंगल पुत्र कल्लू, धर्मेन्द्र पुत्र कल्लू, धीरज पुत्र मदन, सुनील पुत्र मदन, आशीष पुत्र मदन, रोहित पुत्र मदन, आर्यन पुत्र धीरज और निखिल पुत्र पुष्पराज उनके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी आरोपियों ने अमिताभ और उनके भाइयों को पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अमिताभ का हाथ तोड़ दिया गया और उनके एक भाई पर धारदार हथियार से हमला किया गया। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि 'किसी को कुछ बताओगे तो जान से मार देंगे '। घटना के बाद पीड़ित अमिताभ कुमार ने 2 अगस्त 2026 को थाना नैनी में लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना प्रभारी श्री बृजकिशोर गौतम के निर्देश पर सभी 12 आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# संत रविदास ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का दिया संदेश : संजय श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के शुभ अवसर पर कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज के जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न मंदिरों का भ्रमण कर श्रद्धापूर्वक जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि संत रविदास जी महान संत एवं समाज सुधारक थे।

उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सभी जाति-समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य ईश्वर का अंश है, इसलिए सभी का समान सम्मान किया जाना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने और समाज में प्रेम, समानता एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महामंत्री कृष्ण कुमार शुक्ला, मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, बेनी माधव मंदिर के महंत दामोदर तिवारी, भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश थापा, डॉ. सुभाष कुशवाहा, महेश वर्मा, रामजी श्रीवास्तव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# संकट मोचन मंदिर का 26वां दो दिवसीय पूजन कार्यक्रम संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संकट मोचन मंदिर त्रिवेणी नगर (मुक्ता विहार पार्क) में चल रहे 26वां दो दिवसीय पूजन कार्यक्रम रविवार को प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।यह जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित राजेश मिश्रा, गिरिराज शर्मा व रेनू शर्मा ने बताया, कि इस मंदिर में विगत 26 वर्षों से जन सहयोग लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

# एसडीएम मयंक गोस्वामी ने धनारा घाट पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी पूरनपुर मयंक गोस्वामी द्वारा धनारा घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घाट पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, चेतावनी संकेतक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता एवं समन्वय के साथ संचालित की जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को पूर्णतः रोका जा सके। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करना है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ निरंतर निगरानी बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहें। निरीक्षण के दौरान थाना हजारा की पुलिस टीम, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# शेरपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर हुई व्यापारियों की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर शेरपुर कलां रेलवे उपरिगामी सेतु (ओवरब्रिज) को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को एकजुट करना, संगठन को मजबूत बनाना तथा प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण से जुड़ी व्यापारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करना रहा। इस दौरान संगठन विस्तार पर विशेष जोर देते हुए 21 नए युवाओं को व्यापार मंडल से जोड़कर नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल के पूरनपुर पहुंचते ही व्यापारियों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारों के बीच जिलाध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन किया गया। आयोजित बैठक में व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल ने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ता आया है और आगे भी किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन विकास कार्यों का विरोध नहीं करता, लेकिन ऐसा विकास होना चाहिए जिससे किसी छोटे व्यापारी की रोजी-रोटी प्रभावित न हो। उन्होंने सभी व्यापारियों से संगठित रहने का आह्वान करते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही व्यापारियों की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने नवगठित युवा टीम को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं के जुड़ने से संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा व्यापारियों की आवाज शासन-प्रशासन तक और प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने कहा कि शेरपुर कलां रेलवे ओवरब्रिज क्षेत्र के विकास और भविष्य की यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक है। शारदा नदी पर पुल बनने और बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए ओवरब्रिज का निर्माण जरूरी है, लेकिन इसकी प्रस्तावित चौड़ाई कम कर व्यापारियों की दुकानों को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल किसी भी कीमत पर व्यापारियों के हितों की अनदेखी नहीं होने देगा। बैठक में मौजूद पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो मैं कहूंगा वही होगा, मैं इस क्षेत्र का विधायक हूं। किसी भी व्यापारी की दुकान नहीं टूटेगी और किसी का व्यापार नहीं छीना जाएगा। किसी के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न नहीं होने दिया जाएगा।



# पीलीभीत में भारतीय संविधान के सम्मान में लोक महोत्सव एवं क्लस्टर अधिवेशन का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** कांशीराम बारातघर में बामसेफ द्वारा आयोजित 'भारतीय संविधान के सम्मान में लोक महोत्सव एवं क्लस्टर अधिवेशन' का आयोजन हुआ। जिसमें भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सौरभ भारतीय ने शामिल होकर संविधान, सामाजिक न्याय, शिक्षा, संगठन और बहुजन समाज की वैचारिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। भीम आर्मी एकता मिशन के जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने कहा कि आज आवश्यकता केवल संविधान की बात करने की नहीं, बल्कि उसके मूल्यों–समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व–को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की है। जब तक समाज शिक्षित, संगठित और जागरूक नहीं होगा, तब तक सामाजिक परिवर्तन अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय, शिक्षा, युवाओं के अधिकार और वंचित समाज की आवाज़ को निरंतर बुलंद करते रहेंगे। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब संविधान सर्वोपरि रहेगा और हर नागरिक के अधिकारों का सम्मान होगा।

**जिसमें भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सौरभ भारतीय ने शामिल होकर संविधान, सामाजिक न्याय, शिक्षा, संगठन और बहुजन समाज की वैचारिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे।**

# घरेलू विवाद के बाद घर से निकले युवक का तालाब में मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** घरेलू विवाद के बाद युवक तालाब के पास पहुंचा। अनुमान लगाया जा रहा है कि पैर फिसलने के चलकर उसकी तालाब में डूब कर मौत हो गई। रात भर की गई खोजबीन के बाद युवक का शव सुबह को तालाब से बरामद हुआ। इसको लेकर पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव कुर्रैया खुर्द कलां में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक शनिवार शाम घरेलू विवाद के बाद शराब के नशे में घर से निकल गया था। आशंका जताई जा रही है कि देर रात तालाब के किनारे पहुंचने पर उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। गांव निवासी सुनील कुमार (पुत्र ज्वाला प्रसाद) शनिवार शाम घर में किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद घर से निकल गया था। ग्रामीणों के अनुसार वह शराब के नशे में था और कुर्रैया रेलवे क्रॉसिंग से आगे सड़क किनारे स्थित तालाब की ओर जाता दिखाई दिया। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर सेहरामऊ उत्तरी थाना पुलिस भी पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से देर रात तक तालाब में उसकी तलाश कराई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह दोबारा शुरू किए गए तलाश अभियान के दौरान युवक का शव तालाब से बरामद कर लिया गया।मृतक अपने पीछे पत्नी अनीता देवी, 10 वर्षीय पुत्र रितिक और तीन वर्षीय छोटे बेटे को छोड़ गया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जाएगी। फिलहाल घरेलू विवाद, युवक के नशे की स्थिति तथा तालाब के किनारे पैर फिसलने सहित सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# विशाल भंडारा 8 अगस्त को 25वें वर्ष में होगा भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**राहुल**

**नैनी, प्रयागराज।** कावंरिया सेवा समिति हनुमान मंदिर, मेवालाल बगिया चौराहा नैनी की बैठक रविवार को मेवालाल की बगिया पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी 8 अगस्त को आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियों और कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह भंडारा वर्ष 2001 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और इस वर्ष इसका 25वां वर्ष है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी बड़ी संख्या में कावड़ियों के साथ क्षेत्रीय श्रद्धालु भी प्रसाद ग्रहण करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि भंडारे को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए अधिक से अधिक लोगों का सहयोग लिया जाएगा। समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें और सेवा कार्य में अपना योगदान दें। मुख्य रूप से मुख्य आयोजनकर्ता राजेश गुप्ता, विनोज जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, अंकीत कनोजिया, पार्षद राकेश जायसवाल, धर्मराज पटेल, कैफी सुल्ताना, आदि रहे।

# प्रयागराज को मिलेगा लखनऊ की तर्ज पर आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया एसआरएन अस्पताल का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रॉमा सेंटर, इमरजेंसी वार्ड, जनरल वार्ड सहित विभिन्न विभागों का भ्रमण किया और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उनके साथ मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने वार्डों में भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर इलाज, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की मौजूदगी तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीडिया से बातचीत करते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रयागराज की स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में लखनऊ की तर्ज पर एक आधुनिक एवं बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना की जाएगी, जिससे गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को लखनऊ या अन्य महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे प्रयागराज सहित आसपास के जनपदों के लाखों लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, बेहतर व्यवस्थाएं और मरीजों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।



**निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रॉमा सेंटर, इमरजेंसी वार्ड, जनरल वार्ड सहित विभिन्न विभागों का भ्रमण किया और मरीजों को उपलध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उनके साथ मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपमुयमंत्री ने वार्डों में भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर इलाज, दवाओं की उपलधता, चिकित्सकों की मौजूदगी तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।**

# भाजपा कार्यालय पर हर घर तिरंगा - तिरंगा यात्रा अभियान के निमित्त कार्ययोजना बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** भाजपा कार्यालय पर हर घर तिरंगा - तिरंगा यात्रा अभियान के निमित्त कार्ययोजना बैठक जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन से हुई द्ध जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर भव्य तिरंगा यात्रा दिनांक 13 अगस्त को निकाली जाएगी, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस गोष्ठी एवं मौन जुलूस निकालकर मनाया जाएगा, 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी घरों एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया जाएगा द्ध उन्होंने बताया कि इस अभियान के निमित्त जिला संयोजक जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा को बनाया गया हैद्ध इस अवसर पर जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा, अमित कुशवाहा, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा महेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, प्यारेलाल कश्यप, अंशुमन तिवारी, हर्षित चौधरी, प्रेम शंकर वर्मा, मनोज मिश्रा, अमनदीप मिश्रा, हेमराज दिवाकर, सतीश पाण्डेय प्रमुखता से उपस्थित रहे।



# भगवा का अपमान नहीं होगा बर्दाश्त !

## पीलीभीत में संत समाज, विहिप और बजरंग दल ने जोरदार प्रदर्शन कर पुतला दहन से दिया बड़ा संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पीलीभीत।** गैस चौराहा रविवार को उस समय भगवामय हो गया, जब विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और संत समाज के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्र होकर सनातन संस्कृति के सम्मान के समर्थन में प्रदर्शन करने पहुंचे। पुतला दहन, सत्बुद्धि हवन के माध्यम से उन्होंने भगवा वस्त्र के सम्मान और सनातन परंपराओं की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवा वस्त्र केवल एक परिधान नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति की अमूल्य पहचान है। उन्होंने कहा कि संत समाज के सम्मान से जुड़े किसी भी विषय पर समाज हमेशा सजग रहेगा और किसी भी प्रकार की कथित अपमानजनक टिप्पणी का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री प्रवीन मोहन ने कहा कि सनातन धर्म और संत समाज के सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। पप्पू यादव की तुरंत गिरफ्तारी और कानूनी कार्यवाही हो उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सामाजिक एकता बनाए रखते हुए संविधान और कानून के दायरे में रहकर अपनी बात रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संत समाज के प्रतिनिधियों ने भी भगवा वस्त्र की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया और कहा कि समाज को विभाजित करने वाली मानसिकता से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से सनातन संस्कृति, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। गैस चौराहा पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सनातन संस्कृति के सम्मान, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। जिला मंत्री प्रवीन मोहन, जिला संयोजक परविंदर, संगम, आशुतोष शर्मा, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख प्रीतम शर्मा, परमजीत कौर,सह संयोजक श्रीपाल वर्मा, महेश पाठक, राहुल यादव, अमित शर्मा, ऋषि कन्नौजिया, आशीष दीक्षित, चेतन गंगवार, इंद्रेश चौहन, राजनी देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नाबालिग संग सामूहिक दुष्कर्म मामला बिना आईडी कमरा देने वाला होटल मालिक

## .......मोहनलालगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई 7 तीन दिन तक होटल में बंधक बनाकर किया गया था दुष्कर्म, मुख्य 5 आरोपी पहले ही जा चुके हैं जेल ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना किसी वैध पहचान पत्र के कमरा उपलब्ध कराने और अपराध में सहयोग करने के आरोप में होटल मालिक दीपक गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते 24 जुलाई को दर्ज गुमशुदगी की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी किशोरी को बहला-फुसलाकर पीजीआई क्षेत्र स्थित होटल ले गए थे, जहां मुख्य आरोपी द्वारिका रैदास ने तीन दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया।

विवेचना व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर होटल मालिक की संलिप्तता सामने आने पर यह कार्रवाई की गई, जबकि मामले में शामिल मुख्य आरोपी द्वारिका, विनोद, दुर्गेश, खुशबू और राबिया को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों में सहयोग या नियमों की अनदेखी करने वाले होटल संचालकों के खिलाफ आगे भी सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# 48 घंटे में मोबाइल स्नैचिंग का खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार

## सीसीटीवी व तकनीकी साक्ष्यों से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग की घटना का 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड और वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सैयद बाबा मोड़ से उत्तरगांव जाने वाले नहर पटरी मार्ग पर घेराबंदी कर विशाल पुत्र सुखराम निवासी नीवा थाना बंथरा, आरजू पुत्र हौंसला प्रसाद निवासी मुजफ्फरनगर छोटी घुसवल थाना सुशांत गोल्फ सिटी तथा अनुज पुत्र संतोष निवासी नीवा थाना बंथरा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 29 जुलाई की रात भागूखेड़ा चौकी के आगे सड़क पर मोबाइल पर बात करते हुए जा रहे विवेक शुक्ला निवासी भागूखेड़ा से बाइक सवार तीन युवकों ने मोबाइल छीन लिया था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर मोहनलालगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने राह चलते युवक को मोबाइल पर बात करते देख वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक छीना गया मोबाइल विशाल के पास से जबकि उसमें लगी सिम आरजू के कब्जे से बरामद हुई। वारदात के बाद तीनों आरोपी नहर पटरी मार्ग से फरार हो गए थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी आरजू के खिलाफ पहले से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल स्नैचिंग सहित अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# प्रथम सावन सोमवार पर भवरेश्वर महादेव मंदिर की सुरक्षा कड़ी, हाई अलर्ट पर रही निगोहा पुलिस

## ........थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण, बैरिकेडिंग, रिलेटर और अतिरित पुलिस बल की तैनाती के निर्देश ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**निगोहां, लखनऊ।** सावन के प्रथम सोमवार पर भवरेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए निगोहां पुलिस हाई अलर्ट पर रही। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु यातायात और शांतिपूर्ण दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ मंदिर मार्ग, लखनऊ-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग और आसपास के संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न होने पाए। मंदिर आने-जाने वाले मार्गों पर विशेष निगरानी रखने, यातायात को सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए मंदिर मार्ग पर प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग कराई गई है। वहीं रात्रि में कांवड़ियों और अन्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे रिफ्लेक्टर भी लगाए गए हैं, ताकि अंधेरे में दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को विशेष पुलिस व्यवस्था लागू रहेगी। मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल, मुख्य मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें, वाहन निर्धारित स्थानों पर खड़े करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या समस्या की सूचना तत्काल ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों अथवा निगोहा पुलिस को दें। सावन के प्रथम सोमवार को लेकर की गई व्यापक सुरक्षा तैयारियों और थाना प्रभारी की सक्रिय निगरानी से श्रद्धालुओं में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भरोसा दिखाई दिया। प्रशासन को उम्मीद है कि पुलिस और आमजन के सहयोग से सावन का पूरा पर्व शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न होगा ।

# 'दि' वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**नैनी,प्रयागराज।**'दि' वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स एसोसिएशन की एक बैठक रविवार की दोपहर तकरीबन 12:00 बजे सीओडी रोड स्थित श्री राम वाटिका में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए नए सदस्यों को शामिल करने पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में नरेंद्र श्रीवास्तव, शिवमूरत केसरवानी, राजीव वर्मा, हजारीलाल कुशवाहा, गौरव केसरवानी, राजीव जायसवाल, श्याम कुमार वर्मा, राहुल जायसवाल, अखिलेश कुमार शुक्ला, मो.नसीम अहमद, राहुल कुशवाहा, उमाशंकर गुप्ता, दिलीप जायसवाल, रामबाबू मौजूद रहे।

# शांति हॉस्पिटल के पास मैदान में युवक का शव मिला, शराब के अत्यधिक सेवन से मौत की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के फुलवरिया स्थित ईसाई कुष्ठ रोग ज्योति नगर कॉलोनी के पास शांति हॉस्पिटल के निकट रविवार सुबह एक युवक का शव मैदान में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला अत्यधिक शराब के सेवन से मौत का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 35 वर्षीय मनोज पुत्र सरी मांझी, निवासी थाना मोहनलालगंज, लखनऊ के रूप में हुई। मृतक की पत्नी मन्नू कुमारी ने बताया कि मनोज शराब पीने का आदी था। वह बीते शुक्रवार से लगातार अत्यधिक शराब का सेवन कर रहा था और उसी दिन घर से बिना बताए निकल गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह शव मिलने की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पंचायतनामा की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव की पहचान मनोज के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे और उसी के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।

# भाकियू (अरा0) ने जे0 ई0 माधौटांडा पर मनमानी का आरोप लगाते हुए अधिशासी अभियंता को सौंपा पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** तमाम औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद मोटर कनेक्शन के लिए जमा की गई फाइल को तीन माह का समय बीत गया। इसके बावजूद भी आवेदक की कोई सुनवाई नहीं हुई। इसको लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने अधिशासी अभियंता को पत्र सौंप कर जेई माधोटांडा पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए किसान का मोटर कनेक्शन करवाने के साथ ही लापरवाह जेई पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा सहित संगठन कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को एक पत्र सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उसने विद्युत कनैक्शन मोटर हेतु आवेदन किया था जिसमें उन्होंने अपनी फाइल पूर्ण कराकर सारी औपचारिकताएं कर बिजली विभाग में जमा करा दिया था। फ़ाइल जमा किये हुये लगभग तीन माह बीत गया है, परन्तु उनके मोटर कनैक्शन की कोई सुनवाई नहीं की गई। न ही उन्होंने मोटर कनेक्शन बाबत कोई बात बताई जा रही है। शिकायतकर्ता पवन कुमार वर्मा का कहना है कि वह जब भी माधौटांडा बिजली घर में जाकर जे0 ई0 से बात करते है तो वह उनसे अभद्रता करते है और कहते है कि फाइल का खर्च देना होगा। यही नही आरोप है कि जब बिजली सप्लाई की जानकारी विभाग के सीयूजी नम्बर पर लेने का प्रयास किया जाता है तो वह मोबाइल नहीं उठाते है और न ही कोई जबाव देते है। यही नहीं ग्रामवासियों को बिजली सप्लाई सुचारू रूप से नहीं मिल रही है, जिस कारण सभी लोग काफी परेशान है। पत्र में मांग की गई कि उनके मोटर का कनैक्शन व बिजली सप्लाई सुचारू रूप से कराई जाये और उक्त भ्रष्ट और लापरवाह जे0 ई0 को हटाया जायें। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन (अरा0) पदाधिकारी एवं कर्तकर्ता धरना प्रदर्शन व आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। पत्र पर पवन कुमार वर्मा, कमलेश वर्मा, बूटा सिंह, महिपाल, राजेश कुमार, सोनू, बृजेश पाल, ऋषि पाल, अमित, रामकृपाल, अनिल कुमार आदि के हस्ताक्षर थे।

# सिर्फ 'संदेह' के आधार पर बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं कर सकती ईडी : सुप्रीम कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2000 की धारा 17(1A) के तहत केवल 'संदेह' के आधार पर बैंक खाते फ्रीज नहीं किए जा सकते। इसके लिए सक्षम प्राधिकारी के पास विश्वास के कारण (Reasons to Believe) होना अनिवार्य है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की खंडपीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट की व्याख्या से सहमति जताते हुए कहा कि भले ही धारा 17(1A) में विश्वास के कारण शब्दों का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे धारा 17( 1 ) से अलग करके नहीं पढ़ा जा सकता। जब्ती के लिए विश्वास के कारण आवश्यक है और चूंकि फ्रीज करना जब्ती का ही एक वैकल्पिक उपाय है, इसलिए उस पर भी वही मानक लागू होगा। मामला पूनम मलिक के दो बैंक खातों को फ्रीज करने से जुड़ा था। पूनम मलिक, कथित स्टर्लिंग बायोटेक बैंक धोखाधड़ी मामले के आरोपी गगन धवन से जुड़े बताए गए रंजीत मलिक की पत्नी हैं। हालांकि, न तो पूनम मलिक और न ही उनके पति का नाम FIR या ECIR में था। ईडी के फ्रीजिंग आदेश में केवल यह कहा गया था कि 'संदेह है कि बैंक खाते में मनी लॉन्ड्रिंग की रकम हो सकती है ', इसलिए खाते से डेबिट लेनदेन रोक दिया जाए। बाद में निर्णायक प्राधिकरण ने इस आदेश की पुष्टि की, लेकिन अपीलीय अधिकरण ने इसे रद्द कर दिया। इसके बाद ईडी दिल्ली हाईकोर्ट पहुंची। दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी की कार्रवाई को अवैध बताते हुए कहा था कि बिना वैधानिक आवश्यकताओं और प्रक्रिया का पालन किए जारी किया गया फ्रीजिंग आदेश कानून की कसौटी पर टिक नहीं सकता।

# शादी और धार्मिक आयोजनों में हर्ष फायरिंग के लिए नहीं है : इलाहाबाद हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दया शंकर त्रिपाठी।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि लाइसेंसी हथियार का इस्तेमाल शादी, धार्मिक आयोजनों या किसी भी प्रकार की हर्ष फायरिंग के लिए नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक शस्त्र लाइसेंसधारी का दायित्व है कि वह खरीदे गए कारतूसों और उनके उपयोग का पूरा रिकॉर्ड रखे। ऐसा नहीं करने पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। जस्टिस सौरभ श्याम शमशेरी की सिंगल बेंच ने अखिलेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।याचिकाकर्ता ने लाइसेंसिंग प्राधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी के उस आदेश को चुनौती दी, जिसके तहत उसका शस्त्र लाइसेंस रद्द कर दिया गया। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता को वर्ष 2000 में शस्त्र लाइसेंस जारी किया गया। वर्ष 2019 में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खरीदे गए और उपयोग किए गए कारतूसों का विवरण मांगा। जांच में पता चला कि उसने कुल 857 कारतूस खरीदे थे लेकिन वह केवल 57 जिंदा कारतूस और 33 खाली खोखे ही प्रस्तुत कर सका। शेष 757 कारतूसों के बारे में उसने बताया कि उनका इस्तेमाल प्रशिक्षण, शादी, छठ पूजा और दुर्गा पूजा जैसे आयोजनों में किया गया। लाइसेंसिंग प्राधिकारी ने इस स्पष्टीकरण को असंतोषजनक मानते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने कारतूसों के उपयोग का कोई रिकॉर्ड या ठोस विवरण नहीं दिया। इसके बाद शस्त्र अधिनियम की धारा 17 के तहत उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। अपीलीय प्राधिकारी ने भी इस फैसले को बरकरार रखा, जिसके बाद याचिकाकर्ता हाईकोर्ट पहुंचा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि पुराने नियमों के तहत इस्तेमाल किए गए कारतूसों का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य नहीं था और वर्ष 2018 की अधिसूचना उसके मामले पर लागू नहीं होती। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने शस्त्र प्राधिकारी को यह जांचने का पूरा अधिकार है कि खरीदे गए कारतूस कहां और किस उद्देश्य से इस्तेमाल किए गए तथा लाइसेंसधारी सभी शर्तों का पालन कर रहा है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता न तो 757 कारतूसों का कोई रिकॉर्ड प्रस्तुत कर सका और न ही उनके उपयोग का संतोषजनक विवरण दे पाया। यदि इतने बड़े पैमाने पर कारतूस शादी और धार्मिक आयोजनों में हर्ष फायरिंग के लिए इस्तेमाल किए गए, तो यह स्वयं लाइसेंसी हथियार के दुरुपयोग का प्रमाण है।हाईकोर्ट ने माना कि 757 कारतूसों का हिसाब नहीं दे पाना अपने आप में लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। इसलिए लाइसेंस निरस्त करने के आदेश में कोई कानूनी त्रुटि नहीं है और उसमें हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता।

# धनाराघाट पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद, थानाध्यक्ष ने संभाली व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर धनाराघाट स्थित शारदा नदी तट पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नवादिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से जल लेने पहुंचे कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए हजारा थानाध्यक्ष सरद यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे।**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** धनाराघाट पर कावड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दे रही है। यहां सोमवार को जल भरने आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष ने तमाम व्यवस्थाएं संभाल रखी हैं। सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर धनाराघाट स्थित शारदा नदी तट पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नवादिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से जल लेने पहुंचे कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए हजारा थानाध्यक्ष सरद यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं से केवल चिन्हित एवं सुरक्षित स्थान पर ही स्नान करने तथा जल भरने की अपील की। पुलिसकर्मी लगातार घाट पर निगरानी करते रहे और श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका। सुरक्षा की दृष्टि से घाट पर रस्सी बांधी गई और सतर्क निगरानी और आवश्यक पुलिस बल तैनात किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।